समृद्धि न्यूज़

सेंसेक्स 58,909.35 | निफ्टी 17,321.90

तापमान — अधिकतम 33 °c, न्यूनतम 18 °c

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

समाजवाद को नकारना संविधान विरोधी : शिवपाल पेज-02

पीने के पानी को प्यासी, कैसी हो गयी... पेज-03

वर्ष 10 अंक 194 लखनऊ, 3 मार्च शुक्रवार, 2023 पृष्ठ 12 मूल्य 2.00 www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com,

तीन राज्यों के चुनाव नतीजे, मेघालय एनपीपी में आगे, हिमंता बोले- मेघालय सीएम ने शाह से बात की

# त्रिपुरा-नगालैंड में भाजपा को फिर बहुमत



**त्रिपुरा में भाजपा को बहुमत**

**त्रिपुरा में 86.10 प्रतिशत मतदान, यह पिछले चुनाव से 4 प्रतिशत कम**

त्रिपुरा में विधानसभा चुनाव में 16 फरवरी को 60 सीटों पर 86.10 प्रतिशत मतदान हुआ। यह पिछले चुनाव से 4 प्रतिशत कम रहा। 2018 में त्रिपुरा में 59 सीटों पर 90 प्रतिशत मतदान हुआ था। बीजेपी 35 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी। इसके साथ ही भाजपा ने लेफ्ट के 25 साल के गढ़ को ध्वस्त कर दिया था। पिछले चुनाव में जीत के बाद पार्टी ने बिप्लब देव को सीएम बनाया था, लेकिन मई 2022 में माणिक साहा को मुख्यमंत्री बनाया गया। पार्टी ने साहा के नेतृत्व में चुनाव लड़ा था। 2023 के चुनाव में भाजपा ने सभी 60, लेफ्ट-कांग्रेस के गठबंधन ने (क्रमशः 47 और 13 सीटों) पर चुनाव लड़ा।

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्वोत्तर के 3 राज्यों के विधानसभा चुनाव में त्रिपुरा और नगालैंड के रिजल्ट आ चुके हैं। दोनों राज्यों में भाजपा को फिर से बहुमत मिला है। नगालैंड में भाजपा गठबंधन को 37 और त्रिपुरा में 33 सीटें मिली हैं। मेघालय में मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा की एनपीपी सबसे बड़ी पार्टी बन गई है। एनपीपी के खाते में अभी 25 सीटें आ रही हैं। वोटिंग के बाद एग्जिट पोल्स में त्रिपुरा-नगालैंड में भाजपा गठबंधन को बहुमत का अनुमान था। मेघालय में हंग असेबंली के आसार थे। इस बीच असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने ट्वीट करके कहा- मेघायल के मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा ने गृहमंत्री अमित शाह को फोन करके सरकार बनाने के लिए मदद मांगी है।

**मेघालय में एनपीपी सबसे ज्यादा सीटों पर आगे**

## मेघालय : 85.27 प्रतिशत वोटिंग, पिछले हुए मतदान से 10 प्रतिशत ज्यादा

मेघालय में 27 फरवरी को 60 में से 59 सीटों पर मतदान हुआ। 85.27 प्रतिशत वोटिंग हुई। सोहियोंग सीट पर यूडीपी उम्मीदवार एचडीआर लिंगदोह के निधन की वजह से चुनाव टाल दिया गया था। 2018 में 67 प्रतिशत वोटिंग हुई थी। इस बार एनपीपी ने 57, कांग्रेस और बीजेपी ने 60-60 और टीएमसी ने 56 सीटों पर कैंडिडेट उतारे हैं। मेघालय में 2018 में 59 सीटों पर चुनाव हुए थे। कांग्रेस ने सबसे ज्यादा 21 सीटें जीती थीं। बीजेपी को यहां महज 2 सीटें ही मिल सकी थीं। नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) को 19 सीटें मिली थीं। इसने पीडीएफ और एचएसपीडीपी के साथ मिलकर सरकार बनाई। इन्होंने मेघालय डेमोक्रेटिक अलायंस (एमडीए) बनाया। एनपीपी के कॉनराड संगमा मुख्यमंत्री हैं।

**नगालैंड में भी भाजपा को बहुमत**

### नगालैंड में 85.90 प्रतिशत वोटिंग

नगालैंड के 16 जिलों की 60 में से 59 विधानसभा सीटों पर 27 फरवरी को 85.90 प्रतिशत वोटिंग हुई। यह पिछले साल से 10त्न ज्यादा है। 2018 में यहां 75 प्रतिशत वोटिंग हुई थी। यहां 10 फरवरी को अकुलुतो विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के कैंडिडेट खेकाशे सुमी ने नामांकन वापस ले लिया था, जिसके बाद भाजपा कैंडिडेट कजेतो किनिमी को निर्विरोध निर्वाचित कर दिया गया। नगालैंड में अभी नेशनल डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी की सरकार है। नेफ्यू रियो सीएम हैं। एनडीपीपी 2017 में अस्तित्व में आई थी। एनडीपीपी ने तब 18 और भाजपा ने 12 सीटें जीती थीं।

**पीएम की तीन चुनावी सभाएं**

### मोदी तेरा कमल खिलेगा...

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नगालैंड और मेघालय में तीन चुनावी सभाओं में शामिल हुए। प्रधानमंत्री ने मेघालय के शिलॉन्ग में कहा कि कुछ लोग जिनको देश ने नकार दिया है, जो निराशा के गर्त में डूब चुके हैं, वो आजकल माला जपते हैं और कह रहे हैं कि मोदी तेरी कब्र खुदेगी, लेकिन देश कह रहा है, देश का कोना कोना कह रहा है, मोदी तेरा कमल खिलेगा।

**त्रिपुरा में 86.10 प्रतिशत मतदानः कांग्रेस-भाजपा ने ट्विटर पर वोटिंग की अपील की तो ईसी ने नोटिस भेजा**

त्रिपुरा में विधानसभा चुनाव के लिए16 फरवरी को वोटिंग हुई। सभी 60 सीटों पर सिंगल फेज में वोट डाले गए। 16 फरवरी को करीब 86.10त्न मतदान हुआ। चुनाव के नतीजे 2 मार्च को आएंगे। इससे पहले 2018 में त्रिपुरा में 90त्न मतदान हुआ था और सरकार भाजपा ने बनाई थी। इस बार वोटिंग का आंकड़ा 4 प्रतिशत कम है।

**नगालैंड-मेघालय में हिंदुत्व नहीं, स्थानीय मुद्दे हावी:** नगालैंड में 80 में 75 प्रत्याशी ईसाई, मेघालय में तृणमूल के 56 में से 55

नागालैंड और मेघालय दोनों ही राज्य ईसाई बहुल हैं। मेघालय की आबादी में 75त्न ईसाई हैं। जबकि, नागालैंड में करीब 88त्न आबादी ईसाई धर्म को मानती है। क्षेत्रीय पार्टियां और कांग्रेस इन राज्यों में अपने पुराने तरीकों से वोटरों को साधने में जुटी हैं। वहीं, भाजपा की रणनीति इन राज्यों के लिए देश के अन्य राज्यों से काफी अलग है।

**मेघालय बीजेपी चीफ बोले- मैं बीफ खाता हूं: कहा- इस पर कोई पाबंदी नहीं**

मेघालय में बीजेपी के प्रदेशाध्यक्ष अर्नेस्ट मावरी ने कहा है कि वे बीफ खाते हैं और इससे उनकी पार्टी को कोई दिक्कत नहीं है। हफ्तेभर पहले मावरी ने न्यूज एजेंसी को दिए इंटरव्यू में एनपीपी से गठबंधन, गो मांस बैन और सीएए जैसे मुद्दों पर बात की। इसी दौरान उन्होंने यह बयान दिया।

**5 राज्यों में उपचुनाव के रिजल्ट**

## 6 में से 3 सीटें कांग्रेस जीती

**28 साल बाद बीजेपी महाराष्ट्र की कस्बापेठ सीट हारी**

**नई दिल्ली।** पांच राज्यों में हुए उपचुनावों के नतीजे गुरुवार को घोषित कर दिए गए। महाराष्ट्र की कस्बापेठ सीट पर कांग्रेस के रवींद्र धंगेकर ने जीत हासिल की है। इस सीट पर 1995 से बीजेपी ही काबिज थी। चिंचवाड़ सीट पर भाजपा की अश्विनी जगताप ने जीत दर्ज की है। उधर, बंगाल में कांग्रेस का खाता खुल गया है। बेरॉन बिस्वास सागरदीघी सीट पर जीत गए हैं। 2021 में हुए चुनाव में यहां कांग्रेस को एक भी सीट नहीं मिल सकी थी। तमिलनाडु में भी कांग्रेस के इवीकेएस एलंगोवन जीत गए हैं। अरुणाचल प्रदेश में बीजेपी की त्सेरिंग ल्हामू निर्विरोध विधायक चुनी गई हैं। झारखंड की रामगढ़ सीट पर एजेएसयू की सुनीता चौधरी जीत गई हैं। उन्हें भाजपा का भी समर्थन था।

**महाराष्ट्र : चिंचवाड़ में बीजेपी जीती, कस्बापेठ में कांग्रेस के रवींद्र की जीत**

महाराष्ट्र में चिंचवाड़, कस्बापेठ सीटों पर 26 फरवरी को वोटिंग हुई थी। भाजपा के विधायकों मुक्ता तिलक (कस्बा पेठ) और लक्ष्मण जगताप (चिंचवाड़) के निधन के कारण इन सीटों पर चुनाव जरूरी हो गया था। कस्बापेठ में कांग्रेस के रवींद्र धंगेकर ने 10915 वोटों से जीत दर्ज की है। यहां 1995 के बाद से भाजपा ही काबिज रही है। इस बार यहां हेमंत नारायण रसाने ने बीजेपी की तरफ से चुनाव लड़ा। उन्हें कुल 62,244 वोट मिले। महाराष्ट्र की ही चिंचवाड़ सीट बीजेपी की अश्विनी जगताप ने 36070 वोटों से जीत ली है। यहां उनका मुकाबला एनसीपी के विट्ठल उर्फ नाना काटे से था। रामगढ़ सीट कांग्रेस की ममता देवी पर आपराधिक मामला दर्ज होने के कारण डिस्क्वॉलिफाई होने के बाद से खाली पड़ी थी। कांग्रेस ने ममता देवी के पति बजरंग महतो को टिकट दी है। भाजपा-एजेएसयू ने सुनीता चौधरी को कैंडिडेट बनाया था। सुनीता ने बजरंग पर 21970 वोटों से जीत दर्ज की है।

**संक्षिप्त समाचार**

### एयर एशिया की फ्लाइट से पक्षी टकराया, इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई

**नई दिल्ली।** ओडिशा से पुणे जा रही एयर एशिया की फ्लाइट के टेक ऑफ करते ही उससे एक पक्षी टकरा गया। इसके बाद भुवनेश्वर के बीजू पटनायक इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। एयरपोर्ट अथॉरिटी ने बताया कि सभी पैसेंजर्स सुरक्षित हैं।

### गया में 35 लोगों के हत्यारे को उम्रकैद

**पटना।** बिहार के गया में 35 लोगों की गला रेतकर हत्या करने के मामले में गुरुवार को जिला कोर्ट ने मुख्य अभियुक्त किरानी यादव को उम्रकैद की सजा सुनाई है। बीते दस सालों से किरानी यादव के खिलाफ केस चल रहा था। घटना के करीब 15 साल बाद किरानी यादव पकड़ा गया था। नक्सली किरानी यादव ने अपने साथियों के साथ मिलकर इस नरसंहार को अंजाम दिया था।

### खाटूश्यामजी के दर्शन कर लौट रहे 4 की मौत

जयपुर-कोटा हाईवे पर खड़े कंटेनर में वैन जा घुसी। वैन में सवार ड्राइवर सहित 4 लोगों की मौत हो गई। सभी खाटूश्याम दरबार से दर्शन कर लौट रहे थे। हादसा गुरुवार सुबह करीब साढ़े चार बजे टोंक जिले के घाड़ इलाके में हुआ। बताया जाता है कि वैन ड्राइवर को झपकी आ गई थी। उधर से गुजर रहे लोगों ने काफी मशक्कत के बाद फंसे लोगों को बाहर निकाला। मृतकों में पति-पत्नी शामिल हैं।

### सिक्किम के युक्सोम में आया 4.1 तीव्रता का भूकंप

सिक्किम के युक्सोम में गुरुवार दोपहर भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4.1 दर्ज की गई। फिलहाल इस भूकंप से किसी भी नुकसान की खबर नहीं मिली है।

### कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर, दो की मौत

**कानपुर।** कानपुर के सजेती में तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार टक्कर को मार दी। हादसे में बाइक सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं साथी गंभीर रूप से घायल हो गया।

सपा के वॉकआउट पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का तंज: कहा-

# अच्छा होता वो चर्चा में भाग लेते, पर वो भाग खड़े हुए

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़



**2017 के पहले संगठित अपराध के साथ पैरलल सरकार चलती थी। बहन बेटियों को सुरक्षा का खतरा था। आज 6 वर्ष में यूपी की पहचान बदली। नौजवान आज गर्व से कहता है कि वह उत्तर प्रदेश का है। — योगी आदित्यनाथ, सीएम**

यूपी विधानसभा सत्र के 10वें दिन सीएम योगी ने बजट पर विधान परिषद में संबोधन दिया। ष्टरू योगी ने कहा, 2017 के पहले संगठित अपराध के साथ पैरलल सरकार चलती थी। बहन बेटियों को सुरक्षा का खतरा था। आज 6 वर्ष में यूपी की पहचान बदली। नौजवान आज गर्व से कहता है कि वह उत्तर प्रदेश का है। आज बेहतर लॉ एंड ऑर्डर है। बेहतर कनेक्टिविटी है। हमने सेक्टोरियल पॉलिसी बनाई। एंटी भू-माफिया टास्क फोर्स का गठन किया गया। आज हमारे पास भारी भरकम लैंड बैंक मौजूद है। विधान परिषद से समाजवादी पार्टी के सदस्यों ने दिनभर के लिए वॉकआउट कर दिया।

सीएम योगी ने कहा, ये लोग प्रदेश के बच्चों के हक को हड़प जाते थे। तब आपको जाति नहीं याद आती थी क्या? तुलसीदास ने मध्यकाल में ही कहा था कि मेरा एक ही राजा है, राजा राम। उत्तर प्रदेश में जिन्होंने राम को कोसा था और कहते थे कि अयोध्या में परिंदा भी पर नहीं मार सकता। उन्हें जनता ने कहां पहुंचा दिया... देख सकते हैं। अच्छा होता वो चर्चा में भाग लेते, लेकिन वो भाग खड़े हुए।

सीएम योगी ने कहा, इन्वेस्टमेंट के लिए पहली बार टीम यूपी देश के बाहर गई। देश के अलग अलग महानगरों में रोड शो किया गया। प्रदेश के सभी 75 जनपदों में निवेश समिट का आयोजन हुआ। इसी के साथ प्रदेश में जी-20 का भी आयोजन हुआ। प्रदेश में ग्लोबल इन्वेस्टर समिट का आयोजन हुआ। पहले इन्वेस्टर समिट दिल्ली, मुंबई में होते थे। 33 लाख के निवेश प्रस्ताव उत्तर प्रदेश के हर क्षेत्र के लिए आए। सीएम योगी ने कहा, ये बजट समग्र विकास के लिए आत्मनिर्भर बनाने वाला है। वन ट्रिलियन इकॉनमी के लिए हम आगे बढ़ रहे हैं। हमने जो कहा, कर के दिखा दिया। इस बजट में हमने लोक कल्याण संकल्प पत्र के वादों को शामिल किया है।

चुनाव आयुक्त को पीएम, नेता विपक्ष, सीजेआई का पैनल चुनेगा, सुप्रीम कोर्ट बोला-

# ये नियुक्तियां सीबीआई डायरेक्टर की तरह हो

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति पर सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को ऐतिहासिक फैसला सुनाया। कोर्ट ने आदेश दिया कि पीएम, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और सीजेआई का पैनल इनकी नियुक्ति करेगा। पहले सिर्फ केंद्र सरकार इनका चयन करती थी।

5 सदस्यीय बेंच ने कहा कि ये कमेटी नामों की सिफारिश राष्ट्रपति को करेगी। इसके बाद राष्ट्रपति मुहर लगाएंगे। उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में साफ कहा कि यह प्रोसेस तब तक लागू रहेगी, जब तक संसद चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति को लेकर कोई कानून नहीं बना लेती। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि यह



चयन प्रक्रिया सीबीआई डायरेक्टर की तर्ज पर होनी चाहिए। जस्टिस के एम जोसेफ ने कहा कि लोकतंत्र को बनाए रखने के लिए चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता बनाए रखी जानी चाहिए।

नहीं तो इसके अच्छे परिणाम नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि वोट की ताकत सुप्रीम है, इससे मजबूत से मजबूत पार्टियां भी सत्ता हार सकती हैं। इसलिए इलेक्शन कमीशन का स्वतंत्र होना जरूरी है। यह भी जरुरी है कि यह अपनी ड्यूटी संविधान के प्रावधानों के मुताबिक और कोर्ट के आदेशों के आधार पर निष्पक्ष रूप से कानून के दायरे में रहकर निभाए। मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्त की नियुक्ति को लेकर फिलहाल देश में कोई कानून नहीं है।

नियुक्ति की पूरी प्रक्रिया केंद्र सरकार के हाथ में है। अब तक अपनाई जाने वाली प्रक्रिया के मुताबिक सचिव स्तर के मौजूदा या रिटायर हो चुके अधिकारियों की एक सूची तैयार की जाती है। कई बार इस सूची में 40 नाम तक होते हैं। इस सूची के आधार पर तीनों नामों को एक पैनल तैयार किया जाता है।

बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा-सिर्फ धर्म अलग होना लव जिहाद नहीं : फरियादी का आरोप-

# एक्स गर्लफ्रेंड ने खतना करवा दिया इस्लाम अपनाने का दबाव डाला



**मुंबई (एजेंसी)।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा कि एक रिश्ते को सिर्फ इसलिए धार्मिक एंगल नहीं दे सकते कि लड़का और लड़की अलग धर्म के हैं। दरअसल, एक शख्स (एक्स बॉयफ्रेंड) ने महिला और उसके माता-पिता पर इस्लाम कबूल करने का दबाव डालने और खतना कराने का आरोप लगाया था। हाईकोर्ट ने यह टिप्पणी महिला और उसके माता-पिता को अग्रिम जमानत देते हुए की। मामले की सुनवाई 26 फरवरी को जस्टिस विभा कंकनवाड़ी और जस्टिस अभय वाघवासे की बेंच ने की। हालांकि खबर अब सामने आई है। शख्स ने दिसंबर 2022 में एक्स गर्लफ्रेंड और उसके परिवार वालों के खिलाफ लव जिहाद का केस दर्ज कराया था। उसने बताया कि साल 2018 से वह मुस्लिम महिला के साथ रिश्ते में था। वह अनुसूचित जाति (स्ष्ट) से था, लेकिन महिला को इस बारे में नहीं बताया। कुछ दिनों बाद महिला ने शख्स पर इस्लाम कबूल कर उससे शादी करने का दबाव बनाना शुरू कर दिया।

हाथरस कांड के चारों आरोपी रेप केस में बरी

# कोर्ट ने एक को गैरइरादतन हत्या का दोषी माना, उम्रकैद की सजा सुनाई

**हाथरस (समृद्धि न्यूज़)।** हाथरस गैंगरेप कांड में गुरुवार को ढाई साल बाद स्ष्ट-स्ञ्ज कोर्ट ने फैसला सुनाया। कोर्ट ने 4 आरोपियों में से सिर्फ एक संदीप सिसौदिया को दोषी माना है। जबकि 3 आरोपियों लवकुश, रामू उर्फ रामकुमार और रवि उर्फ रविंद्र सिंह को बरी कर दिया। अदालत ने संदीप को गैर इरादतन हत्या (धारा-304) और स्ष्ट/स्ञ्ज एक्ट में दोषी माना है। संदीप को कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। 4 आरोपियों में से किसी पर भी गैंगरेप का आरोप सिद्ध नहीं हुआ है। वहीं, पीड़ित पक्ष के वकील ने कहा है, वह कोर्ट के फैसले



के खिलाफ हाईकोर्ट जाएंगे। इससे पहले, गुरुवार सुबह चारों आरोपियों को पेशी पर कोर्ट लाया गया था। फैसले को देखते हुए कोर्ट में भारी सुरक्षा बल तैनात किया गया था।

मामला हाथरस के चंदपा क्षेत्र के एक गांव का है। 14 सितंबर 2020 को दलित युवती के साथ गैंगरेप का मामला सामने आया था। आरोप गांव के ही चार युवकों पर लगा था। पीड़िता की बेरहमी से जीभ काट दी गई थी। युवती के भाई ने गांव के ही संदीप के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। बाद में युवती के बयान के आधार पर 26 सितंबर को तीन अन्य लवकुश सिंह, रामू और रवि सिंह को भी आरोपी बनाया गया। चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था।

युवती को गंभीर हालत में बागला जिला संयुक्त चिकित्सालय लाया गया। इसके बाद उसे अलीगढ़ के जेएन मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। उसे 28 सितंबर को दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल लाया गया।

लखनऊ में कांग्रेसियों की पुलिस से झड़प

# महंगाई के विरोध में सड़क पर उतरी

**लखनऊ (समृद्धि न्यूज़)।** लखनऊ में यूपी कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने कार्यकर्ताओं के साथ विधानसभा के पास प्रदर्शन किया। गुरुवार को पुलिस-प्रशासन ने उनको रोका। इस दौरान कार्यकर्ताओं की उनसे झड़प हुई। उन्होंने कहा,÷ केंद्र सरकार लगातार घरेलू रसोई के रेट बढ़ा रही है। एक बार फिर से 50 रुपए की वृद्धि की गई। इससे आम जनता को गहरी चोट लगी है। हम इसका विरोध कर रहे हैं, तो हमें रोका जा रहा है। इसके बाद हम सभी कार्यकर्ताओं के साथ धरने पर बैठ गए हैं। बृजलाल खाबरी ने कहा,÷जब से देश व प्रदेश में बीजेपी की सरकार



सत्ता में आई है। महंगाई बढ़ती जा रही है। आए दिन खाद्य वस्तुओं आटा, दाल, सरसों के तेल इत्यादि के दाम आसमान छू रहे हैं। लेकिन सरकार को देश की आम जनता की कोई परवाह नहीं है। वह अपने पूंजीपति मित्रों को लाभ पहुंचाने की दिशा में कार्य कर रही है, जो कि देश की भोली भाली जनता पर सीधा कुठाराघात है।

**इटली की पीएम बोलीं- मोदी इज मोस्ट लवेबल** | **तारीफ सुनकर हंस पड़े प्रधानमंत्री**

# रायसीना डायलॉग से पहले दोनों नेताओं के बीच हुई बातचीत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रायसीना डायलॉग का 8वां संस्करण आज से दिल्ली में शुरू होगा। इसकी चीफ गेस्ट इटली की प्रधानमंत्री जियॉर्जिया मेलोनी हैं। गुरुवार को दिल्ली पहुंचने के बाद उन्होंने नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इसके बाद जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मेलोनी ने कहा- प्रधानमंत्री मोदी दुनिया के सबसे चहेते नेता हैं। ये साबित हो चुका है कि वो कितने बड़े लीडर हैं। इसके लिए उन्हें बधाई। ये बातें सुनकर दूसरे डायस पर खड़े मोदी हंसते नजर आए। यहां मोदी ने भारत और इटली के बीच स्टार्ट-अप ब्रिज का ऐलान किया। मोदी ने कहा- हमारे डिप्लोमेटिक रिलेशंस 75 साल से हैं,



लेकिन अब तक डिफेंस रिलेशंस नहीं थे। आज इसकी भी शुरुआत कर रहे हैं। इसके अलावा दोनों देश रिन्यूएबल एनर्जी, हाइड्रोजन, ढ्ढञ्ज, टेलिकॉम, सेमीकंडक्टर्स और स्पेस से जुड़े मुद्दों पर मिलकर काम करेंगे। मेलोनी ने कहा- भारत के साथ हमारे रिश्ते बेहद मजबूत हैं। हम स्ट्रैटजिक पार्टनरशिप बनाए रखने के लिए काम करते रहेंगे। मोदी जानते हैं कि वो दोनों देशों के संबंधों को बढ़ाने के लिए हम पर भरोसा कर सकते हैं। हम उम्मीद करते हैं कि भारत, रूस-यूक्रेन जंग खत्म करने में अहम रोल निभा सकता है। दुनिया को साथ रखना जरूरी है। इस पर मोदी ने कहा- यूक्रेन जंग की शुरुआत से ही भारत ने साफ किया है कि इस विवाद को बातचीत और डिप्लोमेसी से ही सुलझाया जा सकता है। भारत किसी भी शांति प्रक्रिया में योगदान देने के लिए तैयार है। हम इंडो-पैसिफिक में इटली की सक्रिय भागीदारी का भी स्वागत करते हैं। बहुत खुशी की बात है कि इटली ने इंडो-पैसिफिक ओशन इनिशिएटिव में शामिल होने का फैसला किया है। रायसीना डायलॉग की चीफ गेस्ट हैं मेलोनी मेलोनी रायसीना डायलॉग की चीफ गेस्ट हैं। ये बैठक 3 दिन (2-4 मार्च) चलेगी।

**इस साल 100 से ज्यादा देश होंगे शामिल**

विदेश मंत्रालय के मुताबिक, रायसीना डायलॉग 2023 में 100 से ज्यादा देशों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। इनमें मंत्री, पूर्व राष्ट्राध्यक्ष और सरकार के प्रमुख, सैन्य कमांडर, इंडस्ट्रीज लीडर्स, टेक्नोलॉजी लीडर्स, सामरिक मामलों के विशेषज्ञ, शिक्षाविद, पत्रकार, रणनीतिक मामलों के जानकार शामिल हैं। इसे विदेश मंत्रालय ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित करता है। पिछले आठ सालों में रायसीना डायलॉग का प्रभाव अलग-अलग क्षेत्रों पर लगातार बढ़ रहा है। साथ ही इस समारोह की पहचान मेजर ग्लोबल कॉन्फ्रेंस के रूप में हुई है। पिछले साल रायसीना डायलॉग-2022 में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा था कि अगले 25 सालों में भारत ग्लोबलाइजेशन का सेंटर होगा। पिछले साल रायसीना डायलॉग-2022 में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा था कि अगले 25 सालों में भारत ग्लोबलाइजेशन का सेंटर होगा।

# पूर्वोत्तर की जीत पर भाजपा कार्यालय में जमकर आतिशबाजी, मना जश्न

- पूर्वोत्तर की जीत पूरे देश में दोहरायेंगे: भूपेंद्र चौधरी
- 2024 में यूपी की सारी सीटें जीतेगी बीजेपी

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**



पूर्वोत्तर के राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की जीत से उत्साहित भाजपाइयों के खेमे में जश्न का माहौल है। बीजेपी के सूबाई दफ्तर में आज जश्न मनाया गया। बीजेपी कार्यकर्ताओं ने जमकर आतिशबाजी की ,मिठाइयां बांट कर एक दूसरे को बधाई दी। मोदी और योगी के समर्थन में जमकर नारेबाजी हुई। ढोल नगाड़े बजे,कार्यकर्ता नाच रहे थे।पूर्वोत्तर राज्यों की जीत के मौके पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मुख्यालय पर जमकर आतिशबाजी हुई।इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी भी मौजूद रहे। सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़े की धुन पर नृत्य भी किया। कई अन्य राज्यों से भी कार्यकर्ता और पदाधिकारी लखनऊ पहुंचे थे। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने इस मौके पर कह दिया है कि पूर्वोत्तर की जीत को पूरे देश में दोहराएंगे और 2024 के लोक सभा चुनाव में यूपी की सारी सीटें जीतेंगे। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने गुरुवार को कहा कि पूर्वोत्तर के राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की जीत ने यह एक बार फिर से बता दिया है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में एक बार फिर से उत्तर प्रदेश में भाजपा की ही सरकार बनेगी।कांग्रेस जब केंद्र में सरकार चलाती थी तो उसने पूर्वोत्तर के राज्यों को एटीएम मान रखा था, वहां विकास की लहर नहीं पहुंची थी। मगर अब भाजपा सरकार है तो पूर्वोत्तर राज्यों में विकास हो रहा है, इसीलिए दो राज्यों में हमारी सरकार बन रही है। मेघालय में हमने बेहतर प्रदर्शन किया है। हम यही प्रदर्शन उत्तर प्रदेश में भी दोहराएंगे। भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि लोकसभा प्रवास कार्यक्रम उत्तर प्रदेश में अब शुरू होने जा रहा है। बड़े नेताओं के कार्यक्रम उन सीटों पर होंगे जहां हम को हार मिली थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और अन्य नेताओं के सार्वजनिक कार्यक्रम होंगे। संगठनात्मक बैठक भी होंगी, हम उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीटों पर जीत हासिल करने का प्रयास करेंगे।

## 19 साल बाद एक्शन, विधायक की पिटाई करने वाले सीओ समेत पांच पुलिसकर्मी दोषी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा की विशेषाधिकार समिति ने भाजपा विधायक सलील विश्नोई को पीटने वाले कानपुर के तत्कालीन सीओ अब सेवानिवृत्त अब्दुल समद समेत पांच अन्य पुलिसकर्मियों को विशेषाधिकार हनन का दोषी करार दिया है। सभी पुलिसकर्मियों के खिलाफ विशेषाधिकार हनन से संबंधित प्रस्ताव आज सदन में पारित हो गया।विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने पुलिस महानिदेशक को दोषी पुलिस कर्मियों को शुक्रवार को विधानसभा में पेश करने के निर्देश दिए हैं। सदन में सुनवाई के बाद पुलिस कर्मियों को दंड सुनाया जाएगा। करीब 19 साल बाद पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई होने जा रही है। शून्य प्रहर में संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने 2004 में हुई घटना के जिम्मेदार पुलिसकर्मियों द्वारा किए गए विशेषाधिकार हनन से संबंधित प्रस्ताव रखा।

## समाजवाद को नकारना संविधान विरोधी: शिवपाल

- नहीं रोकना चाहिए था रिवर फ्रंट का काम

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** विधानसभा में शिवपाल यादव ने कहा, कोई कहे कि समाजवाद की जरूरत नहीं है तो यह संविधान विरोधी बात होगी। अटल बिहारी वाजपेयी ने भाजपा को लिखित तौर पर समाजवाद अपनाने की सलाह दी थी।शिवपाल यादव ने यह बात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उस कथन के जवाब में कही जिसमें उन्होंने बुधवार को सपा को घेरते हुए समाजवाद को बहुरूपिया ब्रांड बताया था। सपा नेता शिवपाल ने उसी बात को नकारते हुए कहा कि समाजवाद तो संविधान में दर्ज है।शिवपाल ने सिंचाई विभाग के बजट पर चर्चा करते हुए कहा कि उनकी सरकार में गोमती रिवर फ्रंट का काम 75 प्रतिशत हो गया था। एक नाले का काम रह गया था। योजना को कैबिनेट ने मंजूर किया था। 25 अधिकारियों की टीम ने पूरी योजना बनाई थी। उसमें कई तो आज भी सरकार में महत्वपूर्ण पदों पर हैं। किसी अधिकारी ने अपने स्वार्थवश इस योजना के बारे में झूठी शिकायत कर दी और आप लोगों ने उसे रोक दिया, उसे पूरी हो जाने देते। शिवपाल ने कहा कि उन्होंने सिंचाई मंत्री रहते कई सिंचाई परियोजनाओं को पूरा कराया। कुछ योजनाओं को इस सरकार ने काम रोक दिया। वाराणसी में वरुणा का काम रोक दिया। हमारी सरकार के कार्यकाल में एक भी बांध नहीं टूटा। इस सरकार में चार बांध टूट गए। उन्होंने जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव से मुखातिब होते हुए कहा कि आप अपने विभाग के गेस्टहाउस जाकर देखिए। बदहाल पड़े हैं। हमने मंत्री रहते पानी टेल तक नहीं खेतों तक पहुंचाया था।

## खबरें एक नजर में

### कृषि बीमा सब्सिडी के लिए 2.27 अरब की वित्तीय स्वीकृति मिली

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 हेतु नेशनल क्रॉप इन्श्योरेंस प्रोग्राम (प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना) एग्रीकल्चर इन्श्योरेन्स कम्पनी ऑफ इण्डिया लिमिटेड द्वारा राज्यांश की मांग के सापेक्ष सब्सिडी मद में प्राविधानित धनराशि रूपये 65300 लाख के सापेक्ष अवशेष धनराशि दो अरब सत्ताइस करोड अठतिस लाख चौहत्तर हजार मात्र की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गयी है। इसके साथ ही वित्तीय वर्ष कृषि अनुसंधान तथा शिक्षा पर पूंजीगत परिव्यय के अंतर्गत कृषि विश्वविद्यालय, बांदा में कृषि अभियांत्रिकी एवं तकनीकी महाविद्यालय के निर्माण के लिए प्राविधानित धनराशि दो करोड़ रुपए स्वीकृति प्रदान की गयी है।

### अमिताभ ठाकुर ने की सरकारी सुरक्षा की मांग

**लखनऊ।** अमिताभ ठाकुर ने उत्तर प्रदेश सरकार से अविलम्ब सरकारी सुरक्षा की मांग की है। एसीएस होम सहित अन्य अफसरों को भेजे अपने प्रार्थनापत्र में उन्होंने कहा कि वे और उनकी पत्नी अधिवक्ता डॉ नूतन ठाकुर लगातार अपने स्तर से जनहित के कार्य करते रहे हैं, जिसके कारण शासन और प्रशासन में बैठे तमाम राजनीतिक और प्रशासनिक पदाधिकारी लगातार उनके प्रति नाराज रहे हैं. इन्हीं स्थितियों में उन्हें सेवानिवृत्ति और जेल का दंड झेलना पड़ा है। सेवा के दौरान उन्हें एक सुरक्षाकर्मी प्रदान थे किंतु रिटायरमेंट के समय वह वापस ले लिया गया. इसी प्रकार उनकी पत्नी डॉ नूतन ठाकुर को 2015 से दी गयी सुरक्षा भी पिछले दिनों अचानक वापस ले ली गयी। उन्होंने कहा कि उनके सामाजिक और राजनैतिक कार्यों से प्रदेश के उच्चपदस्थ राजनीतिक और प्रशासनिक लोग उनके प्रति नाराजगी का भाव रखे हैं, जिस कारण उनकी सुरक्षा निरंतर खतरे में है. अतः उन्होंने सम्यक आकलन कराते हुए अविलम्ब आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था की मांग की है।

### लखनऊ विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट ड्राइव में छह विद्यार्थियों का हुआ आयोजन

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (राजीविका), जयपुर द्वारा आयोजित किए गए प्लेसमेंट ड्राइव में राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (राजीविका) ने समाज कार्य परास्नातक तृतीय सेमेस्टर (एमएसडब्लू) के छः विद्यार्थियों का चयन यंग प्रोफेशनल के पद पर सालाना रूपए तीन लाख साठ हजार से अधिक वेतन पर किया गया। समाज कार्य विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अनूप कुमार भारतीय ने इस पर खुशी जताते हुए सभी चयनित छात्र-छात्राओं को बधाई दी। चयन विद्यार्थियों मे वसुंधरा त्रिपाठी,अजका फातिमा,दीपक कुमार गुप्ता,श्रिया किशोर कश्यप,अविनाश यादव व सुधांशी सिंह के नाम हैं।

### समाज कल्याण विभाग के संविदा प्रवक्ताओं के अनापत्ति प्रमाण पत्र के लिए आयोग को भेजा गया पत्र

**लखनऊ।** समाज कल्याण एवं जनजाति विकास विभाग द्वारा संचालित राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों में संविदा पर कार्यरत प्रवक्ताओं को नियमित किए जाने के लिए राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने लोक सेवा आयोग के चेयरमैन को पत्र भेजा है। संयुक्त परिषद की संयुक्त सचिव अरुणा शुक्ला के मुताबिक समाज कल्याण एवं जनजाति विकास विभाग में लगभग 500 प्रवक्ता संविदा पर कार्यरत है। यह प्रवक्ता सृजित पदों के सापेक्ष पद की निर्धारित योग्यता रखते हैं तथा इनका चयन विभागीय चयन समिति के माध्यम से किया गया है। प्रवक्ताओं को समय-समय पर देय वेतन आयोग एवं महंगाई भत्ते का लाभ मिल रहा है। इन प्रवक्ताओं को नियमित करने में कोई दिक्कत न हो इसके लिए संयुक्त परिषद के अध्यक्ष ने लोक सेवा आयोग के चेयरमैन को पत्र लिखकर वस्तु स्थिति से अवगत कराया है।अपर मुख्य सचिव कार्मिक एवं मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई बैठकों में समाज कल्याण विभाग एवं जनजाति विकास विभाग में कार्यरत संविदा शिक्षकों जिसमे प्रवक्ता एवं एल टी दोनों संवर्गो के शिक्षक शामिल है, के विनियमितीकरण पर पहले ही चर्चा हो चुकी है। आयोग से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त होने के बाद प्रवक्ताओं के लिए भी नियमितीकरण का रास्ता साफहो जाएगा।

### मोहनलालगंज में प्रसूता की मौत के बाद हंगामा, पुलिस में की शिकायत

**लखनऊ।** मोहनलालगंज में पौरूष हास्पिटल की महिला डॉक्टर की मनमानी व लापरवाही ने प्रसूता की जान ले ली। महिला के पति ने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाकर मोहनलालगंज कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। मोहनलालगंज के मऊ गांव के अवनींद्र अपनी पत्नी सोनी (22) को प्रसव पीडा होने पर बुधवार को पौरुष हॉस्पिटल ले गए। पुलिस को दी तहरीर मे अवनींद्र ने आरोप लगाया है कि पौरुष हास्पिटल की संचालिका डॉक्टर सुधा सिंह ने भय दिखाकर पत्नी का आपरेशन करने का दबाव डालने लगी। जिसके बाद रुपये जमा करा लिए और बिना किसी जांच के आपरेशन कर बच्चे को निकाल लिया। इस बीच पत्नी की लगातार हालत बिगड़ रही थी। काफी मिन्नतों के बावजूद डॉक्टर नही पशीझी और पत्नी से मिलने तक नही दिया। आरोप है कि बुधवार की रात डॉक्टर ने महिला की मौत के बाद उसके शव को निजी वाहन से मेडिकल कालेज भेज दिया। जहां डॉक्टरो ने उसे मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत के बाद परिजन शव को पौरुष हास्पिटल ले आए और हंगामा करने लगे। अस्पताल मे हंगामे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को शांत कराया। महिला के पति ने डॉक्टर के विरुद्ध तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की है। इंस्पेक्टर कुलदीप दूबे के मुताबिक महिला के पति ने शिकायत की है। मामले से संबंधित कागजातों को पुलिस ने अपने कब्जे मे लिया है। पूरे मामले की रिपोर्ट सीएमओ लखनऊ को भेजी जाएगी।

### उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने पत्रकार अजय जायसवाल की माता के निधन पर व्यक्त किया शोक

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने पत्रकार अजय कुमार जायसवाल की पूज्य माता शिव कुमारी जायसवाल के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की है।

## अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल द्वारा व्यापारी सम्मेलन का हुआ आयोजन

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

**अखिल भारतीय** उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने लखनऊ के राजाजीपुरम क्षेत्र में आयोजित एक व्यापारी सम्मेलन में कहा कि व्यापारी समाज की एकजुटता ही उसकी सबसे बड़ी शक्ति है। जो संगठन एकजुट होकर अपने विषयों को आगे रखेगा। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल देश का प्रमुख व्यापारी संगठन है जो उद्योग व्यापार के सभी मुद्दों को प्रमुखता के साथ उठाता है। लखनऊ इकाई के समस्त नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए उनसे सभी वार्डों में संगठन की इकाइयां स्थापित करने को कहा है। साथ ही आज की सबसे बड़ी चुनौती ऑनलाइन कंपनियों से मुकाबला करने की है जिसके लिए व्यापारी वर्ग को भी जागरूक और आधुनिक बनना पड़ेगा। इससे पूर्व संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल ने माल्यार्पण करके ज्ञान चंद गुप्ता का स्वागत किया। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल लखनऊ महानगर के अध्यक्ष शिव अग्रवाल, वरिष्ठ महामंत्री सुरेश छाबलानी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पंजाब प्रभारी सोमचंद गोयल सहित समस्त अतिथियों का स्वागत करते हुए जल्दी ही लखनऊ इकाई का भव्य शपथ ग्रहण कराए जाने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश के वरिष्ठ पदाधिकारी राष्ट्रीय मंत्री रिपन कंसल, नगर अध्यक्ष शिव अग्रवाल, नगर वरिष्ठ महामंत्री सुरेश छाबलानी, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष आकाश गौतम, सहित सैकड़ों व्यापारियों ने उनका स्वागत किया।

## नगर निगम लखनऊ ने कराया 25 नवयुगल दंपतियों का विवाह

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**



**उ.प्र. सरकार** की मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना' के अंतर्गत नगर निगम लखनऊ द्वारा समाज कल्याण विभाग के सहयोग एवं नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह के प्रयासो से सभी जाति व धर्म के 25 जोड़ो का विवाह पूर्ण विधि-विधान से सम्पन्न कराया गया। योजना के अंतर्गत नगर निगम लखनऊ के विकास नगर सेक्टर-1 स्थित पंडित दीन दयाल उपाध्याय कल्याण मण्डप में विवाह कार्यक्रम आयोजित किया गया। योजना में निर्धारित निर्देशो का अनुपालन करते हुए प्राप्त आवेदनों की जाँच कर विवाह योग्य 25 पात्र जोड़ो को चयनित किया गया था। योजना में अनुसूचित जाति के 23, पिछड़ी जाति के 1, सामान्य के 1 जोड़े का विवाह कराया गया। यह जोड़े विवाह हेतु अपने परिवारीजनो के साथ कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में निवर्तमान महापौर श्रीमती संयुक्ता भाटिया के करकमलो द्वारा नवविवाहित जोड़ो को बिछिया-पायल की भेंट सहित प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए आशीर्वाद दिया गया तथा उनके सुखमय व उज्जवल भविष्य की कामना की गयी। इसके अतिरिक्त निवर्तमान पार्षद श्रीमती मिथिलेश चौहान व अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित हुए। आयोजन में योजना के नोडल अधिकारी मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अशोक सिंह उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त सम्बन्धित राजस्व निरीक्षक व लिपिक सहयोग हेतु उपस्थित रहे। वैवाहिक कार्यक्रम में योजना के निर्देशो के अनुरूप विवाहितों को उपहार तथा समस्त अतिथियों को भोजन कराकर कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया।



अहिमामऊ अंडर पास चौराहे का औचक निरीक्षण करती मंडलायुक्त रौशन जैकब समृद्धि न्यूज

## जश्न के रूप में मनेगा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

- आठ मार्च तक पूरे प्रदेश में आयोजित होंगे विविध कार्यक्रम

**लखनऊ।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस (8 मार्च) इस साल पूरे प्रदेश में एक जश्न के रूप में मनाया जाएगा। इसके तहत आठ मार्च तक जिलों में विविध कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। इन कार्यक्रमों की रूपरेखा इस साल की थीम- ÷डिजिटऑलदूलैंगिक समानता हेतु नवाचार और प्रौद्योगिकी÷ को ध्यान में रखते हुए तय की गयी है। इसका उद्देश्य सभी महिलाओं और बालिकाओं के सशक्तिकरण व लैंगिक समानता के लिए डिजिटल युग में नवाचार, तकनीकी परिवर्तन और शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जागरूकता लाना है। इससे उनमें अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता भी आएगी। महिला कल्याण विभाग की निदेशक सरनीत कौर ब्रोका ने इस सम्बन्ध में प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को पत्र भी भेजा है। पत्र के मुताबिक डिजिटल प्रौद्योगिकी प्रगति-2030 के लिए लक्षित सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के अपार अवसर भी प्रदान करती है। इसी को ध्यान में रखते हुए इस बार अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में एक से आठ मार्च तक की गतिविधियाँ तय की गयीं। इसके तहत एक और दो मार्च को जिलों में ÷हममें है दम÷ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के तहत उन महिलाओं को जिन्होंने समाज की रुढियों और पूर्वाग्रहों से संघर्ष कर खुद से शुरू किये गए नवाचारों, तकनीक का प्रयोग या डिजिटल शिक्षा के माध्यम से खुद या समाज में दूसरी महिलाओं की प्रेरणास्रोत बनीं उनके बारे में समाज को अवगत कराया गया। इसके लिए सोशल मीडिया कैम्पेन भी चलाया गया।

## शबे बरात और होली में अमन व शान्ति बनायें रखें: मौलाना खालिद रशीद

**लखनऊ।** शबे बरात और होली के सिलसिले में इस्लामिक सेन्टर आफ इण्डिया ईदगाह लखनऊ में उलमा पुलिस कमिश्नरेट, प्रशासन और विभिन्न विभागों व संगठनों की एक मीटिंग हुई जिसमें इस्लामिक सेन्टर आफ इण्डिया के चेयरमैन मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली इमाम ईदगाह लखनऊ ने खिताब करते हुए कहा कि शबे बरात और होली एक ही दिन इस साल 07 मार्च को है। यह दोनों अवसर मुसलमानों और हिन्दुओं के एिल एहतिराम के होते हैं। मसलमान शबे बरात का विशेष एहतिमाम करते हैं। वह अपने मरहूम रिश्तेदारों की मगफिरत की दुआ के लिए और ईसाले सवाब के लिए इस पवित्र रात में कब्रिस्तान जाते हैं। होली का त्यौहार हिन्दू भाईयों के लिए बहुत खुशी व मसर्रत का होता हैं पिछले साल ऐसा हो चुका है कि शबे बरात और होली का त्यौहार पड़ा था। और दोनों समुदाय ने समझदारी का सुबूत पेश करते हुए अमन और शान्ति के साथ दोनों त्यौहार मनायें तो उसी तरह इस साल भी एक दूसरे के मजहबी जज्बात का ख्याल व लिहाज करते हुए त्यौहार मनायें। हम सब एक मिले जुले सामाज में रहते हैं। हम गंगा जमनी सभ्यता के पैरवी करने वाले हैं। हम सब भाई चारे, राष्ट्रीय एकता और धार्मिक रवादारी पर अमल करते हैं। हमको चाहिए कि इस बार भी समझदारी से काम लेते हुए अपने अमल से यह साबित करें कि हम सब अमन पसन्द और कानून का एहतिराम करने वाले हैं। मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने शबे बरात और होली के सिलसिले में अवाम से अपील की है कि: 07 मार्च को शबे बरात और होली को देखते हुए अवाम से अपील है कि देश की गंगा जमनी सभ्यता और रिवायत का ख्याल करते हुए एक दूसरे के धार्मिक जज्बात का ख्याल रखें।

## सहारा हॉस्पिटल का एमिटी कैम्पस में सामूहिक रक्तदान शिविर आयोजित

- राज्य रक्त संचरण परिषद की पहल की एक कड़ी रहा आयोजन

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**



**सहारा** सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, लखनऊ द्वारा बुधवार को एमिटी यूनिवर्सिटी के प्रांगण में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया । इस रक्तदान शिविर का शुभारम्भ प्रातः 10 बजे किया गया। तत्पश्चात एक सम्मान समारोह में सहारा हॉस्पिटल के मैनेजमेंट को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस रक्तदान शिविर में एमिटी यूनिवर्सिटी के फैकल्टी, स्टाफ के साथ- साथ काफी संख्या में वहां के विद्यार्थियों ने रक्तदान किया। यह रक्तदान शिविर, सहारा इंडिया परिवार के सीनियर एडवाइजर अनिल विक्रम सिंहजी के कुशल दिशा निर्देशन में आयोजित किया गया। श्रीसिंह ने जानकारी दी कि सहारा हॉस्पिटल के प्रांगण में अक्सर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता रहा है किन्तु अब हम अपने कैंपस के बाहर भी रक्तदान शिविर को आयोजित कर रहे हैं। एमिटी यूनिवर्सिटी में यह आयोजन उसी की तरफ बढ़ा एक कदम है। हमारे अभिभावक सहाराश्रीजी ने हमेशा सामाजिक सरोकार को महत्व दिया है। संस्थान का मानना है कि रक्तदान करना अपने आप में काफी पवित्र काम है और इसीलिए सहारा हॉस्पिटल हर नेक काम में कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। आज के रक्तदान शिविर को सहारा हॉस्पिटल के चिकित्सक द्वय डॉ. अंजू शुक्ला एवं डॉ. अरविन्द सिंह की देखरेख में संचालित किया गया । रक्तदान शिविर के लिए, एमिटी यूनिवर्सिटी के कैंपस में सहारा हॉस्पिटल की तरफ से रक्तदान के लिए पूरा सेट-अप तैयार किया गया था, जिसमे डॉक्टर के साथ तकनीशियन और सपोर्टिंग स्टाफ ने भरपूर साथ दिया। यह रक्तदान शिविर, ÷राज्य रक्त संचरण परिषद÷, उत्तर प्रदेश की पहल की भी एक कड़ी है।

इस कार्यक्रम में एमिटी यूनिवर्सिटी के डिप्टी प्रो वॉइस चांसलर विंग कमांडर डा. अनिल कुमार ने सहारा हॉस्पिटल के इस प्रयास की काफी सराहना की और आगे भी इस तरह के कार्यक्रम में सहारा हॉस्पिटल की सहभागिता की इच्छा व्यक्त की। एमिटी यूनिवर्सिटी के डीन एकेडेमिक्स प्रो. डा. राजेश तिवारी ने सहारा हॉस्पिटल का धन्यवाद किया और खुद रक्तदान कर इस शिविर की शुरुआत की। एमिटी इंस्टिट्यूट ऑफ़ फार्मेसी की डायरेक्टर प्रो. डॉ. अनुराधा मिश्रा और प्रोग्राम फैकल्टी कोऑर्डिनेटर लूसी महापात्रा ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बढ़-चढ़ कर अपनी हिस्सेदारी दी।

# निदेशक नगरीय निकाय नेहा शर्मा ने ऑटो रैली को दिखाई हरी झंडी

## कूड़ा अलग करने में महिलाओं की भूमिका अहमः नेहा शर्मा

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

**उत्तर** प्रदेश के नगरों के व्यवस्थापन को वैश्विक मापदंड के अनुरूप बनाये जाने के लिए नगरों को गुड-टू-ग्रेट बनाये जाने का प्रयास निरन्तर चल रहा है। स्वच्छ भारत मिशन नगरीय के अंतर्गत राजधानी में स्वच्छता के उद्देश्य से सार्वजनिक स्थलों पर थूकने एवं गंदगी फैलाने से रोकथाम के लिए एक ऑटो रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का शुभारम्भ निदेशक, स्थानीय निकाय श्रीमती नेहा शर्मा ने लगभग 100 ऑटो को हरी झण्डी दिखाकर किया। निदेशक महोदया ने इस अवसर पर कहा कि 'थूकना मना है' अभियान अभी आगरा एवं लखनऊ में प्रयोग के तौर पर शुरू किया गया था। अब यह अभियान प्रदेश के सभी निकायों में चलेगा। उन्होंने जनता से भी अपील की कि शहरों को स्वच्छ बनाने के इस अभियान में अपना सहयोग करें। स्वच्छ भारत मिशन नगरीय एवं नगर निगम लखनऊ द्वारा जी-20 के अंतर्गत किए गए सौन्दर्यीकरण की निरन्तरता बनाये रखने के लिए एवं गंदगी को रोकने के लिए ''थूकना मना अभियान'' 23 फरवरी से 01 मार्च तक चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत 01 मार्च को सार्वजनिक स्थलों पर थूकने एवं गंदगी फैलाने से रोकथाम के लिए ऑटो एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं चालको के साथ अभिमुखीकरण एवं परिचर्चा कार्यक्रम तथा जनजागरुकता हेतु ऑटो रैली का आयोजन चारबाग स्थित रविन्द्रालय से निदेशक, स्थानीय निकाय श्रीमती नेहा शर्मा द्वारा हरी झंडी दिखा कर किया गया। अभियान के अन्तर्गत ऑटो चालकों के माध्यम से यात्रियों को जागृत करने के लिए अपील की गयी। साथ ही इस बात से भी अवगत कराया गया कि नगर निगम व अन्य विभागों द्वारा इन्वेस्टर समिट के दौरान लखनऊ महानगर को खूब सजाया था। शहर की सुन्दरता व स्वच्छता को बरकरार रखने के लिए चलाए जा रहे 'पीकू न बनो' 'थूकना मना है' अभियान को आगे बढ़ाते हुए 100 ऑटो पर अभियान की ब्रांडिंग भी की गई है। अभियान में स्वच्छ भारत मिशन नगरीय की दिशा-निर्देशों के अनुरूप साफ-सफाई, लिटर फ्री जोन बनाना, रेड एवं येलो स्पॉट बनाया जाना, ओपर यूरिनेशन की रोकथाम जीरो टॉलरेंस के आधार पर किया जाना है। अभियान को सफल बनाये जाने के लिए उत्तर प्रदेश ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, संचालन एवं स्वच्छता नियमावली, 2021 के विहित प्राविधानों के अनुरूप थूकना, पेशाब करना, मल त्यागने, कूड़ा कचना एकत्रित किए जाने पर जुर्माना की कार्यवाही सांकेतिक रूप से की गयी है। खुले में गंदगी करने पर मिस्टर पीकू का खिताब देकर हतोत्साहित किया गया है। अभियान के अंतर्गत नगर निगम लखनऊ द्वारा सांकेतिक रूप से अब तक 330 चालान कर 1,29,170 का जुर्माना किया गया है।

## 'पीने के पानी को प्यासी, कैसी हो गयी ये काशी'

### सपा प्रमुख अखिलेश यादव का वीडियो ट्वीट



लखनऊ। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने गुरुवार को वीडियो ट्वीट कर गंगा की सफाई को लेकर सवाल पूछा। उन्होंने कैप्शन लिखा, श्पीने के पानी को प्यासी, कैसी हो गयी ये काशीश। वीडियो वाराणसी के तुलसी घाट के आसपास का है। इसमें घाट किनारे गंगा का काला पानी और गंदगी दिख रहा है। उनके इस ट्वीट पर मिलीजुली प्रतिक्रिया देखने को मिली।किसी यूजर्स ने गंगा में गंदगी पर दुख जताया तो किसी यूजर्स ने सपा प्रमुख को अपने शासन काल की याद दिलाई। अखिलेश यादव इससे पहले भी कई मौके पर गंगा की सफाई को लेकर सवाल पूछे हैं। पिछले वाराणसी दौरे में भी उन्होंने बातचीत में मीडिया से कहा था कि नमामि गंगा से पूछो, गंगा साफ हो गई क्या? गंगा सफाई को लेकर के कितना पैसा पानी की तरह बह गया।




गोमती पुल के पास देर रात डाले की चेचिस टूटने से बिखरा सामान

## खबरें एक नजर में

### मुख्यमंत्री के एक वर्ष की उपलब्धियों पर तीन दिवसीय प्रर्दशनी का हुआ उद्घाटन

लखनऊ। विधायक बीकेटी योगेश शुक्ला व विधान परिषद सदस्य रामचन्द्र प्रधान द्वारा केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण योजनायें, उपलब्धियों, जनमानस के उत्थान हेतु लिए गये महत्वपूर्ण निर्णयों से सम्बन्धित तथा सबका साथ-सबका विकास-विश्वास एवं सबका प्रयास विषयक सूचना निदेशालय द्वारा जनपद स्तरीय तीन दिवसीय प्रदर्शनी का उद्घाटन आज जीपीओ पार्क हजरतगंज में किया गया। विधायक ने उद्घाटन अवसर पर सम्बोधित करते हुए कहा कि यह एक अच्छा प्रयास है। इसका व्यापक प्रचार-प्रसार होना चाहिए। इस प्रदर्शनी द्वारा प्रदेश के धार्मिक स्थलों, योजनाओं, निर्णयों को बहुत ही अच्छी तरह से प्रर्दशित किया गया है। उन्होनें कहा की आज कल विधान सभा का सत्र चल रहा है। इसे सत्ता पक्ष के साथ ही विपक्ष के विधायकों को भी प्रदर्शनी का अवलोकन करने हेतु आमंत्रित करना चाहिए ताकि इस प्रदर्शनी के माध्यम से प्रदेश में हो रहे विकास की जानकारी हो सके। उन्होंने कहा कि इस प्रदर्शनी के माध्यम से प्रदेश की विकास की झांकी को देखा जा सकता है।

### प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में 2378 करोड़ 32 लाख स्वीकृत

लखनऊ। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अन्तर्गत भारत सरकार से प्रशासनिक मद रहित प्राप्त केन्द्रांश की प्रथम किश्त के द्वितीय अंश रिलीज ऑफसेकेण्ड ट्रेन्च ऑफफर्स्ट इन्स्टॉलमेण्ट इक्सक्लूडिंगएडमिनिस्ट्रेटिव फण्डस की धनराशि 154947.74100 लाख रूपये के सापेक्ष 2022-23 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या-13 में प्राविधानित केन्द्रांश की अवशेष धनराशि 142699.30875 लाख रूपये एवं उसके सापेक्ष मैचिंग राज्यांश की अवशेष धनराशि 95132.86917 लाख रूपये कुल धनराशि रूपये 237832.17792 लाख की वित्तीय स्वीकृति उत्तर प्रदेश शासन द्वारा प्रदान की गयी है।इस संबंध में आवश्यक शासनादेश उत्तर प्रदेश शासन ग्राम्य विकास विभाग द्वारा जारी कर दिया गया है। जारी शासनादेश यह निर्देश दिए गए कि स्वीकृत धनराशि का व्यय अनुमोदित परियोजना योजना के दिशा निर्देशों गाइडलाइंस एवं संगत नियमों के अनुसार किया जाए। उप मुख्यमंत्री ने कहा है कि ग्राम्य विकास आयुक्त द्वारा संबंधित जनपदों की मांग आवश्यकता का परीक्षण करते हुए धनराशि आवंटित की जाएगी। उप मुख्यमंत्री ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि योजना के अंतर्गत स्वीकृत की गई धनराशि स्टेट नोडल बैंक अकाउंट से पी एफएम एस के माध्यम से सीधे लाभार्थियों के खाते में शीघ्रातिशीघ्र अंतरित की जाय।

### उद्यानमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने अर्पित की गेगासो घाट पर शहीद सिपाही राघवेन्द्र सिंह को श्रद्धांजलि

लखनऊ। प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने आज रायबरेली पहुंचकर कोरिहरा लालगंज निवासी सिपाही राघवेन्द्र सिंह के पार्थिव शरीर को पुष्पाजंली अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि सिपाही राघवेन्द्र सिंह का जाना रायबरेली वासियों के लिए एक अपूर्ण क्षति है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार शहीद राघवेन्द्र सिंह के परिवारजनों को हरसंभव सहयोग कर रही है। उन्होंने कहा कि जनपद रायबरेली में शहीद राघवेन्द्र के नाम पर द्वार बनाया जायेगा। उद्यान मंत्री गेगासो घाट पहुंचकर उनके अंतिम संस्कार में सम्मिलित हुए एवं पुण्यात्मा को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित कर आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

## सड़कों पर गंदगी फैलाने पर 22 लोगों से वसूला जुर्माना

**लखनऊ।** शहर में आयोजित जी20 के अंतर्गत सौन्दर्यीकरण की निरन्तरता को भविष्य हेतु भी बनाए रखने के लिए दिनांक 23 फरवरी से 01 मार्च तक 'थूकना मना है' अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में थूकने, गंदगी करने, लिटरिंग, खुले में मूत्र विसर्जन के प्रति जीरो टॉलरेंस सुनिश्चित किया जा रहा है तथा नगर के सौंदर्य को खराब करने वालों से जुर्माना वसूलने व चालान की कार्यवाही की जा रही है। आज के अभियान में कुल 22 चालान के तहत रु. 4150 का जुर्माना लगाकर धनराशि वसूल की गई। अभियान में उत्तर प्रदेश दोस अपशिष्ट (प्रबंधन संचालन एवं स्वच्छता) नियमावली 2021 के अन्तर्गत सार्वजनिक स्थानोंध्रेड एवं येलो स्पॉट पर पर थूकने, पेशाब करने, मल त्यागने समेत अन्य गंदगी करने पर जुर्माने का भी प्रावधान है।

# स्मार्ट प्रीपेड मीटर की उच्च दरों का टेंडर नहीं हुआ कैंसिल

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

**उत्तर** प्रदेश में जहां 25000 स्मार्ट प्रीपेड मीटर का टेंडर प्रदेश के उपभोक्ताओं के लिए संकट का कारण बना हुआ है। पूरे प्रदेश में स्मार्ट प्रीपेड मीटर की भारी कमी है। केंद्र सरकार ऊर्जा मंत्रालय बिल्कुल भी यह नहीं चाहता कि मध्यांचल के बाद अब पूर्वांचल पश्चिमांचल व दक्षिणांचल के स्मार्ट प्रीपेड मीटर के टेंडर जिन की दरें लगभग 9000 से 10000 को कैंसिल किए जाए। दूसरी तरफ उपभोक्ता परिषद एक बडा खुलासा करते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश में जो निजी घराने रुपया 6000 ऐस्टीमेटेड कॉस्ट के मीटर को 65 प्रतिशत तक अधिक दरों पर लेने की जुगत में लगे हैं। जबकि सबसे पहले भारत सरकार ऊर्जा मंत्रालय ने कहा कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर की सिंगल फेस व थ्री फेस की कास्ट 6000 रूपये प्रति मीटर बेंच मार्क हैं। अब जब देश के बडे निजी घरानों में अदानी जीएमआर सहित इन टेलीस्मार्ट वह अन्य निजी घरानों के टेंडर ऊंची दरों पर आ गए तो सभी यह दबाव बनाने लगे कि ऐस्टीमेटेड कॉस्ट लगभग डेढ वर्ष पहले निकाली गई थी। अब उसमें कुछ इजाफा हुआ होगा इसलिए टेंडर को लाइफ साइकिल के अनुसार डिसाइड करना चाहिए। जबकि केरला सरकार ने एक एक्सपर्ट कमेटी से कास्ट निकलवाई तो स्मार्ट प्रीपेड मीटर की ऐस्टीमेटेड कॉर्स्ट 6486 रुपये आई है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा इसी बीच केरला सरकार ने अपने राज्य में स्मार्ट प्रीपेड मीटर के उच्च दर के बवाल को लेकर एक एक्सपर्ट कमेटी बनाई। फरवरी

**केरला स्मार्ट प्रीपेड मीटर की ऐस्टीमेटेड कॉस्ट आई 6486 रुपये**

2023 के दूसरे सप्ताह में केरला स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड ने स्मार्ट प्रीपेड मीटर की दर को लेकर एक बडा आदेश जारी किया। केरला स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड ने सभी पहलुओं का अध्ययन करने के बाद यह पाया कि उनके यहां जो 37लाख स्मार्ट प्रीपेड मीटर का पहला कलस्टर का टेंडर निकाला जाएगा वह न्यू टेक्नोलॉजी पर आधारित होगा। उसकी स्टीमेट कॉस्ट किसी भी हालत में 6486 रुपया से ऊपर नहीं होगी। जैसे ही यह आदेश पूरे देश में प्रचारित हुआ सभी के हाथ पांव फूल गए। क्योंकि केरला इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड ने यह आदेश स्मार्ट प्रीपेड मीटर की नई तकनीकी जो 5 जी भी हो सकती है कि खरीद का 6486 ऐस्टीमेशन रुपया किया। अब इसी आधार पर वहां टेंडर निकाला जाएगा। इसका मतलब देश के सभी बडे निजी घराने जो पूरे देश में स्मार्ट प्रीपेड मीटर के टेंडर को रुपया 8000 से 10000रुपया के बीच लेने के फिराक में है उनके होश उड गए। उपभोक्ता परिषद ने केरला इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड की ऐस्टीमेटेड कॉस्ट की पूरी रिपोर्ट पावर कारपरेशन प्रबंधन को उपलब्ध कराते हुए इसके आधार पर उत्तर प्रदेश में भी निर्णय लिया जाने की मांग की है। इधर चौंकने वाला मामला और सामने आया है जिसमें मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के अदानी ग्रुप के टेंडर को कैंसिल किए जाने के बाद जब दोबारा टेंडर निकाला गया तो कोई भी पार्टी टेंडर में नहीं आई अब उसकी तिथि आज तक नहीं बढाई गई। अंततः अब वह टेंडर स्वतः समाप्त हो गया है अब आगे जब तक नया टेंडर पुराना निकाला जाएगा कोई भी टेंडर भरी ही नहीं पाएगा। वही उत्तर प्रदेश में एनर्जी एफिशिएंसी प्राइवेट लिमिटेड जो पूर्व में 50 लाख स्मार्ट मीटर का टेंडर ली थी वह भी मीटर लगाना बंद कर दी है और भागने के लिए तैयार बैठी है। जिसका खामियाजा प्रदेश की जनता भुगत रही है बडी संख्या में उत्तर प्रदेश में स्मार्ट मीटर की कमी हो गई है और वही पुरानी तकनीकी के उपभोक्ताओं के घरों में लगे 12 लाख स्मार्ट मीटर को अभी तक एनर्जी एफिशिएंसी लिमिटेड ने उसे 4 जी में कन्वर्ट नहीं किया ऐसे में उसे तत्काल ब्लैक लिस्ट करने की कार्यवाही की जानी चाहिए।

# बिजली दरों में बढ़ोत्तरी का प्रस्ताव वापस ले सरकारः आइपीएफ

**लखनऊ।** नियामक आयोग द्वारा बिजली दरों में 23 फीसद तक बढ़ोतरी के प्रस्ताव को मंजूर करने पर आल इंडिया पीपुल्स फ्रंट (आइपीएफ) ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि कमरतोड़ मंहगाई से जूझ रही जनता पर बिजली दरों में बढ़ोत्तरी कर अतिरिक्त बोझ डालना कतई उचित नहीं है। प्रेस को जारी बयान में आल इंडिया पीपुल्स फ्रंट (आइपीएफ) के राष्ट्रीय अध्यक्ष, एस आर दारापुरी ने उत्तर प्रदेश सरकार से मांग की है कि बिजली दरों में बढ़ोतरी संबंधी प्रस्ताव को तत्काल खारिज किया जाए। उन्होंने कहा कि बिजली महकमे में बढ़ रहे घाटे की पूर्ति के लिए बढ़ोत्तरी के औचित्य को जायज ठहराया जाना पूरी तरह से अनुचित है। दरअसल घाटे की प्रमुख वजह निजी कारपोरेट बिजली कंपनियों से मंहगी बिजली खरीद के समझौते और पीक आवर में खुले बाजार में अत्यधिक मंहगी दरों से बिजली खरीद है। उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश व केंद्र की पब्लिक सेक्टर की बिजली ईकाईयों से काफी कम उत्पादन लागत पर बिजली उत्पादन होता है। बावजूद इसके पब्लिक सेक्टर की बजाय निजी क्षेत्र पर निर्भरता बढ़ाई गई है और विद्युत अधिनियम 2003 पारित होने के बाद से ही कारपोरेट बिजली कंपनियों को वरीयता देने व अकूत मुनाफाखोरी व लूट की खुली छूट देना आम नीति बन गई है। अगर पब्लिक सेक्टर की ईकाइयों में पूरी क्षमता से उत्पादन किया जाए और कारपोरेट बिजली कंपनियों की मुनाफाखोरी व लूट पर रोक लगाई जाए तो आज भी प्रदेश की जनता को सस्ते दामों पर बिजली मुहैया कराना संभव है, यहां तक कि किसानों समेत गरीबी रेखा के नीचे की जनता को मुफ्त बिजली मुहैया कराई जा सकती है। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित विद्युत विधेयक 2022 के पारित होने के बाद तो बिजली दरों में अप्रत्याशित बढ़ोत्तरी तय है। इसीलिए इसका चौतरफा विरोध हो रहा है।

# संजय अध्यक्ष और नमोनारायण महामंत्री चुने गए

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

**सिंचाई** संघ उत्तर प्रदेश का द्विवार्षिक अधिवेशन डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ प्रेक्षागृह में अवधेश सिंह प्रान्तीय अध्यक्ष की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। अधिवेशन में मुख्य अतिथि राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष हरिकिशोर तिवारी और विशिष्ट अतिथि परिषद के महामंत्री शिवबरन सिंह यादव मौजूद रहे। निर्वाचन अधिकारी डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ के प्रदेश अध्यक्ष इं. एन.डी. द्विवेदी और परिषद की जिला मंत्री अमिता त्रिपाठी की उपस्थिति में चुनाव सम्पन्न हुए। सभी पदों पर एकल नामांकन पत्र प्राप्त होने पर निर्वाचन अधिकारी ने सभी पदो पर निर्विरोध निर्वाचन की जानकारी सदन को दी। नई कार्यकारिणी में प्रदेश अध्यक्ष पद पर संजय यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष

**कर्मचारी समाज को आन्दोलन को मजबूर किया जा रहाः हरिकिशोर तिवारी**

विजय सिंह, रामजी दातरे, शिवकांत पाण्डेय, महामंत्री पद पर नमोनारायण राय और सम्प्रेक्षक पद पर पृथ्वी सिंह के निर्वाचन की घोषण करते हुए चुनाव अधिकारी ने निर्वाचित पदाधिकारियों को पद एव गोपनीयता की शपथ दिलाई। अधिवेशन के उद्घाटन के उपरान्त मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित करते हुए हरिकिशोर तिवारी ने कहा कि लम्बे अरसे से सरकार और सरकारी सेवकों के बीच लगभग संवाद खत्म सा हो गया है। कर्मचारियों की जायज लम्बित समस्याओं का समाधान नही हो पा रहा है। शासनादेश के बावजूद विभागीय स्तर पर, शासन स्तर पर वार्ता नही हो पा रही है। ऐसा महौल बनता जा रहा है कि सरकारी सेवकों एवं शिक्षकों को जानबूझकर आन्दोलन पर मजबूर किया जा रहा है। पुरानी पेंशन कई राज्यों की सरकार दे चुकी है, लेकिन प्रदेश की सरकार तमाम आन्दोलनों के बावजूद टस से मस नही हो रही है। बैठकों में सहमति बनने के बावजूद आदेश जारी नही हो पा रहे है। ऐसे में कर्मचारी समाज को एक बैनर तले आना ही पड़ेगा। पूर्व महामंत्री विनोद कुमार पाण्डेय ने सदन में संघ की पॉच सूत्रीय मांगों का हवाला देते हुए कहा कि सिंचाई संघ में सींच पर्यवेक्षक, सींचपाल और नलकूप चालक संवर्ग की सेवा नियमावली में योग्यता बढ़ाकर प्रख्यापित करना, अंशकालिक वेतनभोगा की सेवा जोंड़कर पेंशनरी लाभ दिया जाना और वेतन विसंगति दूर किया जाना मुख्य मांग है।

## पशुधन मंत्री ने की होलिका दहन पर गाय के गोबर से बने उपलों के उपयोग की अपील

**लखनऊ।** पशुधन एवं दुग्ध विकास, राजनैतिक पेंशन, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज तथा नागरिक सुरक्षा विभाग के कैबिनेट मंत्री ने प्रदेश के सांसदों एवं विधायकगणों से अपील की है कि आगामी 07 मार्च को होलिका दहन के दृष्टिगत जनप्रतिनिधि अपने विधानसभा क्षेत्रों में लोगों को इस बार होलिका दहन में गाय के गोबर से बने उपलों,कंडों के उपयोग हेतु प्रेरित करें, खुद भी ऐसे कार्यक्रमों में सम्मिलित हों। उन्होंने कहा कि गाय के गोबर से बने उपलों कंडों को स्थानीय स्थाई और अस्थाई गौ आश्रय स्थलों गोशालाओं से भी प्राप्त किया जा सकता है। पशुधन मंत्री ने कहा कि होलिका दहन में बड़ी मात्रा में लकड़ियों का उपयोग भी किया जाता है। जिसके लिये हरे पेड़ों की भी कटाई की जाती है। जो पर्यावरण के अनुकूल नही है।

# महंगाई के विरोध में सड़क पर उतरी कांग्रेस

**कांग्रेसियों की पुलिस से झड़प**

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

**लखनऊ** में यूपी कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने कार्यकर्ताओं के साथ विधानसभा के पास प्रदर्शन किया। गुरुवार को पुलिस-प्रशासन ने उनको रोका। इस दौरान कार्यकर्ताओं की उनसे झड़प हुई। उन्होंने कहा, केंद्र सरकार लगातार घरेलू रसोई के रेट बढ़ा रही है। एक बार फिर से 50 रुपए की वृद्धि की गई। इससे आम जनता को गहरी चोट लगी है। हम इसका विरोध कर रहे हैं, तो हमें रोका जा रहा है। इसके बाद हम सभी कार्यकर्ताओं के साथ धरने पर बैठ। बृजलाल खाबरी ने कहा, जब से देश व प्रदेश में ठश्रच् की सरकार सत्ता में आई है। महंगाई बढ़ती जा रही है। आए दिन खाद्य वस्तुओं आटा, दाल, सरसों के तेल इत्यादि के दाम आसमान छू रहे हैं। लेकिन सरकार को देश की आम जनता की कोई परवाह नहीं है। वह अपने पूंजीपति मित्रों को लाभ पहुंचाने की दिशा में कार्य कर रही है, जो कि देश की भोली भाली जनता पर सीधा कुठाराघात है। खाबरी ने कहा, कांग्रेस पार्टी जनहितों के मुद्दों को प्रमुखता से उठाते हुए सदन से लेकर सड़क तक संघर्षरत रही है। कांग्रेस घरेलू गैस के दामों में हुई




अप्रत्याशित वृद्धि का सख्त विरोध करती है। यदि सरकार जल्द से जल्द बढ़े हुए दामों को वापस नहीं लेती है तो कांग्रेस पार्टी अपने प्रदर्शन का और भी अधिक उग्र स्वरूप प्रदान करेगी। खाबरी ने कहा, भाजपा सरकार देश के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को अडानी समूह को बेच रही है। एसबीआई और एलआईसी जैसे सार्वजनिक क्षेत्र के संस्थानों को निवेश करने के लिए जबरिया मजबूर कर रही है। इससे देश के गरीब और मध्यम वर्ग की जनता की गाढ़ी कमाई की करोड़ों रूपए की बचत खतरे में पड़ी हैं। आम जनता की गाढ़ी कमाई पर कांग्रेस पार्टी किसी भी कीमत पर डाका नहीं डालने देगी। इसके खिलाफ सड़कों पर उतरकर संघर्ष करेगी।

## घरेलू गैस के दामों में बढ़ोतरी होली का सरकारी तोहफाः रालोद

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पार्टी के वरिष्ठ नेता वसीम हैदर ने भाजपा सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि घरेलू गैस के दामों में बेतहाशा वृद्धि करके प्रदेश की महिलाओं को होली पर्व पर तोहफा देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि बिजली और घरेलू गैस सिलेंडर का दाम बढ़ाकर भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने आम जनता की कमर तोड़ने का काम किया है। श्री हैदर ने कहा कि सरसों तेल, दाले तथा अन्य खाद्य पदार्थ के दाम पहले से ही आसमान छू रहे हैं और डीजल पेट्रोल के दामों में लगातार वृद्धि होती जा रही है ऐसे में सरकार द्वारा गैस सिलेंडर के दाम में बढ़ोत्तरी के त्योहार की मिठास को कम करने का काम किया गया है। उन्होंने कहा कि घरेलू के अलावा कमर्शियल सिलेंडर में भी वृद्धि करने से होटल और रेस्टोरेंट में भोजन करना महंगा पड़ सकता है।

# चौक में होली बारात, चकल्लस से पूर्व नगर आयुक्त का निरीक्षण

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह द्वारा आगामी होली के त्यौहार में चौक में निकलने वाले होली के बारात व जुलूस तथा चकल्लस के दृष्टिगत रखते हुए वार्ड चौक बाजार कालीजी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्य अभियंता महेश वर्मा, संजय कटियार, जोनल अधिकारी यमुनाधर चौहान व निवर्तमान नामित पार्षद अन्नू मिश्रा व अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। निरीक्षण में क्षेत्र की साफ-सफाई व मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ किए जाने हेतु निम्नलिखित निर्देश दिये गयेः-नगर आयुक्त ने निरीक्षण में समुचित मार्ग प्रकाश हेतु चौकचौराहे पर हाईमास्ट तथा चौक चौराहे से कोनेश्वर मंदिर चौराहे तक मार्ग प्रकाश बिन्दु स्थापित किए जाने हेतु मुख्य अभियंता मार्ग प्रकाशसंजय कटियार को निर्देशित किया गया। चौक चौराहे व आसपास के क्षेत्र में साफ-सफाई व्यवस्था के संबंध में जोनल सेनेटरी आफिसर सत्येन्द्र कटियार को कड़े निर्देश दिये गये कि क्षेत्र में किसी प्रकार की गंदगी व कूड़ा एकत्रित न रहे। क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान गंदगी दिखने पर तत्काल सफाई कराने के निर्देश दिये गये। निरीक्षण में क्षेत्र में पाये जाने वाले एकत्रित मलबे, कूड़े को हटाये जाने हेतु नगर अभियंता पी.के. सिंह को निर्देश दिये गये। चौक चौराहे के निकट स्थित आरोही मार्केट की साफ-सफाई कराये जाने के निर्देश जोनल सेनेटरी आफिसर तथा मार्केट के निकट स्थित पार्क में ओपर जिम स्थापित किए जाने व पार्क का सौन्दर्यीकरण कराये जाने के निर्देश मुख्य अभियंता सिविलमहेश वर्मा को दिये गये। निरीक्षण के दौरान चौक चौराहे के निकट स्थित फ्लाईओवर (फूलमण्डी) के पास कंचन मार्केट के पास अत्यधिक कूड़ा व गंदगी पाये जाने पर तत्काल सफाई कराये जाने तथा डस्टबिन रखवाये जाने हेतु निर्देश दिये गये। गोल दरवाजा चौक थाने के पास शौचालय के निकट गली में एकत्रित मलबा तत्काल हटाये जाने के लिए अधिशासी अभियंता जोन-6 पीके सिंह को सख्त निर्देश दिये गये। चौक सर्राफा मार्केट स्थित हिरन पार्क के आसपास की नालियों में एकत्रित जल निकासी सकिंग मशीन द्वारा कराये जाने के निर्देश महाप्रबंधक जलकल को दिये गये। चौक क्षेत्र स्थित नालियों में एकत्रित सिल्ट व मलबा निकवाये जाने तथा तलीझाड़ सफाई के लिए जोनल सेनेटरी आफिसर को मौके पर निर्देश दिये गये। बड़ी काली जी मंदिर के पास शौचालय का नवीनीकरण कराये जाने के निर्देश मुख्य अभियंता सिविल को दिये गये।

# होली के त्यौहार को मिलजुल कर सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनायें : डीएम

गोंडा, समृद्धि न्यूज।



जिलाधिकारी डॉ. उज्ज्वल कुमार की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभागार कक्ष में होली का त्यौहार सकुशल एवं शांतिपूर्ण तथा सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराये जाने हेतु पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गयी।

जिलाधिकारी ने कहा कि शबेरात और होली का पर्व एक साथ होने पर सभी धर्मगुरूओं से अपेक्षा की जाती है कि सभी धर्मसमुदाय के लोग आपसी भाईचारे व सौहार्दपूर्ण वातावरण को बनायें रखें।

सोशल मीडिया पर भी कड़ी नजर रखी जाय। कोई भी आपत्ति जनक पोस्ट करने पर उसके खिलाफ तुरन्त कानूनी कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने एसडीएम व खाद्य सुरक्षा अधिकारी को भी निर्देशित किया कि दुकानों पर मिष्ठान आदि की गुणवत्ता एवं एक्सपायरी डेट का निरीक्षण कर लें। उन्होंने अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित किया कि शहर में साफ-सफाई व शुद्ध पेयजल की व्यवस्था कर लें, ताकि त्यौहार में किसी प्रकार का व्यवधान न आने पाये। इसी प्रकार अधिशाषी अधिकारी विद्युत को भी निर्देशित किया कि जनपद में विद्युत की सप्लाई सुचारू रूप मिलनी चाहिये।

जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया है कि होली के त्यौहार को मद्दे नजर रखते हुए जनपद में सभी सामुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर इमरजेन्सी व्यवस्था के साथ-साथ एम्बुलेन्स टीम भी सक्रिय रहे। उन्होंने कहा कि होली के त्यौहार को हम मिलजुल कर सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनायें। इसमें सर्वसमाज की सहभागिता होनी जरूरी है। सभी स्वस्थ्य मन एवं भाईचारे के साथ त्यौहार का आनन्द उठायें। कोई भी कार्य परम्परा से हट कर न किया जाये। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर आपस में न उलझे उसकी सूचना तत्काल जिला प्रशासन/पुलिस प्रशासन को दें, ताकि मौके पर पहुंचकर समस्या का निदान किया जा सके। उन्होंने कहा कि किसी समाज का त्यौहार हम सब के लिये एक है, चाहे वह जिस धर्म का हो। प्रशासन/पुलिस प्रशासन सबके साथ है आप सब का सहयोग अपेक्षित है।

बैठक में मौजूद सभी धर्मों के लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि शबेरात और होली का पर्व एक साथ पड़ने की वजह से धार्मिक सद्भाव बनाये रखना जरूरी है। उन्होंने कहा कि कोई समस्या हो, तो आप सब पुलिस प्रशासन को अवगत करायें। उन्होंने सभी थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्रों में लॉइन एण्ड आर्डर को बनाये रखा जाय, जिससे कोई अप्रिय घटना न हो सके। पुलिस अधीक्षक ने समस्त क्षेत्राधिकारी/प्रभारी निरीक्षक थाना को निर्देशित किया है कि होली के त्यौहार पर अवैध शराब पीने के कारण कोई घटना होने की शिकायत संज्ञान में न आये। ऐसे प्रकरणों में पुलिस शख्ती से पेश आये। आगामी त्यौहारों में सुरक्षा को मद्दे नजर रखते हुए किसी प्रकार कोताही न बरती जाये। उन्होंने कहा कि होली के पर्व पर ऐसा कोई कार्य न किया जाये, जिससे किसी की स्वतंत्रता को आघात न पहुंचे। पुलिस बल त्यौहार पर सक्रिय रहे।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर, अपर जिलाधिकारी सुरेश कुमार सोनी, अपर पुलिस अधीक्षक शिव राज, मुख्य राजस्व अधिकारी जयनाथ यादव, सिटी मजिस्ट्रेट अर्पित गुप्ता, समस्त पुलिस क्षेत्राधिकारी गोण्डा, समस्त थानाध्यक्ष जनपद गोण्डा, ईओ नगर पालिका, जिला आबकारी अधिकारी, जनपद स्तरीय अधिकारीगण सहित नगर के सम्भ्रान्त नागरिक तथा सभी समुदाय के लोग आदि उपस्थित रहे।

# सात दिवसीय योगा शिविर का शुभारंभ



गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

परेड सरकार शिक्षा क्षेत्र झंझरी में चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ योगाचार्य सुधांशु जी के द्वारा दीप प्रज्वलित तथा माल्यार्पण के द्वारा किया गया / उसके पश्चात स्वयं सेविकाओं द्वारा लक्ष्य गीत उठे समाज के लिए उठे उठे गाया गया/ तत्पश्चात सुधांशु जी ने छात्राओं को विभिन्न प्रकार के आसन तथा प्राणायाम जैसे अनुलोम विलोम कपालभाति आदि बताया तथा आशीष जी ने मंडूक आसन, मयूर आसन आदि के बारे में बताया / शिविर के द्वितीय प्रहर में स्वयं सेविकाओं ने नीलू पासवान साक्षी राजपूत लक्ष्मी सिंह मनीषा सिंह सुनीता गोस्वामी आदि ने जैविक हथियार पर निबंध लिखकर क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा विधि सिंह साक्षी मिश्रा सिद्धि पांडे नेहा माला श्रद्धा आदि छात्राओं ने नशा उन्मूलन एवं दहेज प्रथा पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

# होली के रंग में सराबोर दिखा भाजपा कार्यालय

गोंडा, समृद्धि न्यूज।



कारण था त्रिपुरा नागालैंड एवं मेघालय राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की जीत का। विधानसभा चुनाव 2023 में तीनो राज्यों में भाजपा पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने की ओर अग्रसर है। भारतीय जनता पार्टी जिला गोंडा कार्यालय पर पूर्वोत्तर राज्यों में बीजेपी की जीत पर जश्न मनाया गया। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर, मिष्ठान खिलाकर, पटाखे दाग कर खुशियां मनाई।

जिला अध्यक्ष भाजपा अमर किशोर कश्यप ने बताया कि यह केंद्र सरकार के विकास उन्मुख कार्यों का परिणाम आया है। पूर्वोत्तर की जनता ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों पर अपनी मुहर लगाई है। यह जीत 2024 का आगाज है, जनता पुनः नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री के रूप में स्थापित करना चाहती है। 2024 के चुनाव का परिणाम निश्चित ही भाजपा के पक्ष में आने वाला है। पूर्वोत्तर के तीनों राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की जीत से गोंडा सहित पूरे उत्तर प्रदेश एवं देश की जनता में उत्साह का माहौल है। भारतीय जनता पार्टी की जीत पर सांसद गोंडा कीर्तिवर्धन सिंह, सांसद केसरगंज बृजभूषण शरण सिंह, विधायक मनकापुर एवं पूर्व मंत्री रमापति शास्त्री, विधायक कटरा बावन सिंह, विधायक मेहनौन विनय कुमार द्विवेदी मुन्ना, विधायक गौरा प्रभात कुमार वर्मा, विधायक गोंडा प्रतीक भूषण शरण सिंह, विधायक कर्नलगंज अजय कुमार सिंह, एमएलसी गोंडा बलरामपुर अवधेश कुमार सिंह उर्फ मंजू सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष अर्जुन प्रसाद तिवारी, दीपक अग्रवाल, राजेश रायचंदानी, अनुपम प्रकाश मिश्र, संदीप पांडे, अंजू सिंह खरवार,जिला महामंत्री आशीष त्रिपाठी, विष्णु प्रताप नारायण सिंह, जिला मीडिया प्रभारी राघवेंद्र ओझा पट्टू,कोषाध्यक्ष प्रदीप मिश्रा,अविनाश जयसवाल शशांक मिश्रा, मनीष द्विवेदी इत्यादि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने पार्टी की जीत पर हर्ष व्यक्त किया।

# जमीन के विवाद में तीन को पीटा, दो की हालत गम्भीर

गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

कोतवाली देहात थाना क्षेत्र में जमीन के विवाद को लेकर एक दर्जन से अधिक लोगो ने घर पर चढ़ कर हमला कर दिया और दो सगे भाइयों सहित एक महिला को मार पीट कर घायल कर दिया गया। इलाज के लिए दोनो भाइयों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। दोनो की हालत गम्भीर होने पर उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया गया। घटना की तहरीर पर 11 लोगो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया। घटना को लेकर गांव में तनाव व्याप्त है। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के महिपत ठेरहस गांव निवासी 55 वर्षीय राजेश कुमार सिंह पुत्र हनुमान और उस के छोटे भाई जटा शंकर ,35 वर्षीय गीता सिंह पत्नी जटा शंकर सिंह गुरुवार के दिन घर मे घरेलू काम कर रहे थे। तभी एक दर्जन से अधिक लोग लोहे की रॉड लाठी बंदूक लेकर पहुँच गये। घर मे घुस कर राजेश सिंह उस के भाई जटा शंकर सिंह ,गीता देवी पर हमला कर दिया। दोनो भाइयों को मरनासन्न कर के हवाई फायरिंग किया। गम्भीर हालत में राजेश सिंह और जटा शंकर सिंह को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत गम्भीर होने पर दोनो भाईयो को लखनऊ रेफर किया गया। मदन मोहन सिंह ने थाने पर तहरीर दिया कि उस गांव के प्रिंस सिंह से जमीन का विवाद चल रहा था। उसी को लेकर उस के घर पर एक दर्जन लोगों ने हमला कर के उस के पिता, राकेश सिंह ,चाचा जटा शंकर सिह और चाची गीता देवी पर हमला कर दिया गया। प्रभारी निरीक्षक महेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि घटना की तहरीर पर 11 नामजद और अज्ञात लोगो के विरुद्ध मुकदमा लिख गया है। गिरफ्तारी की कार्यवाही की जा रही है।

# आज निकलेगी भव्य निशान शोभायात्रा

गोंडा, समृद्धि न्यूज।

**भजन गायिका शिप्रा सलोनी लगायेंगी बाबा के दरबार में भजनों की हाजिरी**

ददुआ बाजार स्थित श्री श्याम मंदिर में आज फागुन उत्सव पर निशान शोभायात्रा और भजन संकीर्तन का आयोजन किया गया है मंदिर ट्रस्ट के मंत्री सुरेश भावसिंहका ने बताया कि सुबह 9 बजे से श्री राम जानकी मारवाड़ी धर्मशाला से बाबा की पावन फागुन सुदी एकादशी पर निशान शोभायात्रा निकाली जाएगी जो रानी बाजार, अग्रसेन चौराहा, साहबगंज होते हुए बड़गांव पुलिस चौकी पूज्य झूलेलाल चौराहे पर पहुंचकर वहीं से वापस होकर श्री श्याम मंदिर पहुंचकर भक्त बाबा श्याम के चरणों में निशान अर्पित करें गे निशान शोभायात्रा में

मुख्य आकर्षण-बग्गी पर सवार राधा कृष्ण की झांकी, दिव्य ज्योति के दर्शन, रंग-अबीर-गुलाल की होली, 501 निशानों के साथ कतारबद्ध भक्तों की टोली, डी.जे. पर फागुन के भजनों का संग झूमते नजर आयेंगे।और महिला मंडल की अध्यक्ष सरोज अग्रवाल ने बताया कि सांयकाल 5 बजे से भजन संध्या एवं नृत्य नाटिका

मंदिर के प्रांगण में भजन गायिका शिप्रा सलोनी, गोरखपुर द्धारा और कोलकाता के कलाकारों द्वारा राधा-कृष्ण की नटखट लीलाओं का मंचन एवं भक्तों संग फूलों की होली का भी कार्यक्रम होंगे।

ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष अनिल मित्तल ने बताया कि पूरे आयोजन के दौरान भोजन प्रसाद की व्यवस्था कूपन के माध्यम से की गई है। और श्री श्याम मंदिर ट्रस्ट के प्रबंधक गोविन्द जालुका ने सभी श्याम प्रेमियों से पूरे जोश के साथ उत्सव में सम्मिलित होने की अपील की है। बुधवार की रात मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष विमलेश सिंघल के नेतृत्व में एक बैठक की गई जिसमें कार्यक्रम की तैयारियां को लेकर रूपरेखा तैयार की गई। बैठक के दौरान अनिल मित्तल, सुरेश भावसिंहका, आलोक भावसिंहका, आशीष भावसिंहका, अंशुमान गोयल, विशाल बंसल, पुनीत बंसल, नितेश मित्तल, राजू मित्तल, महिला मंडल की अध्यक्ष सरोज अग्रवाल, पूनम मित्तल, बेनू मोदी, प्रीति अग्रवाल, प्रेमलता सिंघल सहित कई लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### चौकी प्रभारी पर लगा थर्ड डिग्री देने का आरोप

- जबरन कबूलनामा करवा रहे हैं चौकी प्रभारी : पीड़ित
- डीएम और एसपी से हुई शिकायत, न्याय की गुहार



कर्नलगंज/ गोण्डा, समृद्धि न्यूज। स्थानीय तहसील के थाना कटरा बाजार अन्तर्गत पहाड़ापुर चौकी क्षेत्र के निवासी व पुलिसिया आतंक से पीड़ित एक व्यक्ति ने चौकी प्रभारी पहाड़ापुर पर थर्ड डिग्री देने का आरोप लगाते हुए डीएम और एसपी से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है। ओमकार पुत्र मिश्रीलाल ग्राम पहाड़ापुर थाना कटरा बाजार ने जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती प्रार्थनापत्र में स्थानीय पहाड़ापुर चौकी प्रभारी पर 3- 4 दिनों से लगातार थर्ड डिग्री देने का आरोप लगाते हुए कहा कि वह मंगलवार को बैट्री रिक्शा चलाकर घर पहुंचा ही था तभी स्थानीय चौकी पुलिस बिना बताए जबरन प्रार्थी को पहाड़ापुर चौकी पर लेकर चली गई और बहुत बुरी तरह से प्रताड़ित किया और मारा-पीटा और चोरी में फंसाने की धमकी देकर अवैध रुपये की मांग की। वहीं दूसरे दिन भी चौकी पर ले जाकर वहाँ कपड़े उतरवाकर बेल्ट से मारा और मुंह में पेशाब कर देने की बात कहकर जबरन कबूलनामा करवा रहे हैं और कहते हैं कि मेरे ऊपर बहुत दबाव है, तुम कबूल लो चोरी नहीं तो इससे तुमको जेल में भेजकर सड़ा दूंगा। प्रार्थी बहुत डरा एवं सहमा हुआ है एवं इससे पहले भी चौकी प्रभारी पर कई आरोप लग चुका है लेकिन जिम्मेदार अधिकारी द्वारा कोई कार्यवाही नहीं किया जाता है जिससे बेलगाम चौकी प्रभारी द्वारा क्षेत्र में काफी आतंक मचाया जा रहा है।

### जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ की टीम की गई भंग

- जिला संयोजक और सह संयोजकों की देखरेख में होंगे कार्य


बहराइच, समृद्धि न्यूज। उत्तर प्रदेशीय जूनियर शिक्षक संघ की ओर से मिल रही कई खामियों के चलते इकाई को भंग कर दिया गया है। प्रांतीय निर्देश पर जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ का जिला संयोजक विद्या विलास पाठक बनाए गए हैं। जबकि भूपेन्द्र प्रसाद श्रीवास्तव और बलवंत यादव को सह संयोजक बनाया गया है। उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के प्रांतीय महामंत्री नरेश कौशिक द्वारा उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ शाखा जनपद बहराइच की जिला कार्यसमिति कालातीत हो जाने, प्रांतीय कोटा मनी ना जमा करने, प्रांतीय पदाधिकारियों के निर्देश की अवहेलना करने , प्रांतीय अध्यक्ष के दिए गए निर्देशों का पालन न करने, शिक्षक समस्याओं के निस्तारण में रुचि न लेने के फलस्वरूप जिला कार्यसमिति को भंग कर दिया है। जिला ईकाई के स्थान पर जनपद में संघीय गतिविधियों को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए संयोजक मंडल की घोषणा कर दी गई है। जिसमें विद्या विलास पाठक को संयोजक ,बलवंत यादव व भूपेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव को सह संयोजक बनाया गया है। यह संयोजक मंडल जनपद में संगठन के गतिविधियों को संचालित करेंगे एवं इन्हीं के देखरेख में जनपद का निर्वाचन संपन्न होगा। ज्ञातव्य हो कि विद्या विलास पाठक इसके पूर्व में प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष रह चुके हैं। साथ ही वह जूनियर शिक्षक संघ के प्रांतीय प्रवक्ता, एवं देवीपाटन मंडल अध्यक्ष का उत्तरदायित्व भी निभा चुके हैं। विद्या विलास पाठक के संयोजक बनने से शिक्षकों में हर्ष व्याप्त है। प्रांतीय उपाध्यक्ष शबनम बानो, प्रांतीय संयुक्त मंत्री सिराजुद्दीन न्यूटन सहित सैकड़ों पदाधिकारियों एवं शिक्षकों ने पाठक के संयोजक बनाए जाने पर हर्ष व्यक्त किया है।

# नेहा बनीं उ.प्र. प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच की प्रथम महिला अध्यक्ष

- बहराइच से चुनी गई प्रदेश अध्यक्ष, मारवाड़ी युवा मंच की सदस्यों ने दी बधाई
- आगे के कार्यक्रमों की बनी रणनीति

बहराइच, समृद्धि न्यूज।




सुभा अग्रवाल



नीतू सिंघल



ज्योति गर्ग

उत्तर प्रदेश प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच की तरफ से 25 फरवरी को गोरखपुर में आयोजित प्रांतीय अधिवेशन में मारवाड़ी युवा मंच शाखा रिसिया कि नेहा अग्रवाल को उत्तर प्रदेश का प्रांतीय अध्यक्ष चुना गया जो कि उत्तर प्रदेश प्रांत की अब तक की प्रथम महिला अध्यक्ष और सबसे कम उम्र की प्रांतीय अध्यक्ष बंद करें यह गौरव प्राप्त किया। वर्तमान प्रांतीय अध्यक्ष अनुराग चांदवासिया एवं पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष संतोष अग्रवाल, अनिल जाजोदिया, विष्णु रुंगटा, बालकिशन थरड, संदीप सर्राफ और राष्ट्रीय महामंत्री प्रशांत के समक्ष इन्हें आगामी सत्र 2023 से 2025 हेतु शपथ ग्रहण कराया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ दिनेश शर्मा पूर्व उपमुख्यमंत्री, रवि किशन शुक्ला सांसद गोरखपुर, और डॉक्टर राधा मोहन दास अग्रवाल राज्यसभा सदस्य भी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में अशिक्षित शाखा गोरखपुर के अलावा प्रदेश भर से मारवाड़ी युवा मंच के पुरुष और महिला शाखाओं के पदाधिकारी एवं सदस्य सम्मिलित हुए जिसमें बनारस, सोनभद्र, मऊ, आजमगढ़, देवरिया, नौतनवा, अयोध्या, सुल्तानपुर, गोंडा, सीतापुर, कानपुर, लखनऊ, बाराबंकी, बहराइच, नानपारा, रिसिया, मिहीपुरवा रूपईडीहा बरेली, प्रयागराज, मुगल सराय, गौरीगंज, इत्यादि जगह से लगभग 500 सदस्य उपस्थित हुए। नेहा अग्रवाल ने बताया कि उत्तर प्रदेश में मारवाड़ी युवा मंच को आगे बढ़ाना है और जिंजल जिलों में शाखा का गठन नहीं किया गया है वहां पर तेजी के साथ गठन किया जाएगा जिससे आने वाले समय में मारवाड़ी युवा मंच को सशक्त बनाया जा सके। सुभा अग्रवाल शाखा अध्यक्ष ने बताया कि नेहा अग्रवाल को प्रदेश अध्यक्ष बनने पर बहराइच वासियों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है और अब तेजी के साथ मारवाड़ी युवा मंच काम करेगा। नीतू सिंघल शाखा सचिव ने बताया कि लगातार मारवाड़ी युवा मंच लोगों की मदद में सबसे आगे आ रहा है । और बहराइच से प्रदेश अध्यक्ष चुना गया है जिसके चलते अब बहराइच को एक अलग पहचान मिलेगी। ज्योति गर्ग शाखा उपाध्यक्ष ने बताया कि नेहा अग्रवाल को प्रदेश अध्यक्ष चुना गया है इसके चलते सभी सदस्यों के चेहरे पर खुशी की लहर है और वही तेजी से काम करने के लिए सभी कार्यकर्ता तैयारी बना रखे हैं। आगे कुछ अलग प्रयास करने की रणनीति बन रही है।

# गैस सिलेंडर के बढ़े दाम तो कांग्रेसियों ने जताई नाराजगी, सौंपा ज्ञापन

- सैकड़ों कांग्रेसियों ने महंगाई के विरुद्ध शहर में निकाला मार्च

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



केंद्र सरकार की ओर से घरेलू सिलेंडर पर 50 रूपये बढ़ा दिया गया है। इसको लेकर कांग्रेसियों ने नाराजगी जताई। गुरुवार को कांग्रेस कमेटी ने शहर में मार्च किया। इसके बाद सभी सिर पर सिलेंडर लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां पर सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। घरेलू गैस सिलेंडर में 50 रूपये का इजाफा कर दिया गया है। इसको लेकर कांग्रेस पार्टी में नाराजगी है। गुरुवार को कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष जय प्रकाश मिश्रा की अगुवाई में सैकड़ों कांग्रेसी महंगाई के विरुद्ध मार्च पर निकले। सभी ने भाजपा पार्टी और सरकार पर महंगाई को बढ़ावा देने, गरीबों का ध्यान न देने, सरकार द्वारा आम लोगों को होली पर महंगाई तोहफा देने समेत अन्य नारे लगाते हुए प्रदर्शन किया। इसके बाद सभी प्रदर्शन करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। कुछ कार्यकर्ता सिर पर सिलेंडर लेकर पहुंचे। यहां पर सभी ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट ज्योति राय को दिया। इस दौरान नदीम अहमद, मुनउ मिश्रा, कमला सोनी, भावेश प्रताप पाठक, देवेंद्र कुमार, शरीफ बाबू, मुस्तकीम सलमानी, कृष्ण कुमार मिश्र समेत अन्य लोग शामिल रहे।

### भीम आर्मी कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार प्रदर्शन, दिया ज्ञापन

बहराइच, समृद्धि न्यूज। हरियाणा राज्य में जुनेद और नसीर की हत्या के आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए गुरुवार को भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इसके बाद सभी ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को दिया। भीम आर्मी के कार्यकर्ता और पदाधिकारी गुरुवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय के निकट मैदान में एकत्रित हुए। यहां पर सभी हरियाणा में 16 फरवरी को जुनेद और नसीर हत्याकांड को लेकर प्रदर्शन किया। भीम आर्मी जिलाध्यक्ष ने कहा कि कथित गौ रक्षकों ने हत्या कर दी। इसके बाद उन्हें जला दिया गया। लेकिन अभी तक किसी की गिरफ्तारी न होने से समाज के लोगों में नाराजगी है। सभी प्रदर्शन स्थल से पैदल मार्च करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। इसके बाद राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट ज्योति राय को सौंपा। इस दौरान काफी संख्या में कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

# सड़क पर आया हाथियों का झुंड, एक घंटे थमा रहा आवागमन

- जंगल में मार्ग पर दोनों ओर लग गई वाहनों की कतार

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



आंबा बिछिया मार्ग पर रात में हाथियों का झुंड आ गया। हाथियों को सड़क पर देख वाहनों के पहिए थम गए। लगभग एक घंटे बाद हाथी जंगल में गए। तब जाकर आवागमन बहाल हो सका। इस दौरान राहगीरों में अफरा तफरी का माहौल रहा। कतर्नियाघाट वन्यजीव क्षेत्र में जंगली हाथियों का आतंक आबादी की ओर और भी बढ़ गया है। बुधवार रात नौ बजे आम्बा-बर्दिया गांव की ओर शादी में शामिल होने व निजी कार्य से गए बड़ी संख्या में राहगीर बिछिया व अन्य स्थानों के लिए वापस घर लौट रहे थे। तभी आम्बा गांव के निकट बीच सड़क पर जंगली हाथियों झुंड सड़क पर डटा देखा। इस बीच सड़क हाथियों के डटे रहने से दोनों ओर बड़ी संख्या में वाहनों का जाम लग गया। इस बीच हाथियों को वाहनों की ओर बढ़ता देख राहगीरों में अफरा-तफरी का माहौल रहा। राहगीर दहशत में रहे। हाथियों का झुंड करीब एक घन्टे सड़क पर डटा रहा और सड़क पर गिरे गन्ने को खाकर अपनी भूख मिटाते रहे। राहगीर बिछिया निवासी फरीद अंसारी, सोनू खान, समीर हाशमी, शिवम कौशल, ओमकार कौशल आदि आम्बा से बिछिया अपने घर लौट रहे थे तभी सड़क पर अचानक हाथियों को देख कर सभी वापस हो गए। आम्बा पहुच कर फरीद अंसारी ने डीएफओ आकाशदीप बधावन को फोन कर मदद मांगी। लेकिन जबतक वन कर्मियों की टीम बचाव के लिए पहुचती तबतक हाथियों का झुंड आम्बा-विशुनापुर गांव की ओर चला गया। जिसके बाद राहगीरों आनन-फानन में अपने वाहनों से बिछिया की ओर वापस हो गए। वहीं प्रभागीय वनाधिकारी आकाशदीप बधावन ने ग्रामीणों के सुरक्षा के मद्देनजर बिछिया वन बैरियर पर कुछ घंटे अवागमन को रोक दिया।

**सड़क पर गन्ना खाने आते हैं हाथी**

हाथियों के सड़क पर डटे रहने से फसे रहे राहगीरों में मौजूद बिछिया निवासी समाजसेवी फरीद अंसारी ने बताया कि जंगली हाथियों का झुंड पहले सड़क से होकर कुछ देर में ही दूसरी ओर चले जाते थे लेकिन अब सड़क पर भारी संख्या में गन्ना पड़े होने से हाथी घंटों उसे खाने को लेकर सड़क पर डटे रहते हैं जिससे अवागमन प्रभावित होता है और मानव-हाथी संघर्ष की स्थिति बढ़ जाती है। वन विभाग, प्रशासन तथा चीनी मिल प्रशासन को ट्रकों पर ओवरलोड जा रहे गन्नों पर रोक लगाने की जरूरत है तथा वन विभाग को सड़क पर पेड़ों की टहनियों को साफ कराए जाने की जरूरत है जिससे अवागमन में दिक्कतें न बढ़े।

# डंडों से पीटकर पत्नी को उतारा मौत के घाट

- पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा, पति हिरासत में

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



निधि नगर संकल्पा गांव निवासी एक महिला की डंडों से पिटाई कर हत्या कर दी गई। इसके बाद शव को खींचकर बाग में पहुंचा दिया गया। पति की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बार बार पति के बयान बदलने पर पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। रूपईडीहा थाना क्षेत्र के ग्राम निधि नगर संकल्पा निवासी प्रमिला देवी (35) पत्नी विनोद कुमार का शव जैतापुर गांव में स्थित आम के बाग में मिला। मौके पर संघर्ष करने और लाठियों से पिटाई के सबूत मिले। पति विनोद कुमार ने शव बरामद होने की सूचना ग्राम प्रधान प्रतिनिधि चौधरी चरण सिंह उर्फ गब्बर सिंह को दी। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि की सूचना पर पुलिस पहुंची।पुलिस ने महिला के शव की तलाश शुरू की। काफी देर बाद पति के निशान देही पर पुलिस ने शव बरामद कर लिया। इसके बाद पुलिस को पति विनोद कुमार ने तीन लोगों पर लाठियों से पीटकर हत्या किए जाने की तहरीर दी। लेकिन बार बार पति द्वारा बदले जा रहे बयान से पुलिस भी हैरत में पड़ गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जबकि पति विनोद कुमार को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक श्रीधर पाठक ने बताया कि जैतापुर गांव निवासी अवध कुमार सिंह की बाग से महिला का शव बरामद हुआ है। घटनास्थल पर डंडे, चप्पल और संघर्ष के निशान भी मिले हैं। मालूम हो कि महिला की शादी 20 वर्ष पहले हुई थी। गांव के लोगों ने बताया कि घटना स्थल पर पुलिस लगभग चार घंटे बाद पहुंची। जबकि शव सुबह 11 बजे से ही बाग में पड़ा था। ऐसे में अनुमान लगाया जा रहा है कि हमलावरों ने महिला की हत्या सुबह ही कर दी थी। गांव के लोगों ने बताया कि मृतक महिला की दो बेटी और

### दूसरे दिन भी खेलकूद में छात्र छात्राओं ने लिया हिस्सा



- प्राचार्य ने प्रतिभागियों को विश्वविद्यालय एवं राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग करने के लिए किया प्रेरित

बहराइच, समृद्धि न्यूज। गायत्री विद्यापीठ स्नातकोत्तर महाविद्यालय रिसिया में चल रहे वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन 400 मीटर दौड़ में छात्र सतीश कुमार प्रथम, सुरेंद्र कुमार यादव द्वितीय, संजय कुमार तृतीय, छात्रा में शीला भारती प्रथम, प्रियंका चौधरी द्वितीय, अनीता तृतीय रही। रिले रेस में बीए थर्ड सेमेस्टर के छात्र विजई घोषित हुए। गोला क्षेपण में छात्र सतीश कुमार प्रथम, बृजभूषण द्वितीय, सुरेंद्र कुमार यादव तृतीय, छात्रा में ममता प्रथम, प्रियंका चौधरी द्वितीय, गीता भारती तृतीय रही। डिस्कस थ्रो में छात्रा ममता प्रथम, लक्ष्मी द्वितीय, प्रियंका चौधरी तृतीय, लम्बी कूद में बालिका वर्ग में प्रियंका चौधरी प्रथम अलीशा द्वितीय अंजलि साहू तृतीय, छात्र में सतीश कुमार प्रथम, अरविंद द्वितीय, संजय कुमार तृतीय, वॉलीबॉल में बीए थर्ड सेमेस्टर के छात्रों ने विजयी प्राप्त की। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफ़ेसर दिव्य दर्शन तिवारी ने प्रतिभागियों को विश्वविद्यालय एवं राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया एवं विजयी छात्र छात्राओं को बधाई दिया। क्रीडा अधीक्षक डॉ मुकेश चंद श्रीवास्तव एवं सहयोगी के रुप में विजय कुमार सिंह ने दूसरे दिन होने वाले खेलकूद कार्यक्रम को सकुशल संपन्न कराया इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ डॉ सुभाष चंद्र, प्रो दयाराम यादव, डॉ दुर्गेश श्रीवास्तव, धर्मेंद्र श्रीवास्तव, वीरेंद्र कुमार आदि लोगों को देखरेख में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# ...ऐसा है बैसवारा और ये हैं बैसवारे के लाल



- सीने में खाई गोली दी प्राणों की आहुति
- जब तक सूरज चांद रहेगा राघवेंद्र तेरा नाम रहेगा
- गेंगसों गंगा घाट पर राजकीय सम्मान के साथ किया गया अंतिम संस्कार
- अंतिम यात्रा में उमड़ा ग्रामीणों का हुजूम

**रायबरेली समृद्धि न्यूज।**

प्रयागराज शूटआउट में घायल दूसरे सिपाही राघवेंद्र प्रताप सिंह का पार्थिव शरीर उसके पैतृक गांव लालगंज कस्बे में स्थित घर पहुंचा तो चारों ओर करुण रुद्रन की आवाजें आने लगी। जहां पर पुलिस विभाग के अधिकारी और जिला प्रशासन मौजूद था वही शहीद को श्रद्धा सुमन अर्पित करने के लिए पूरा लालगंज कस्बे का जन सैलाब उसके घर पर उमड़ पड़ा जहां पर शहीद को श्रद्धांजलि दी गई। एडीजी ए सतीश गणेश पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी और पूरा पुलिस फोर्स मौजूद रहा और पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। पूरा घटनाक्रम उमेश पाल हत्याकांड में घायल सुरक्षाकर्मी राघवेंद्र सिंह की पीजीआई में इलाज के दौरान मौत हो गई। जिन के पार्थिव शरीर को उनके निज निवास लालगंज थाना क्षेत्र के कोरिहरा लाया गया। निज निवास पूरी तरह से छावनी में तब्दील था। एडीजी ए सतीश गणेश, पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी, सरेनी के पूर्व भाजपा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह, एसडीम लालगंज अजीत सिंह सहित अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधियों ने राजकीय सम्मान के साथ दो मिनट का मौन धारण कर शहीद राघवेंद्र को अंतिम सलामी दी और अंतिम संस्कार के लिए विदा किया।

### ...और जब वाकर के सहारे अपनों के बीच पहुंचे राज्यमंत्री



राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह के पैर में फैक्चर होने की वजह से प्लास्टर बंधा हुआ था उसके बावजूद भी वाकर के सहारे घाट पर पहुंचकर शहीद के सामने मस्तक झुकाया और नमन किया। ऐसे ही जनप्रतिनिधि जनता के बीच अपनी जगह बना पाते हैं जो हर सुख दुख में किसी भी परिस्थिति में उनके साथ खड़े हो और शायद जिले के चिराग कहे जाने वाले एमएलसी दिनेश प्रताप सिंह के अंदर वह भाव है जिसको लेकर वह हमेशा लोगों के बीच बने रहते हैं वहीं इस पूरे घटनाक्रम पर बड़े ही भावुक मन से शहीद राघवेंद्र को नमन करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किया। राज्यमंत्री से शहीद द्वार बनवाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि यह बहुत छोटी बात है इसे मैं स्वयं बनवाऊंगा। बैसवारे के इस लाल का कर्ज कोई चुका नहीं सकता है। जिस तरह जाबांजी के साथ लड़ते हुए राघवेंद्र शहीद हुए है वह एक मिशाल है।

### क्षेत्रीय विधायक का न पहुंचना, लोगों के अंदर दिखा रोष



मौजूदा समय में सरेनी विधानसभा से क्षेत्रीय विधायक समाजवादी पार्टी के राजा देवेंद्र सिंह है कहने को तो राजा है मगर जब ऐसे मौकों पर अपनी प्रजा के पास उनके पास जाने का समय ना हो तो लोगों के अंदर आक्रोश दिखना लाजमी है एक शहीद अपने फर्ज को निभाते हुए अपने प्राण त्याग देता है और जब ऐसे मौकों पर भी जनप्रतिनिधि अपनी जनता के बीच नहीं पहुंचते तो सवाल खड़े होते हैं क्योंकि जब वोट मांगना होता है तो लगातार चक्कर पर चक्कर लगाते हैं। आज उस शहीद को लेकर पूरा जिला गम में डूबा है।

### महाराज! ऐसी घटना की न हो पुनरावृति, कोई मां न खोए अपना लाल



मृतक पुलिसकर्मी राघवेंद्र सिंह की मां ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से परिवार को आर्थिक मदद मांगी वही यह भी कहा कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो और समाज के ऐसे दुश्मनों को सरकार कड़ी से कड़ी सजा दे जिससे किसी और मां की गोद ना सुनी हो। अपराधियों पर ऐसी कार्यवाही करने की मांग की है कि उसे सुनकर आप की भी रूह कांप जाएगी माँ अपर्णा सिंह ने कहा कि जिन अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया है उनके सामने पहले उनके बच्चों को काट डाला जाए और उसके बाद अपराधियों को सजा दी जाए जिससे उन्हें पता चले की एक मां को उसके बेटे की हत्या किए जाने पर कितना दुख होता है।

## कांग्रेसियों ने महंगाई के मुद्दे और रसोई गैस के बढ़े दामों को लेकर किया प्रदर्शन



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

महंगाई के मुद्दे और रसोई गैस के बढ़े दामों को लेकर कांग्रेस के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट में पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेस जिला अध्यक्ष पंकज तिवारी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता पहुंचे कलेक्ट्रेट और केंद्र सरकार व प्रदेश सरकार तथा भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कांग्रेस के पदाधिकारियों ने मांग उठाई है कि रसोई गैस के बढ़े दाम वापस लिए जाएं, रसोई गैस के दाम कम किए जाएं इस सब को लेकर प्रदर्शन किया कांग्रेस के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता गण मौजूद रहे जिन्होंने महंगाई के मुद्दे पर जोरदार आवाज उठाई है कलेक्ट्रेट पहुंचकर कांग्रेस के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने जोरदार ढंग से अपनी बात कही है जनता की बात कही है कि महंगाई को लेकर जनता काफी परेशान है वहीं रसोई गैस के दाम बढ़ने पर लोगों को काफी परेशानियां उठानी पड़ रही इन सब बातों को प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस के पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं ने उठाया है कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने समस्याओं से संबंधित एक ज्ञापन भी जिला प्रशासन को सौंपा है इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष के अतिरिक्त कांग्रेसी नेता डॉ मनीष चौहान आमीन पठान हाजी उस्मान भाई समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता इस प्रदर्शन में मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### छात्रा की कुएं में गिरने से हुई मौत

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि।** संदिग्ध परिस्थितियों में स्कूल गई छात्रा की कुएं में गिरने से हुई दर्दनाक मौत मामला महाराजगंज कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत टीसा खानपुर का कंपोजिट विद्यालय का है जहां कक्षा आठ में पढ़ने वाली एक 14 वर्षीय छात्रा रूबी की कुएं में डूबने से मौत। लंच के दौरान बाउंड्री वॉल के बगल के कुएं में गिरी छात्रा छात्रा के कुएं में गिरने से हड़कंप मच गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से छात्रा को कुएं से निकालकर गंभीर हालत में सीएचसी पहुंचाया। चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद छात्रा को मृत घोषित किया।

### वर्चस्व को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** कानपुर–लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित एआरटीओ कार्यालय दलालों के जमघट के चर्चित है। आवेदकों के काम कराने के एवज में होने वाली मोटी वसूली का बंदरबांट दलालों से विभाग के बाबू और अधिकारियों तक होता है। यही वजह है कि इस कार्यालय में बिना दलाल के किसी की दाल नहीं गलती। गुरूवार क्लांइट की खींचातान में रेडियम पट्टी का काम करने वाले व सीएनजी टेंस्टिंग का काम करने वाले दो युवकों के बीच दोपहर तकरीबन एक बजे कहासुनी के बाद गाली गलौज हो गया। वहां मौजूद अन्य साथियों ने दोनों पक्षों को समझा बुझाकर शांत करा दिया। दोपहर तकरीबन तीन बजे के बाद फ़िर से दोनों पक्षों का टकराव हुआ तो सीधे गाली गलौज के बाद हाथापाई शुरू हो गयी। बताया जा रहा है कि एक पक्ष का युवक मारपीट में घायल हो गया। उसने ललऊखेड़ा चौकी पहुंच कर शिकायत भी की। हलांकि इस संबंध में चौकी प्रभारी बृजमोहन सैंनी ने कोई तहरीर न मिलने की बात कही है। उधर विभाग के अधिकारियों ने भी ऐसी किसी घटना की जानकारी से अनभिज्ञता जताई है।

### गंगा एक्सप्रेस-वे निर्माण से सड़के ध्वस्त, आवागमन बाधित

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** गंगा एक्सप्रेस–वे का निर्माण तेजी से चल रहा है वहीं गांव कस्बों की सड़कें गड्ढों में तब्दील हो गई है जिससे आवागमन बाधित हो गया। लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। तहसील बीघापुर के कुछ गांवों से मेरठ से इलाहाबाद गंगा एक्सप्रेस–वे चौड़ी सड़क का निर्माण तेजी के साथ चल रहा है लेकिन गांव कस्बों की सड़कें गड्ढों में तब्दील हो गई हैं इससे लाखों की आबादी तकलीफझेल रही है एक्सप्रेस–वे के निर्माण के लिए मिट्टी और अन्य निर्माण सामग्री परिवहन करने वाले ओवरलोड भारी वाहनों को सड़कों पर दौड़ाया जा रहा है जिससे गांव कस्बों को जोड़ने वाली सड़क नेटवर्क बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है सड़कों पर चलते समय इतनी धूल उड़ती है कि बड़े वाहन के पीछे साइकिल व मोटरसाइकिल से निकल रहे लोगों को सड़क नजर नहीं आती है जिससे आने जाने वाले गांव कस्बों के बच्चों और बुजुर्गों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है और आएदिन दुर्घटना घट रही है।

### बाइकों की भिड़न्त में मासूम समेत तीन घायल

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** आसीवन थाना क्षेत्र के मियागंज सफीपुर मार्ग पर दो बाइको की आमने सामने हुई भिड़ंत में एक बच्ची सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। आसीवन तरफपश्चिम गांव निवासी उस्मान 19 पुत्र मोहम्मद नसीम की मां नफीसा 40 अमीना पुत्री शरीफ3 रिश्तेदार की मौत में शामिल होने के लिए सफीपुर जा रहे थे अभी वह सिद्धनाथ गांव के समीप पहुंचे ही थे तभी सफीपुर की ओर से आ रहे तेजगति से बाइक सवार ने उस्मान की बाइक में टक्कर मार दी जिससे बाइक पर बैठी बच्ची समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें परिजनों ने मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां पर उपचार चल रहा है।

### विवाहिता ने फांसी लगा की आत्महत्या

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी विवाहिता ने अज्ञात कारणों के चलते छत के धन्नी में रस्सी के सहारे लटककर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। पति की सूचना पर पहुँची थाना पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के गांव भड़सर नौशहरा निवासी पप्पू गौतम की पत्नी मीना (29) ने अज्ञात कारणों के चलते गुरुवार को घर के अन्दर छत की धन्नी में रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका का विवाह लगभग 9 वर्ष पूर्व हुआ था उसके पाँच वर्षीय पुत्र भी है। ग्रामीणों के अनुसार मृतका शादी के एक वर्ष पश्चात ही अपने सास ससुर से अलग रह रही थी। वही गांव में घटना को लेकर गृहकलह होने की चर्चा रही। मृतका के पति की सूचना पर पहुँची पुलिस ने मायके पक्ष की मौजूदगी में शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### सोहरामऊ थानाध्यक्ष बने सन्दीप मिश्रा

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ शंकर मीणा के आदेश पर वर्तमान प्रभारी अमित सिंह का स्थानांतरण कर नए प्रभारी के रूप में संदीप मिश्रा को सोहरामऊ की जिम्मेदारी दी गई है। सोहरामऊ थाना के नए प्रभारी बने संदीप मिश्रा ने पदभार ग्रहण कर लिया है। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा थाना क्षेत्र में क्राइम कंट्रोल करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। साथ ही थाना में किसी भी मुद्दों पर उचित जांच सही तरीके से मेरी निगरानी में कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि अगर आम लोगों के पास कोई ऐसी सूचना भी जिससे विधि व्यवस्था बिगड़ने की संभावना हो तो वह उनके फोन पर साझा कर सकते हैं। पुलिस उनका नाम गुप्त रखने के साथ–साथ मामले में त्वरित कार्रवाई करेगी।

## आगामी त्यौहार को लेकर हुई पीस कमेटी की बैठक



**सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

सभागार तहसील सलोन में होली और सबेबरात त्योहार को लेकर सभागार में स्थानीय प्रशासन द्वारा पीस कमेटी की हुई बैठक,कड़ा रुख अपनाते हुए उपजिलाधिकारी सालिकराम, क्षेत्राधिकारी अमित सिंह व कोतवाली प्रभारी बृजेश कुमार राय बैठक में उपस्थित लोगों से शांति पूर्वक त्योहार मनाने अपील की और वही पर मौजूद चेयरमैन के उम्मीदवार इरफान सिद्दीकी ने हिंदू मुस्लिम दोनो लोगो से एकता की मिसाल दी किसी भी प्रकार की समस्या को अवगत कराने की बात भी कही,पीस कमेटी की बैठक में कस्बे व ग्रामीण क्षेत्रों से हिंदू मुस्लिम समाज के संभ्रांत लोग उपस्थित रहे।

## लावारिस लाशों के मिलने का सिलसिला जारी

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** लावारिस लाशों का ठिकाना बना रायबरेली, पुलिस की लचर कार्यशैली से जिले की कानून व्यवस्था हुई पर उठे सवाल, लावारिस लाशों के मिलने का सिलसिला लगातार जारी जहां आज सुबह भदोखर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक लगभग 25 वर्षीय यूपी की आग जली लाश रेलवे ट्रैक के किनारे मिली वहीं दूसरी तरफ एक 45 वर्षीय अज्ञात युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया मामला गुरबक्श गंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत दो सड़का के पास 45 वर्षीय अज्ञात युवक की शव बरामद बरामद हुआ है सड़क किनारे से मिलने से स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया आनन-फानन में पुलिस को सूचना दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और सोशल मीडिया के माध्यम से मृतक युवक की शिनाख्त के प्रयास शुरू किए।

## खाद्य पदार्थों को लेकर हो संदेह तों तुरंत करें सूचित

- सक्रिय रहे अधिकारी निष्क्रिय हो जाएंगे मिलावट खोर : जिलाधिकारी
- त्यौहारों को देखते हुए प्रवर्तन विभाग ने कसी कमर



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज**

जब भी कोई त्यौहार का सीजन आता है मिलावट खोर सक्रिय हो जाते हैं थोड़े से मुनाफे के लिए उनके द्वारा गलत तरीके से खाद्य पदार्थों को मार्केट में उतार दिया जाता है जिसको लेकर जिला अधिकारी माला श्रीवास्तव काफी सख्त नजर आ रही है उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया हुआ है कि त्योहारों के दृष्टिगत खाद्य पदार्थों को लेकर लगातार छापेमारी करें जहां पर जरा सा भी संदेह हो तुरंत उसके ऊपर कानूनी कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि होली पर्व के दृष्टिगत बाजारों में बिकने वाले खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता तथा शुद्धता बनाये रखने के लिए गहन अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि होली पूर्व जनपद के समस्त बाजारों तथा उत्पाद केन्द्रों की कड़ी निगरानी की जाए। जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव ने कहा कि होली पर्व के अवसर पर आम जनमानस को गुणवत्तापूर्ण सुरक्षित खाद्य पदार्थों में मिलावट की रोकथाम हेतु जनपद में विशेष अभियान के माध्यम से सघन निरीक्षण कर, नमूनें सग्रहीत किये जाएं तथा उन्हें तत्काल प्रयोगशाला भेजा जाए।

### खाद सुरक्षा अधिकारी को किया निर्देशित मार्केट पर रखें नजर

जिलाधिकारी ने मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी को निर्देश दिये है कि वे सुनिश्चित करें कि जनपद के बाजारों में बिकने वाली खाद्य सामग्री में किसी भी प्रकार की मिलावट की सम्भावना न रहें। उन्होंने कहा कि घटिया सामग्री पाये जाने पर सम्बन्धित के विरुद्ध नियमानुसार प्रभावी कार्यवाही की जाए। जनपद के विभिन्न क्षेत्रों इस अभियान के अंतर्गत 4 नमूने विभिन्न बाजारों के प्रतिष्ठानों से खाद्य सचल दल के द्वारा संग्रहित कर जांच हेतु सम्बन्धित प्रयोगशाला को भेजे गये है। अजहरा, थाना भदोखर के खाद्य कारोबार कर्ता राजकमल पुत्र राज किशोर के यहां से बेसन संग्रहित नमूना जांच हेतु प्रयोगशाला में भेजा गया है तथा रौनक ब्रांड नमकीन की 61 बोरी (प्रति 20 पैकेट) प्रत्येक एक किग्रा को जब्त भी किया गया है।

## महिलाओं और बच्चियों को किया गया जागरूक

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**



पुलिस अधीक्षण सिद्धार्थ शंकर मीणा के निर्देशन में चौपाल और जागरूकता अभियान के तहत, कांशीराम कॉलोनी की महिलाओं और बालिकाओं को कैम्प लगाकर जागरूक किया गया। कार्यक्रम संयोजिका चौकी प्रभारी उमा अग्रवाल ने अतिथियों सीओ सिटी आशुतोष कुमार, सदर कोतवाल राजेश पाठक और कार्यक्रम समन्वयकों डॉ आशीष श्रीवास्तव व डॉ मनीष सिंह सेंगर को पुष्प भेंट कर स्वागत किया और हेल्पलाइन नंबरों 102, 1098, 112, 1076, 181, 1090, 108 के प्रयोग की समुचित जानकारी दी। वहीं कोतवाल राजेश पाठक ने बच्चों को उनकी रुचि के अनुरूप शिक्षा दीक्षा का सुझाव देते हुए बालिकाओं की सुरक्षा के गुर बताए। सीओ आशुतोष कुमार ने बड़ी संख्या में उपस्थित मात्रशक्तियों का उत्साह बढ़ाते हुए बताया कि छोटे बच्चों को बाहर काम पर भेजने की बजाए पहले उनकी शिक्षा-दीक्षा सुनिश्चित करें। पुलिस परिवार परामर्शदाता डॉ आशीष श्रीवास्तव ने पारिवारिक विवादों के निस्तारण के लिए हर रविवार को आयोजित होने वाले कैम्प की जानकारी दी। कैम्प का संचालन कर रहे कैरियर गाइड मनीष सिंह सेंगर ने उपस्थित बच्चियों को प्रेरक उदाहरण देते हुए भविष्य निर्माण के लिए परामर्श दी। अतिथियों की परामर्श से प्रेरित हो कक्षा 10 की छात्रा सृष्टि ने आवाहन किया कि बच्चियों को पढ़ने से न रोकें और उन्हें पढ़ा लिखाकर अधिकारी या सरकारी कर्मचारी बनने में अभिभावक अपनी भूमिका निभाएं। प्रभारी उमा अग्रवाल ने महिलाओं बालिकाओं की शिकायत नोट कर जल्द से जल्द निस्तारण करने का आश्वासन देते हुए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## जनपद में दो मार्च से 29 अप्रैल तक लागू रहेगी धारा 144

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में 7 मार्च 2023 को होलिका दहन, 08 मार्च को होली व शबे बरात, 4 अप्रैल को महावीर जयंती, 05 अप्रैल महर्षि कश्यप एवं महाराजा निषाद राज मुख्य जयंती, 07 अप्रैल गुड फ्राइडे, 08 ईस्टर सैटरडे, 10 अप्रैल ईस्टर मन्डे, 14 अप्रैल को डा0 भीमराव अम्बेडकर जी का जन्म दिवस, 17 अप्रैल को चन्द्रशेखर जयन्ती, 21 अप्रैल जमात-उल-विदा (अलविदा जुमा)/ रमजान का अन्तिम शुक्रवार, 22 अप्रैल को परशुराम जयंती व ईद-उल-फितर एवं उ0प्र0 राज्य सहकारी समिति निर्वाचन, जनपद में होने वाली विभिन्न प्रकार की प्रतियोगी/वार्षिक परीक्षायें एवं वार्षिक परीक्षाओं का मूल्यांकन के साथ ही कोविड-19 संक्रमण के दृष्टिगत महामारी के रोकथाम हेतु प्रभावी रूप से नियंत्रित के लिए जनपद में शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा-144 के अन्तर्गत निषेधाज्ञा लागू कर दिया गया है। अपर जिला मजिस्ट्रेट अमित कुमार ने 2 मार्च से दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के अन्तर्गत निषेधाज्ञा जारी कर दी है। यह निषेधाज्ञा 2 मार्च 2022 से 29 अप्रैल 2022 तक लागू रहेगी।

## बूथ सशक्तीकरण अभियान के तहत बैठक सम्पन्न

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

बीघापुर नगर पंचायत स्थित बाबा गोदावलेस्वर धाम परिसर में विधानसभा क्षेत्र के बीघापुर मण्डल के बूथो के सशक्तिकरण अभियान के तहत मंडल के पदाधिकारियों के साथ बैठक का शुभारंभ भारत माता, पण्डित दीनदयाल उपाध्याय एवं डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार ने मंडल के अध्यक्ष, महामंत्री, उपाध्यक्ष को संबोधित करते हुए कहा कि सभी को सरल ऐप डाउनलोड के बारे में विस्तृत जानकारी होनी चाहिए और वह जानकारी बूथ के कार्यकर्ताओं तक पहुंचे। कार्यक्रम में जिला महामंत्री आशीष बाजपेई अटल, जिला उपाध्यक्ष आनन्द अवस्थी, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष हरिसहांय मिश्र मदन, वेणुरंजन भदौरिया, अजय बाजपेई, सत्रुघ्न सिंह आदि रहे।

## रिक्त प्रधान पदों के लिए 75 प्रतिशत हुआ मतदान

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

बांगरमऊ क्षेत्र की दो ग्राम पंचायतों के प्रधानों के निधन से रिक्त हुई सीटों पर आज शांतिपूर्वक मतदान संपन्न हुए। मतदान के समय दोनों ग्राम पंचायतों के मतदाता खासे उत्साहित नजर आए। दोनों स्थानों पर करीब 75 फीसद मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। मतगणना 4 मार्च को होगी।

गंजमुरादाबाद ब्लॉक की ग्राम पंचायत हरईपुर की प्रधान शांति देवी का कई माह पूर्व निधन हो गया था। इसी तरह हार्ट अटैक से ग्राम पंचायत रानीपुर ग्रंट के प्रधान मंसाराम की भी मौत हो गई थी। दोनों ग्राम प्रधानों के निधन से रिक्त हुई सीटों पर आज मतदान हुआ।

हरईपुर में दिवंगत प्रधान शांति देवी की बहू उमा देवी तथा छत्रपाल आमने सामने रहे। यहां 2549 मतदाताओं में से 1780 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। यहां करीब 70 फीसद वोटरों ने वोट डाले। इसी तरह ग्राम पंचायत रानीपुर ग्रंट में दिवंगत प्रधान मंशाराम की विधवा बिलासा तथा रामकिशोर के मध्य चुनाव हुआ। यहां 1450 मतदाताओं में से 1149 अर्थात करीब 80 फीसद मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया।

मतदान के दौरान दोनों गांव में भारी पुलिस बल तैनात रहा। फिलहाल आज चारों प्रत्याशियों का भाग्य मत पेटियों में बंद हो चुका है। अब जीत हार का फैसला आगामी 4 मार्च को मतगणना के बाद होगा।

## घरेलू कलह से क्षुब्ध युवक ने की आत्महत्या

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के ग्राम रूरी सादिकपुर निवासी राजन के पुत्र सुमित 24 वर्ष ने बीते बुधवार को घरेलू कलह के चलते गांव से करीब एक किलोमीटर दूर शीशम के पेड़ की डाल के सहारे फांसी पर झूलकर आत्महत्या कर ली। पिता की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। सुमित अन्य तीन भाइयों अमित, निखिल और अतुल से बड़ा था। सुमित अपने पीछे अपनी पत्नी सुभाषिनी, पिता राजन, मां रजाना और दो अबोध पुत्रियों सौम्या 2 वर्ष व शिवानी छः माह को रोते-बिलखते छोड़ गया।

## मछुवा समुदाय के लोगों को वितरित की गई आइस बाक्स युक्त साइकिलें

- प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत हुआ वितरण

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**



बांगरमऊ ब्लाक कार्यालय में आज जिला मत्स्य पालक अधिकारी ने प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत करीब डेढ़ दर्जन मछुआ समुदाय के लोगों को आइस बॉक्स युक्त साइकिलें वितरित की। निषाद पार्टी के विधानसभा क्षेत्र प्रभारी उदयभान निषाद ने कहा कि आइस बॉक्स युक्त साइकिलों से मत्स्य व्यवसाय से जुड़े लोगों की आमदनी में इजाफा होगा। गंगा कटरी क्षेत्र के ग्राम रतईपुरवा, बदलीपुरवा, मितानपुरवा, भुड्डा, कुंसी तथा हसनपुर सगौड़ा आदि गांवों के करीब दो दर्जन मत्स्य पालकों ने बीते दिनों प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत मत्स्य रोजगार हेतु सुविधाओं के लिए आवेदन किया था। आज ब्लॉक कार्यालय में जिला मत्स्य पालक अधिकारी बालकिशोर दुबे और मत्स्य विकास अधिकारी बांगरमऊ कन्हैयालाल ने गंगा कटरी क्षेत्र के ओंकार, मानसिंह, बालकराम, रंजीत कुमार, सुरेंद्र कुमार, धीरेंद्र कुमार, कैलाश, मदनपाल, रामखेलावन, मनोज कुमार व सर्वेश कुमार सहित करीब डेढ़ दर्जन मछुआ समुदाय के लोगों को आइस बॉक्स युक्त साइकिल वितरित किया। इस अवसर पर निषाद पार्टी के विधानसभा प्रभारी उदयभान निषाद ने कहा कि अब साइकिलें मिलने से मत्स्य रोजगार करना आसान होगा और इससे मत्स्य व्यवसाय से जुड़े लोग अच्छी खासी आमदनी कर अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री संजय निषाद के मत्स्य विभाग अंतर्गत प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना सहित जो भी योजनाएं संचालित होंगी, उनसे गंगा कटरी क्षेत्र के मत्स्य पालकों को अवश्य लाभान्वित कराया जाएगा। साइकिल विद आइस बॉक्स वितरण के समय निषाद पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष रामखेलावन निषाद भी मौजूद थे।

## युवक ने फांसी लगा जीवन लीला समाप्त की

- परिजनों ने बिना पीएम के ही शव का कर दिया अतिंम संस्कार

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

आसीवन थाना क्षेत्र में पिता की डांट से छुब्ध होकर युवक ने आम के बगीचे में अंगौछे का फंद्दा बनाकर फांसी लगा ली। ग्रामीणों ने शव लटकते हुए देखा तो परिजनों को घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने शव को नीचे उतारा और बिना पीएम के ही शव का खेत में अतिंम संस्कार कर दिया।

गेंगलामऊ गांव निवासी संदीप पुत्र सुरेश 20 बुधवार की रात को नशे की हालत में गांव पहुंचा था और दूसरे के दरवाजे पर ही सो गया। गुरुवार को पिता ने इसी बात को लेकर डांट दिया जिससे छुब्ध होकर वह गायब हो गया जबकि परिजन खोजबीन करते रहे। दोपहर बाद ग्रामीणों ने गांव से पांच सौ मीटर दूर स्थित आम के बगीचे में पेड़ की डाल पर शव लटकते हुए देखा तो परिजनों को सूचना दी। हालांकि ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन मृतक के परिजन पी एम के लिए तैयार नहीं हुए और शव को खेत में ही आग लगाकर अंतिम संस्कार कर दिया। इस सम्बंध में थाना प्रभारी अखिलेश कुमार तिवारी ने बताया कि हल्का इंचार्ज को मौके पर भेजा गया था लेकिन परिजनों ने शव को जला दिया। मृतक दो भाइयों के बीच बडा था और ग्रामीण इलाकों में फेरी लगाता था जबकि बड़ा भाई अवधेश दिल्ली में मजदूरी करता है एक बहन नीतू है।

# समरसता की शर्त

निःसंदेह, हिंदुत्व में धर्मांधता की कोई जगह नहीं है। सदियों से भारतीय संस्कृति ने दुनिया के तमाम धर्मों को इस देश में अंगीकार किया है। यदि 21वीं सदी में भी हम अतीत में विदेशी आक्रांताओं की कटुता का बोझ ढोते रहे हैं, तो यह समरसता के समाज के लिये हानिकारक ही साबित होगा। यही वजह है कि सुप्रीम कोर्ट ने बर्बर विदेशी आक्रांताओं द्वारा बदले गये ऐतिहासिक नामों को फिर से बदलने के लिये एक आयोग गठन की मांग को सिरे से खारिज कर दिया। कोर्ट ने माना कि विदेशी आक्रांताओं ने अत्याचार किये, लेकिन हम इतिहास को नये सिरे से तो नहीं लिख सकते। सामाजिक समरसता के लिये सामंजस्य स्थापित करना ही होगा। कोर्ट का मानना था कि ऐसी अवधारणाओं को खारिज किया जाना चाहिए जो समाज में विभाजन को बढ़ावा देने वाली हों। साथ ही अदालत ने यह भी कहा कि बड़ी सोच की सनातन संस्कृति को संकीर्ण नजरिये से नहीं देखा जा सकता। इतना ही नहीं, शीर्ष अदालत ने सख्त लहजे में समय के साथ दफन विवादास्पद मुद्दों को संकीर्ण लक्ष्यों के लिये उभारने की नीयत पर भी सवाल उठाये। यह विडंबना ही है कि पिछले कुछ दशकों में वोटों की राजनीति के लिये आये दिन जिलों, सड़कों, स्टेशनों, स्टेडियमों व भवनों के नाम बदलने की परिपाटी ही चल पड़ी है। निश्चय ही इस परिप्रेक्ष्य में कोर्ट की टिप्पणी मार्गदर्शक साबित होगी। साथ ही कोर्ट ने साफ किया कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है, हर व्यक्ति की समानता के लक्ष्य को पाने हेतु सत्ताधीशों की संविधान के प्रति जवाबदेही जरूरी है। दरअसल, शीर्ष अदालत में जस्टिस के. एम. जोसेफ और बी.वी. नागरत्ना की खंडपीठ ने नामकरण आयोग गठित करने की मांग करने वाले याचिकाकर्ता को आड़े हाथ लिया और कहा कि भारत आज अतीत का कैदी नहीं रह सकता। अदालत का मानना था कि शहरों, सड़कों, स्मारकों तथा भवनों का नाम बदलना संकीर्णता का पर्याय है, जिसका मकसद एक समुदाय के अस्तित्व की अवहेलना करना है। जस्टिस जोसेफ ने कहा कि भले ही मैं ईसाई हूं लेकिन मैंने हिंदू धर्मग्रंथों का अध्ययन किया है और इसमें संकीर्णता के लिये कोई स्थान नहीं है। यह सदा सहिष्णुता, विविधता व समावेशी मूल्यों का पक्षधर रहा है। जिसने भारत को दुनिया में विशिष्ट पहचान दी है। ऐसे में अतीत के मुद्दे उठाकर समाज में वैमनस्य पैदा करने की किसी भी कोशिश की न केवल न्यायपालिका द्वारा बल्कि राजनीतिक नेतृत्व द्वारा भी स्पष्ट शब्दों में निंदा की जानी चाहिए। यह विडंबना ही है कि ब्रिटिश शासन के फूट डालो राज करो के एजेंडे को आगे बढ़ाने में स्वतंत्र भारत के राजनीतिक दलों ने कोई कोर कसर बाकी नहीं रखी। दरअसल, मुगलकालीन व ब्रिटिशकालीन नामों को बदलने की कोशिशें राजग सरकार के कार्यकाल में ही नहीं हुई बल्कि कांग्रेस के शासनकाल में भी कनॉट प्लेस और कनॉट सर्कस के नाम बदले गये थे। दरअसल, 'हमारी सरकार, हमारा नामकरण' का नारा केंद्र से लेकर राज्य सरकारों तक में सत्ता के दंभ का परिचायक बन गया है। ऐसे में समृद्ध इतिहास वाले भारत में सांप्रदायिकता व जातिवाद मुक्त भारत के निर्माण का सपना अधूरा ही रहेगा, जब तक समाज में इतिहास को मिटाने व फिर से लिखने की कोशिशें जारी रहेंगी। ऐसे वक्त में जब भारत एक वैश्विक नेता के रूप में उभर रहा है, वह अतीत की कड़वाहट के बोझ को लेकर आगे नहीं बढ़ सकता। इसकी काली छाया उसके भविष्य पर नकारात्मक प्रभाव डालेगी। निःसंदेह, किसी भी देश का इतिहास अतीत के घटनाक्रमों को समझने और सबक सीखने का मौका देता है, उसे बदलने के प्रयास नकारात्मक परिणाम भी दे सकते हैं। अतीत के घटनाक्रम को दल विशेष की सोच के अनुरूप ढालने के प्रयासों से देश की ऊर्जा का क्षय ही होगा। हमें अपनी ऊर्जा को अपनी प्राथमिकताओं पर लगाना चाहिए। अतीत के दंश को भुलाकर हम आगे बढ़ चुके हैं, पुराने जख्मों को कुरेदने से सिर्फ कटुता ही हाथ लगेगी। वक्त की दरकार है कि हम मौजूदा चुनौतियों का मुकाबला करते हुए सुनहरे भविष्य की ओर कदमताल करें। अतीत को भविष्य पर हावी न होने देना किसी सभ्य व स्वस्थ समाज की पहचान भी है।

# गर्मी के अनुमानित भयावह तेवर बनाम सरकारी तैयारियों का मास्टर स्ट्रोक



एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी

**अगर हम केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव द्वारा जारी एडवाइजरी की करें तो उन्होंने मंगलवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों और प्रशासकों को गर्मी से संबंधित बीमारियों पर दैनिक निगरानी के संबंध में पत्र लिखा है। इसे 1 मार्च से लागू किया गया है। इसमें उन्होंने लिखा है – 1 मार्च, 2023 से सभी राज्यों और जिलों में राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन और मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम (एनपीसीसीएचएच) के तहत गर्मी से संबंधित बीमारियों को लेकर दैनिक निगरानी एकीकृत स्वास्थ्य सूचना मंच (आईएच आईपी) आयोजित की जाएगी। गर्मी के मौसम से पहले कुछ स्थानों पर तापमान में असामान्य बढ़ोतरी के बीच, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को गर्मी से निपटने के लिए अलर्ट जारी किया है। ऐसा पहली बार हुआ है कि फ़रवरी के महीने में भीषण गर्मी से बचने के लिए सरकार को एडवाइजरी जारी करनी पड़े। चिट्ठी में कहा गया है कि भारत के कई हिस्सों में अभी से ही सामान्य तरीके से तापमान बढ़ गया है, ऐसे में सरकार के नेशनल क्लाइमेट चेंज प्रोग्राम के मद्देनजर डाटा इकट्ठा किया जाए, कि किस राज्य और किस जिले में कितने लोग गर्मी के शिकार होकर बीमार पड़ रहे हैं, या फिर जान गवां सकते हैं। उसके अलावा अस्पतालों से कहा गया है कि गर्मी से होने वाली बीमारियों को देखते हुए जरूरी दवाओं का स्टॉक, ओआरएस के पाउच, और बाकी सामानों को अस्पताल में पर्याप्त मात्रा में इकट्ठा कर लिया जाए। गर्मी से होने वाली बीमारियों की सर्विलांस देशभर में करने के लिए कहा गया है। सरकार ने गर्मी से बचने के लिए आम लोगों के लिए भी एडवाइजरी जारी की है**

वर्ष 1987 में रिलीज हुई हिंदी पिक्चर फिल्म सिंदूर का आनंद बख्शी द्वारा लिखा गया गीत पतझड़ सावन बसंत बहार एक बरस के मौसम चार हमने सुने हैं जो सृष्टि की सदियों पुरानी संस्कृति थी। परंतु आज वैश्विक स्तर पर जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणामों से पूरी दुनिया विपदाओं से घिरी हुई है। एक जमाना था जब गर्मी सर्दी बारिश का मौसम चार चार महीनों में समय पर बदलता था परंतु शायद हम मानवीय मनमानी और भूलों के ही कारण जलवायु परिवर्तन के रूप में हमें दिख रहा है। अब इन तीनों मौसमों का अंदाज ही बिगड़ गया है। कब कौनसा मौसम कैसा भर आएगा पता नहीं चलता। बस कुदरत का कहर मानकर चला जा रहा है, परंतु आज अब मानवीय सजगता का ही फल है कि जलवायु परिवर्तन पर पेरिस समझौता हुआ है। हम इस दिशा में तीव्रता से आगे बढ़ रहे हैं आने वाले जलवायु परिवर्तनों की विपत्ति का पूर्वानुमान कर हम उसके लिए अलर्ट हो जाते हैं। जैसा कि भारत में दिनांक 28 फरवरी 2023 को केंद्र सरकार के सचिव ने सभी राज्यों को गर्मी से बचने एडवाइजरी अलर्ट जारी किया है। इस बार मौसम का अंदाज बदला-बदला सा नजर आ रहा है और गर्मी के तेवर अभी से दिखने लगे हैं। अभी से तापमान 33 डिग्री तक पहुंच चुका है और फरवरी का मौसम अप्रैल जैसा अहसास दिला रहा है। इससे अनुमान है कि इस बार गर्मी जमकर कहर मचाएगी और लोगों को खूब झुलसाएगी। गर्मी के मौसम में होने वाली बीमारियों के संबंध में आज केंद्र सरकार ने एडवाइजरी भी जारी कर दी है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, गर्मी के अनुमानित कहरी तेवर बनाम सरकारी तैयारियों का मास्टर स्ट्रोक।

साथियों बात अगर हम केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव द्वारा जारी एडवाइजरी की करें तो उन्होंने मंगलवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों और प्रशासकों को गर्मी से संबंधित बीमारियों पर दैनिक निगरानी के संबंध में पत्र लिखा है। इसे 1 मार्च से लागू किया गया है। इसमें उन्होंने लिखा है - 1 मार्च, 2023 से सभी राज्यों और जिलों में राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन और मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम (एनपीसीसीएचएच) के तहत गर्मी से संबंधित बीमारियों को लेकर दैनिक निगरानी एकीकृत स्वास्थ्य सूचना मंच (आईएच आईपी) आयोजित की जाएगी। गर्मी के मौसम से पहले कुछ स्थानों पर तापमान में असामान्य बढ़ोतरी के बीच, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को गर्मी से निपटने के लिए अलर्ट जारी किया है। ऐसा पहली बार हुआ है कि फ़रवरी के महीने में भीषण गर्मी से बचने के लिए सरकार को एडवाइजरी जारी करनी पड़े। चिट्ठी में कहा गया है कि भारत के कई हिस्सों में अभी से ही सामान्य तरीके से तापमान बढ़ गया है, ऐसे में सरकार



के नेशनल क्लाइमेट चेंज प्रोग्राम के मद्देनजर डाटा इकट्ठा किया जाए, कि किस राज्य और किस जिले में कितने लोग गर्मी के शिकार होकर बीमार पड़ रहे हैं, या फिर जान गवां सकते हैं। उसके अलावा अस्पतालों से कहा गया है कि गर्मी से होने वाली बीमारियों को देखते हुए जरूरी दवाओं का स्टॉक, ओआरएस के पाउच, और बाकी सामानों को अस्पताल में पर्याप्त मात्रा में इकट्ठा कर लिया जाए। गर्मी से होने वाली बीमारियों की सर्विलांस देशभर में करने के लिए कहा गया है। सरकार ने गर्मी से बचने के लिए आम लोगों के लिए भी एडवाइजरी जारी की है उसमें हेल्पलाइन नंबर 108 और 102 भी जारी किए गए हैं ताकि किसी भी इमरजेंसी हालात में इन नंबरों पर संपर्क किया जा सके। साथियों बात अगर हम एडवाइजरी के अनुसार गर्मी से बचने के लिए क्या करना है क्या नहीं करना है की करें तो, गर्मी से बचने के लिए क्या करें- दिनभर में खूब पानी पीएं, चाहे प्यास न भी लग रही हो, तब भी पानी पीते रहें।शरीर को डिहाइड्रेट न होने दें। सफर करते वक्त पीने का पानी साथ में जरूर रखें। ओरल रीहाइड्रेशन सोल्यूशन (ओआरएस) का उपयोग करें। साथ ही नींबू पानी, छाछ, लस्सी और फलों के जूस जैसे घर पर बनीं ड्रिंक्स का सेवन भी करें। मौसमी फलों जैसे- तरबूज़, खरबूज़, संतरा, अंगूर, अनन्नास, खीरा, लेटस आदि को जरूर खाएं। हल्के रंग के ढीले और सूती कपड़े ही पहनें। घर से बाहर जाते समय सिर को छाते, हैट, टोपी, तौलिए से ढकें और सीधे धूप सेबचाएं। घर से बाहर जाते वक्त चप्पल या जूते पहनेंजितना हो सके घर, ऑफिस या ऐसी जगह जो वेंटिलेटेड हो और ठंडी हो, वहीं रहें। दिन में खिड़की और दरवाजों को बंद रखें और पर्दे लगाएं। इन्हें रात को खोलें। बाहर सिर्फ सुबह जल्दी या फिर रात को ही निकलें बुजुर्गों, बच्चों, गर्भवती महिलाओं को गर्मी में बाहर न निकलने दें। क्या नहीं करें - दिन में 12 बजे से 3 बजे तक धूप में बाहर न निकलें। दोपहर में ऐसा काम न करें जिसमें ज्यादा मेहनत लगे। नंगे पैर बाहर न निकलें। तेज गर्मी में खाना पकाने का काम न करें। किचन की खिड़कियां और दरवाजे खोलकर रखें ताकि वेंटिलेशन रहे। हाईप्रोटीन फूड्स और बासी खाने के सेवन से बचें शराब चाय कॉफी और सॉफ्ट ड्रिंक्स का सेवन ज्यादा न करें। बच्चों और पालतू जानवरों को पार्क की हुई गाड़ी में न छोड़ें। साथियों बात अगर हम जनता को दी गई एडवाइजरी करें तो, इन बातों का करें पालन- खाना पकाने की जगह को पर्याप्त रूप से हवादार रखने के लिए दरवाजे और खिड़कियां खोलें। शराब, चाय, कॉफी और कार्बोनेटेड शीतल पेय या बड़ी मात्रा में चीनी वाले पेय से बचें क्योंकि ये शरीर के अधिक तरल पदार्थ को नुकसान पहुंचाते हैं या पेट में ऐंठन का कारण बन सकते हैं। अधिक प्रोटीन वाले भोजन से परहेज करें और बासी भोजन न करें। वाहन के अंदर का तापमान खतरनाक हो सकता है। पर्याप्त मात्रा में जरूरी दवाएं, तरल पदार्थ, आइस पैक रखें। उन्होंने आगे कहा, पर्याप्त मात्रा में जरूरी दवाएं, तरल पदार्थ, आइस पैक, ओआरएस और सभी आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता के लिए स्वास्थ्य सुविधा की तैयारी की समीक्षा की जानी चाहिए। सभी स्वास्थ्य सुविधाओं में पर्याप्त पेयजल की उपलब्धता और महत्वपूर्ण क्षेत्रों में ठंडा रखने वाले उपकरणों का संचालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए। पत्र के अनुसार, स्वास्थ्य केंद्रों में ठंड बनाए रखने वाले उपकरणों के लिए बिना रुकावट बिजली की व्यवस्था करके, सौर पैनलों की स्थापना (जहां भी संभव हो), ऊर्जा संरक्षण उपायों और ठंडी या हरी छत, खिड़की के माध्यम से इनडोर गर्मी को कम करने के उपाय किए जाने चाहिए। पानी में आत्मनिर्भरता के लिए वर्षा जल संचयन और रिसाइक्लिंग प्लांट का इंतजाम किया जा सकता है। स्वास्थ्य सचिव ने कहा कि मुझे यकीन है कि आपके प्रभावी नेतृत्व के साथ राज्य इस गर्मी में स्वास्थ्य को लेकर तुरंत निगरानी और प्रबंधन करने में सक्षम होगा। पत्र के साथ राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी) द्वारा तैयार किए गए क्या करें और क्या न करें के बिंदुओं को ऊपर बताया गया है। पत्र में लिखा है, राज्य के स्वास्थ्य विभागों को चिकित्साअधिकारियों स्वास्थ्य कर्मचारियों, जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं को गर्मी से होने वाली बीमारी, इसकी शीघ्र पहचान और प्रबंधन के प्रति संवेदनशील बनाने और क्षमता निर्माण के प्रयासों को जारी रखना चाहिए। इन विषयों पर एनसीडीसी द्वारा विकसित प्रशिक्षण नियमावली उपलब्ध है और इस तरह के प्रशिक्षण के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि, गर्मी से बचके रहना रे बाबा। गर्मी के अनुमानित कहरी तेवर बनाम सरकारी तैयारियों का मास्टर स्ट्रोक। जलवायु परिवर्तन के कारण इस बार गर्मी के ज़मकर कहर बरपाने का अनुमान - केंद्र सरकार ने राज्यों को एडवाइजरी जारी की।

विचार

# मानवीय जीवन के लिए प्रकृति के रक्षक की भूमिका में वन्यजीव



*डॉ. प्रितम भि. गेडाम*

हर साल 3 मार्च को 'विश्व वन्यजीव दिवस' दुनियाभर में जैवविविधता और वन्यजीवों के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। इस साल की थीम 'वन्यजीव संरक्षण के लिए साझेदारी' यह है। बड़े-बड़े जानवरों से लेकर किट-पतंगों तक, पृथ्वी पर जीवन की विशाल विविधता मानव जीवन और कल्याण में बहुत अधिक योगदान देती है। 50,000 जंगली प्रजातियां दुनियाभर में अरबों जनसंख्या की जरूरतों को पूरा करती हैं। दुनिया में हर 5 में से 1 व्यक्ति आय और भोजन के लिए जंगली प्रजातियों पर निर्भर है, जबकि आज भी 2.4 अरब लोग खाना पकाने के लिए लकड़ी के ईंधन पर निर्भर हैं। अनेक गुणकारी पेड़-पौधे भी लुप्तप्राय प्रजातियों के समूह में आ गए हैं। पिछले 40 वर्षों में, वन्यप्रजातियों की आबादी में औसतन 60 प्रतिशत की गिरावट देखी गयी है। वर्तमान में 10 लाख से ज्यादा प्रजातियां खतरे में हैं। सभी को वर्तमान में मौजूद वन्यजीव, प्रजातियों और जलीय जीवन के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना जरुरी है। पृथ्वी पर मानवी जीवन का अस्तित्व बनाए रखने के लिए वन्यजीवों का संरक्षण बेहद आवश्यक है।

***मनुष्य की लालसा चरम पर :-*** जैसा कि हम सब जानते है कि दुनिया में मनुष्य से ज्यादा खुखार, धूर्त, लालची जानवर अन्य कोई नहीं है। आज प्रत्येक मनुष्य खुद के फायदे के लिए जद्दोजहद में लगा हुआ नजर आता है, चाहे उसके स्वार्थ के कारण अनेक मासूमों की जिंदगी तबाह क्यों न हो जाये। गांव उजड़ते जा रहे है, शहरों की ओर तेजी से पलायन जारी है, शहर महानगरों का स्वरुप धारण कर रहे है। शहरों के आसपास के गांवों की उपजाऊ खेती में फसल की जगह अब बड़ी-बड़ी आलिशान इमारतें बनायीं जा रही है। प्रदूषण, मिलावटखोरी, जंगल कटाई, यांत्रिक साधनों का अत्यधिक प्रयोग, नैसर्गिक संसाधनों का अत्यधिक दोहन पर्यावरण के चक्र को बिगाड़ रहा है। आज व्यक्ति को अपने घर-आँगन में खुली जगह या पेड़-पौधे नहीं बल्कि अधिक से अधिक कांक्रीट के कमरे चाहिए, चाहे इसके लिए दूसरों की जगह पर अतिक्रमण ही क्यों न करना पड़े। आज का स्वार्थी मानव अपनी गलती की सजा पुरे पर्यावरण और सजीव वर्ग को दे रहा है, जिसका सीधा असर इकोसिस्टम पर पड़ता है। प्रकृति के साथ छेड़छाड़ करने के कारण ग्लोबल वार्मिंग, ओजोन लेयर की समस्या, बढ़ता तापमान, खाद्यसुरक्षा की कमी, बाढ़ और सूखा, प्राकृतिक आपदा, बढ़ती गंभीर बीमारियां ऐसे ही लोगो की गलती की देन है। उदाहरण के लिए देखा जाए तो दुनिया में उतने लोग नहीं है जितने उनके लिए मोबाइल बनाये गए है, लेकिन जरूरत के बाद ये करोड़ों की संख्या में मोबाइल का सौ प्रतिशत योग्य व्यवस्थापन (रीसायकल) पर्यावरण को कोई भी हानि न पहुंचाते हुए किया जाता है?

***मानवी जीवन वन्यजीवों पर आधारित :-*** आज के इस आधुनिक युग को देख कर तो ये लगता है कि मानव जीवनदायिनी प्रकृति के भक्षक और वन्यजीव प्रकृति के अनादिकाल से रक्षक की भूमिका में तत्परता से लगे हुए है। प्रत्येक मनुष्य को पता है कि



जीवित रहने के लिए सबसे जरुरी शुद्ध प्राणवायु, जल और अन्न ये प्रकृति की देन है, इसके बगैर मानवीय अस्तित्व ख़त्म है। फिर भी लोग सुन्दर जीवनदायिनी प्रकृति को बचाने के बजाय उसी को नुकसान पहुंचाने पर लगे रहते है। वन्यजीव जलवायु परिवर्तन की सुरक्षा करके पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य स्त्रोत बनाये रखने में अहम् भूमिका निभाते है जिससे जैवविविधतापूर्ण इकोसिस्टम बेहतर ढंग से काम करता है। मृदा की गुणवत्ता और उर्वरता में सुधार होता है। वनौषधि, दवा, व्यवसाय हेतु कच्चा माल, शुद्ध हवा, पानी मिलता है। सभी वन्यजीव पर्यावरण के सुधार में मूल्यवान भूमिका निभाते है। कोरोना में लॉकडाउन के दौरान जब दुनिया में मानव निर्मित संसाधन पूरी तरह से थम गए थे, मानवी हस्तक्षेप पूरी तरह से रुक गया था, तब यही जीवनदायिनी प्रकृति वन्यजीवों के बदौलत अपनेआप को तेजी से बेहतर बना रही थी, अर्थात मानव जीवन के लिए आवश्यक नए आयाम बन रहे थे। सुन्दर प्रकृति का अलौकिक नजारा उस समय देखा गया जो हमारी जिंदगी के लिए सबसे मूल्यवान है।


आजकल अक्सर अखबारों में वन्यजीव दुर्घटना, वन्यजीव व मानव संघर्ष, लगातार मृत्यु की खबरें मिलती है। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण अनुसार, देश में इस वर्ष 2023 के पहले दो महीनों में बाघों की मृत्यु की उच्च संख्या 30 पहुंच गई है, जो बेहद चिंताजनक है, यह है देश के राष्ट्रीय पशु की स्थिति। हर साल जंगल का क्षेत्रफल सिकुड़कर मानवी आवासीय क्षेत्रफल तेजी से बढ़ रहा है। गर्मियों के मौसम में अनेक बार सर्वसुविधाओं से परिपूर्ण बुद्धिमान प्राणी 'मनुष्य' भी शुद्ध जल और हरियाली के लिए दूर-दूर तक भटकता नजर आता है। मनुष्य के कल्याण और उनकी समस्याओं के निवारण के लिए जनप्रतिनिधि, मीडिया, प्रशासन, मंत्रालय, न्यायालय जैसी व्यवस्था है, फिर भी अनेक परिस्थिति में मनुष्य हताश नजर आता है। वन्यजीवों की जरूरतें मनुष्य की भांति असीमित नहीं होती है। जंगली क्षेत्र में बढ़ता मानवीय हस्तक्षेप सबसे बड़ी समस्या है वन्यजीवों के लिए। आज लोगों को जंगलों में, प्रकृति की गोद में जीवन के आरामदायक पल बिताने के लिए फार्महाउस चाहिए, परन्तु उस जीवनदायिनी प्रकृति के संरक्षण की जिम्मेदारी नहीं चाहिए। अगर वन्यजीवों को उनके भूख, प्यास की समस्या का निवारण और उनके नैसर्गिक आवास को नुकसान न पहुंचाए तो वे भी अपने अधिवास क्षेत्र में प्राकृतिक रूप से जी सकेंगे। प्रकृति से मानव ने उतना ही लेना चाहिए जितने की उसे जरुरत हो और वक्त के साथ उसे फिर मानव ने प्रकृति को लौटाते हुए चलना चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ी भी पृथ्वी पर खुलकर जी सकें। प्रकृति के आगे हम सब शून्य है, वन्यजीवों का अंत अर्थात मानव जीवन का अंत है। जिंदगी के लिए प्रकृति जीवनदायिनी है और प्रकृति के रक्षा के लिए वन्यजीव सृष्टि आवश्यक है, इसलिए मानव ने अपना अस्तित्व बचाने के लिए वन्यजीवों को बचाना होगा।

साहित्य

झरोखा

## ऐ मुँह मोड़ के जाने वाली, जाते में मुसकाती जा...

**इब्ने इंशा**



ऐ मुँह मोड़ के जाने वाली, जाते में मुसकाती जा
मन नगरी की उजड़ी गलियाँ सूने धाम बसाती जा

दीवानों का रूप न धारें या धारें बतलाती जा
मारें हमें या ईंट न मारें लोगों से फरमाती जा


और बहुत से रिश्ते तेरे और बहुत से तेरे नाम
आज तो एक हमारे रिश्ते मेहबूबा कहलाती जा

पूरे चाँद की रात वो सागर जिस सागर का ओर न छोर
या हम आज डुबो दें तुझको या तू हमें बचाती जा

हम लोगों की आँखें पलकें राहों में कुछ और नहीं
शरमाती घबराती गोरी इतराती इठलाती जा

दिलवालों की दूर पहुँच है जाहिर की औकात न देख
एक नजर बखशिश में दे के लाख सवाब कमाती जा

और तो फैज नहीं कुछ तुझसे ऐ बेहासिल ऐ बेमेहर
इंशाजी से नजमें गजलें गीत कबत लिखवाती जा



# राशिफल

**मेष:-** निराशावादी विचार योजनाओं की सार्थकता में बाधक हैं। एक साथ कई चिंताओं से मन ग्रसित होगा। अभिभावको एवं श्रेष्ठजनो के सहयोग से समस्याएं हल होंगी। जीवन साथी से मधुरता कायम रखें।

**बृषभ:-** सामाजिक संबंधों में ब्यस्तता बढ़ेगी। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। कुछ नये संबंधों के प्रति मन उत्साहित होगा। रोजगार में लाभकारी स्थिति मन को खुश रखेगी।

**मिथुन:-** कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। सभी इच्छाओ को सकार करने से पूर्व गहन सोच-विचार करें। आकस्मिक यात्रा की योजना बन सकती है। घर में खुशहाली रहेगी।

**कर्क:-** महत्वपूर्ण कार्यों की समयानुकूल पूर्ति के लिए मन चिंतित होगा। प्रतिभाओं पर भरोसा रख महत्वपूर्ण लक्ष्यों को फलीभूत करने हेतु केंद्रित हों। ग्रहों की अनुकूलता प्रगति के अवसर प्रदान करेगी।

**सिंह:-** अपने पद एवं मर्यादा ख्याल रखते हुए उच्छृंखल मन को नियंत्रित करें। आकस्मिक कोई सुखद समाचार से मन प्रसन्न होगा। जीवन साथी के साथ मधुरता कायम रखें।

**कन्या:-** कोई नयी इच्छा मन पर प्रभावी होगी। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। कार्यक्षेत्र में व्यस्तता बढ़ेगी। अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। जरूरी कार्य समय से पूर्ण करें।

**तुला:-** सामाजिक गतिविधियों में आपकी क्रियाशीलता बढ़ेगी। नये लक्ष्य एवं नये कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आर्थिक क्षेत्र में परिश्रम का पूरा लाभ प्राप्त होगा। जीवन साथी के स्वास्य के प्रति सतर्कता बरते।

**वृश्चिक:-** नई प्रतिभाएं उजागर होंगी। प्रिय लोगों का सानिध्य मिलेगा। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में मन उसके परिणाम हेतु चिंतित होगा। रोजगार में लाभकारी स्थिति खुश रखेगी।

**धनु:-** नये कार्य के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। काफी दिनों से अवरोधित कोई कार्य हल होने की संभावना है। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयास करें।

**मकर:-** कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतः इसमें सुधार लायें। घर में किसी मेहमान के आगमन से व्यय संभव।

**कुंभ:-** नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। कार्यक्षेत्र में अनवरत् व्यस्तता रहेगी। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। घर-परिवार में वातावरण उत्साहित होगा।

**मीन:-** वाक्यपटुता एवं व्यवहार कुशलता से संबंधों में प्रभावी होंगे। भौतिक आकांक्षाएं सार्थकता के लिए मन को उद्वेलित करेंगी। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति के लिए मन केंद्रित होगा। रोजगार में व्यस्तता रहेगी।

# अमेरिकी दखल से बौखलाया रूस

*संजीव ठाकुर*

यूक्रेन कि अमेरिकी राष्ट्रपति की यात्रा के बाद अब वैश्विक परिदृश्य बदल गया है अमेरिका ने यूक्रेन को अरबों डॉलर की मदद की पेशकश के साथ रूस ने अमेरिका को सीधे चेतावनी दी है यदि इसी तरह युद्ध में हस्तक्षेप किया जाएगा तो परमाणु बम के साथ जैविक बम का इस्तेमाल भी किए जाने की संभावना होगीस रूस ने अपनी बौखलाहट यूक्रेन में फिर से बम वर्षक विमानों से कीव पर बड़ा हमला किया है। अंतर्राष्ट्रीय न्यूज एजेंसी के अनुसार अमेरिकी अरबपति निवेशक जॉर्ज सोरस ने सचेत किया है कि रूस और चीन का सीमा विहीन गठबंधन वैश्विक शांति एवं सभ्यता के लिए खतरनाक हो सकता है। यदि पुतिन और शी जिनपिंग के बीच का गठजोड़ रूस यूक्रेन युद्ध में कारगर साबित होता है तो विश्वयुद्ध की संभावनाएं बढ़ जाएंगी और विश्व युद्ध वर्तमान की मानवीय सभ्यता के लिए एक गतिहीन अवरोध होगा। इस अरबपति अमेरिकी निवेशक जॉर्ज सोरस ने दावोस में अपने वार्षिक प्रतिवेदन में कहा है कि दुनिया को इस युद्ध को जल्द से जल्द समाप्त करने का प्रयास करना चाहिए और इसमें पूरे संसाधन झोंक देने चाहिए। वैश्विक सभ्यता को संरक्षित, पल्लवित करने के लिए सर्वश्रेष्ठ और संभवत एकमात्र तरीका पुतिन को जल्द से जल्द हराना होगा। यह हमला तीसरे विश्वयुद्ध की शुरुआत कर सकता है और हमारी सभ्यता इसे झेल नहीं पाएगी और तहस-नहस हो जाएगी। शाहरुख ने दावा किया है कि पुतिन ने शी जिनपिंग को पहले से ही बता दिया था और दोनों नेताओं की बीजिंग शीतकालीन ओलंपिक के उद्घाटन समारोह में 4 फरवरी को मुलाकात भी हुई थी दोनों ने एक लंबा बयान जारी कर घोषणा की थी कि उन दोनों के बीच संबंधों की और सहयोग की कोई सीमा नहीं है। पुतिन ने सी जिनपिंग को यूक्रेन के विरुद्ध विशेष सैन्य अभियान की जानकारी भी दे दी थी। तब शी जिनपिंग ने पुतिन से ओलंपिक खेलों के होते तक सैन्य अभियान रोकने की बात कही थी। इसी बीच रूस के एक राजदूत ने इस्तीफा देकर पुतिन की इस कार्रवाई का खुलकर विरोध किया था और युद्ध में मारे गए सैनिकों के परिवार ने भी रूस में अपना विरोध दर्ज किया है। पुतिन को अपनी गलतियों का अब धीरे-धीरे एहसास हो रहा है जब यूक्रेन में रहने वाले रूसी भाषा के नागरिकों ने यूक्रेन पर हमले की घोर निंदा की है जबकि पुतिन को उनके समर्थन आशा थी जबकि ऐसा कुछ हुआ नहीं। पुतिन को अब यह एहसास हो गया है कि उन्होंने यूक्रेन पर आक्रमण करके एक बड़ी गलती की है। अब वह संघर्ष विराम के लिए पृष्ठभूमि तैयार करने में लगे हैं जो वर्तमान संदर्भों में संभव नहीं है। क्योंकि विश्व समुदाय का रूस पर भरोसा खत्म हो चुका है। अब या तो पुतिन अपनी हार छुपाने के लिए चाइना की मदद विश्व युद्ध लेंगे या फिर अपनी हार स्वीकार कर अपने पद से इस्तीफा देकर पलायन कर जाएंगे। रूस यूक्रेन युद्ध मैं आज तक कुल मिलाकर 30 लाख करोड़ों रुपए खर्च हो चुके हैं और युद्ध खत्म होने की कोई संभावना नजर नहीं आ रही है। अमेरिका सहित नैटो देश के सदस्य और अन्य यूरोपीय सदस्य



लगातार यूक्रेन की आर्थिक तथा सामरिक मदद करते आ रहे हैं और इस स्थिति में रूस ही कमजोर नजर आ रहा है क्योंकि रूस के तमाम कमांडर और सैनिकों का मनोबल अब लगातार गिरते जा रहा है, इसके पश्चात रूस के नागरिक भी इस युद्ध के अंदरूनी खिलाफ है जबकि यूक्रेन के नागरिक उसी हौसले और उत्साह के साथ अपने नेता जेलेंस्की के साथ खड़े हुए हैं। अब स्थिति यह है कि यूक्रेन के पास ना तो पैसे की कमी है ना ही हथियारों की, वह लगातार रूसी सैनिकों तथा कमांडरों का जमकर विरोध कर रहा है। ये अलग बात है कि मारियोपोल मैं इमारतों के मलबे के निकालने के पश्चात अलग-अलग जगह से चार पांच सौ दबे हुए शव को निकाला गया है। जिससे वहां जनता के बीच हाहाकार मच गया है। इस युद्ध की विभीषिका से यूक्रेन के लगभग एक करोड़ नागरिक यूक्रेन छोड़कर पोलैंड एवं अन्य देशों में शरण लेकर शरणार्थियों की तरह जीवन यापन कर रहे हैं। यूरोपीय देश इन शरणार्थियों को अच्छी सुविधाएं देने के लिए कृत संकल्प हैं और उन्हें किसी भी तरह की कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़ रहा है। वैश्विक राजनीति में चीन और रूस सर्वथा अलग-थलग पड़ गए हैं। ताजा स्थिति के अनुसार अमेरिका ऑस्ट्रेलिया जापान और भारत में टोक्यो सम्मेलन में चीन के बढ़ते औपनिवेशिक वाद के खतरे को भांपते हुए प्रशांत महासागर एवं तीन पेसिफिक क्षेत्र में सैन्य अभ्यास के लिए गठजोड़ कर लिया है। इसी तरह चीन के व्यापारिक फायदों को नुकसान पहुंचाने हेतु अमेरिका ने 13 देशों का एक आर्थिक समूह तैयार कर चीन को वैश्विक राजनीति और आर्थिक योजनाओं से अलग अलग कर दिया है। चीन अब क्वाड सम्मेलन को अपना विरोधी बताकर लद्दाख में अपनी सैन्य तैयारियां भारत के विरुद्ध बढ़ाने में लग गया है। 13 देशों के आर्थिक समुदाय ने भी चीन को एक खुला संदेश देकर चुनौती दे दी है। उल्लेखनीय है कि अमेरिका तथा चीन के विरुद्ध आर्थिक क्षेत्र तथा सामरिक क्षेत्र में खुली प्रतिस्पर्धा मैदान में आ गई है। अमेरिका वैसे भी पूर्व से ही रूस का विरोधी रहा है अब अमेरिका चीन तथा रूसी गठबंधन को आने वाले समय के लिए एक बड़ा खतरा मानते पूरे विश्व को इन दोनों के खिलाफ खड़ा करने का प्रयास कर रहा है। वैश्विक शांति और सभ्यता को नष्ट होने से बचाने के लिए इन दोनों देशों पर नियंत्रण अत्यंत आवश्यक भी है।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक: जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- जितेन्द्र सिंह* मो. : 9554964672
फोन नं. 0522-4077632, 3083627 , *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। RNI No. UPHIN/2013/55887 Email : samradhinews@gmail.com

# सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का किया गया सजीव चित्रण

- सूचना एवं जनसंपर्क विभाग ने लगाई प्रदर्शनी
- जिलाध्यक्ष ने डीएम, सीडीओ के साथ किया फीता काटकर प्रदर्शनी का शुभारंभ



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुँचाये जाने के उद्देश्य से सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ की ओर से जीआईसी ग्राउंड में लगायी गयी तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने डीएम महेंद्र बहादुर सिंह सीडीओ अनिल कुमार सिंह के साथ फीता काटकर शुभारंभ किया। इसके बाद जनप्रतिनिधियों एवं अफसरों ने चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील सिंह ने आमजन से अपील की है कि 2 मार्च से 4 मार्च तक सूचना विभाग द्वारा लगायी गयी चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन कर प्रदेश सरकार के महत्वपूर्ण नीतियों, निर्णयों, उपलब्धियों एवं जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर लाभ उठायें। प्रदर्शनी की सराहना करते हुए कहा कि प्रदर्शनी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का संजीव चित्रण है। प्रदर्शनी से आम जनमानस को सरकार की योजनाओं की पूर्ण जानकारी मिल सकेगी।

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों को जागरुक करना मुख्य उद्देश्य है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोग प्रदर्शनी में आए और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं से अवगत हों साथ ही उनको इसका लाभ मिल सके। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने बताया कि उप्र शासन की मंशानुरूप गरीब से गरीब आदमी तक सरकार की कल्याणकारी योजनाएं पहुंच सके, इसके लिए सजीव चित्रण इस प्रदर्शनी के माध्यम से किया गया है। जो लोग पढ़ नहीं सकते हैं वह इस प्रदर्शनी में देखकर और सुनकर कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जान सकते हैं। उल्लेखनीय है कि सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ की ओर से प्रदेश सरकार के महत्वपूर्ण नीतियों, निर्णयों, उपलब्धियों एवं जन कल्याणकारी योजनाओं यथा मुफ्त वैक्सीन, मुफ्त राशन, मुफ्त इलाज, एक्सप्रेस-वे, एयरपोर्ट, मिशन रोज़गार, मिशन किसान, मिशन शक्ति, ओ.डी.ओ.पी. सहित 'सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास, इरादे नेक-काम अनेक' एवं 'सोच ईमानदार-काम दमदार' विषयक 02 से 04 मार्च 2023 तक तीन दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन जिला मुख्यालय पर जीआईसी ग्राउंड में किया जा रहा है।

### एलईडी वैन के जरिए हुआ योजनाओं का बखान

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की एलईडी वैन के जरिए केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, नीतियों, कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील सिंह, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने अन्य अफसरों की मौजूदगी में एलईडी वैन पर प्रसारित योजनाओं एवं डॉक्यूमेंट्री का प्रसारण देखा, सुना।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर खीरी में साप्ताहिक गतिविधियां शुरू



### हममे है दम, इवेंट से हुआ वर्चुअल आगाज

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

गुरुवार को शासन के निर्देश पर खीरी में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर साप्ताहिक गतिविधियों का आगाज हुआ। सप्ताहिक गतिविधियों के प्रथम दिन महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित वन स्टॉप सेंटर में हममें है दम इवेंट के तहत वर्चुअल कार्यशाला आयोजित हुई, जिसमे महिलाओं, बालिकाओं से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई।

कार्यशाला को वर्चुअल संबोधित करते हुए डीपीओ संजय कुमार निगम ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का थीम है, डिजिटऑल (DigitAll) लैंगिक समानता हेतु नवाचार और प्रौद्योगिकी। लैंगिक समानता और सभी महिलाओं और बालिकाओं के सशक्तिकरण को प्राप्त करने के लिए डिजिटल युग में नवाचार, तकनीकी परिवर्तन और शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका है। नवाचार प्रौद्योगिकी और डिजिटल शिक्षा हेतु लैंगिक- उत्तरदायी दृष्टिकोण महिलाओं और बालिकाओं में उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ा सकता है। डिजिटल प्रौद्योगिकी में प्रगति 2030 हेतु लक्षित सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के अपार अवसर भी प्रदान करती है।

महिला शक्ति केंद्र की जिला समन्वयक श्रीमती निक्की गुप्ता ने कहा कि वर्तमान समय मे समाज की रूढ़ियों को तोड़कर विभिन्न क्षेत्रो में कार्य कर दूसरो के लिए उदाहरण बन रही है। महिलाओं तथा अन्य की सहायता कर रही है। काउंसलर विजेता गुप्ता ने महिलाओ के बारे में वार्ता के साथ ही विभाग से संबंधित समस्त योजनाओ की जानकारी, हेल्पलाइन नम्बर आदि की जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम में महिला कल्याण अधिकारी आर्यमित्र बिष्ट, संरक्षण अधिकारी अनुज चतुर्वेदी, काउंसलर कयूम जवानी में भी अपने सारगर्भित विचार व्यक्त किए। उन्होंने बताया कि आज प्रदेश के गाँवों-कस्बों अथवा शहरों में पुरूषपरक सोचे जाने वाले कार्यो में रूढ़िवादी परंपराओं को पीछे छोड़कर महिलाएं न केवल अपनी पहचान बना रही बल्कि दूसरों को प्रेरणा दे रही है।

वर्चुअल कार्यशाला में महिला कल्याण विभाग से रिनी सिंह, रश्मि वर्मा एवं महिला आरक्षी प्रीति ठाकुर सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं बालिकाएं शामिल हुई।

## खबरें एक नजर में

### राज्य स्तरीय निगरानी समिति की सदस्य ने बिसवां नगर का किया निरीक्षण

**बिसवां, सीतापुर, समृद्धि न्यूज।** नगर पालिका अंतर्गत मोहल्ला झज्जर स्थित मलिन बस्ती में राज्य स्तरीय निगरानी समिति उत्तर प्रदेश की सदस्य पूजा बाल्मिकी द्वारा निरीक्षण किया गया । निरीक्षण दौरान स्वच्छकार महिलाओं से डोर टू डोर वार्ता की तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की विधिवत जानकारी ली जिसमे मलिन बस्तियों में रहने वाले लाभार्थियों से वार्तालाप कर बृद्धापेंशन, विधवा पेंशन,आसरा आवास, पीएम आवास,शौचालय,सार्वजनिक शौचालय,अंत्योदय राशन कार्ड गरीब कल्याण अन्य योजना, पीएम मोदी हेल्थ आईडी कार्ड,आयुष्मान सहकार योजना सम्बन्धी जानकारी प्राप्त की । निरीक्षण के दौरान मलिन बस्ती में साफ सफाई पर सफाई निरीक्षक व कर्मचारियों को जमकर फटकार लगाई इस दौरान उन्होंने कहा कि सफाई व्यवस्था पर यदि हीला हवाली की गई तो कार्यवाही होगी।

### बजाज ग्रुप गोला ने पिछले सत्र का भेजा भुगतान

**गोला गोकर्णनाथ खीरी समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन का आंदोलन 2 माह बीतने के बाद मिल प्रबंधन एवं शासन प्रशासन किसान नेताओं को हिला तक नहीं पाया 28 फरवरी को धरना स्थल गन्ना समिति गोला पहुंचकर मिल प्रबंधन के यूनिट हेड और महाप्रबंधक गन्ना ने किसान नेताओं से वार्ता की थी इसी क्रम में 1 मार्च को 8 करोड रुपए का भुगतान किया गया आज 2 मार्च को 7 करोड़ 50लाख का भुगतान किया गया आज तक पिछले सत्र का 8 मार्च तक का भुगतान किसानों के खातों में भेजा जा चुका है किसान नेताओं के कड़े रुख को देखते हुए मिल प्रबंधन किसानों का पिछले सत्र का पैसा शीघ्र भुगतान करने का लगातार प्रयास कर रहा है होली के त्यौहार पर शासन प्रशासन और मिल प्रबंधन नहीं चाहता कि त्यौहार पर भी किसानों का आंदोलन चलता रहे आंदोलन के चलते गन्ना विभाग के अधिकारी भी परेशान है अगर आंदोलन चलता रहा तो गन्ना विभाग के अधिकारियों की होली पर्व की छुट्टी भी निरस्त हो सकती हैं जिलाध्यक्ष अंजनी दीक्षित का बयान होली के पर्व पर गन्ना समिति ने बैठकर मोटी रोटी और नमक खाएंगे अधिकारियों को टेंशन पहुंचा रहा है आज क्रमिक अनशन पर राजेश कुमार, धर्मेंद्र कुमार , जमुना प्रसाद, सालिकराम वर्मा, श्रवण कुमार यादव, और सहयोग में रामसनेही वर्मा मोहनलाल महेंद्र वर्मा दुलीचंद वर्मा बाल गोविंद वर्मा राम भजन विजेंद्र यादव मैथिली शरण सिंह सरदार अक्षर सिंह ठाकुर जगदीश सिंह सफीउल्लाह खान घनश्याम वर्मा प्रसादी लाल गौतम बाबूराम जितेंद्र कुमार लोक राम सहित कई किसान साथियों का समर्थन रहा।

### ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने शराब की दुकानों का औचक निरीक्षण किया

**कालपी (जालौन), समृद्धि न्यूज।** उप जिलाधिकारी कालपी अभिषेक कुमार आईएएस, कालपी सीओ डा. देवेंद्र पचौरी ने अचानक शहर की प्रमुख शराब की दुकानो को चेक किया। इतना ही नहीं स्टॉक रजिस्टर को सही ढंग से रखने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि शराब ठेके के बाहर भीड़ जमा न हो इस बात को भी कहा उन्होंने कहा कि दुकानों पर कैमरे जरूरी हैं और वाद विवाद की स्थिति न बने इसका सतत प्रयास रहे कितना माल आया और कितना माल बिका इतना ही नहीं कितना माल अभी दुकानों में है सभी का पूँछतांछ के साथ साथ मिलान भी कराया। श्री कुमार ने कहा कि यदि किसी भी प्रकार की कोई शिकायत हो तो बताए परंतु निर्धारित समय सीमा पर ही दुकान बंद करें ओवर टाइम दुकानो को न खोलें। इस मौके पर जांच टीम में आबकारी टीम, एसडीएम कालपी, सीओ कालपी, नायब तहसील दार राजेश पाल के अलावा सदर लेखपाल जयवीर सिंह भी मौजूद रहे।

### वारंटी पुलिस के हत्थे चढ़ा

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** अपराधियों के खिलाफपुलिस द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस फरार चल रहे वारंटी को गिरफ्तार कर लिया है तथा उसे न्यायालय में पेश किया गया है। पुलिस अधीक्षक के सख्त निर्देश के पुलिस अपराधियों के खिलाफकार्रवाई करने में लगी हुई है। उपनिरीक्षक कल्लू प्रसाद यादव ने गाली-गलौज व मारपीट के साथ दलित उत्पीड़न के फरार चल रहे वारंटी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने वारंटी दर्शन लाल पुत्र गनेश निवासी ग्राम छिरिया सलेमपुर को पकड़कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे जेल भेजा गया।

# आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत जनपद के थानों पर पीस कमेटी की मीटिंग का आयोजन

**लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज।**



02 फरवरी 2023 को जनपद के थाना शारदानगर, थाना पसगवां, थाना मितौली, थाना चन्दनचौकी सहित जनपद के विभिन्न थानों द्वारा पीस कमेटी की मीटिंग का आयोजन किया गया। उक्त मीटिंग के दौरान क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्ति, ग्राम प्रधान, भूतपूर्व ग्रामप्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य, जिला पंचायत सदस्य व सभी धर्मों के धर्म गुरु मौजूद रहे। इस दौरान सभी से आगामी त्योहारों को आपसी भाईचारा, समरसता, शान्तिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाये जाने की अपील की गई। किसी प्रकार का विवाद न होने दे। त्योहारों पर अशान्ति व उपद्रव करने वाले अराजक तत्वो की पहचान कर के तुरंत सूचना दें। कोई नई परंपरा न डालें नियमों का उल्लंघन करने पर कार्रवाई होगी। साथ ही किसी भी प्रकार के अफवाह एवं झूठी व भ्रामक खबरों को प्रचारित/प्रसारित नहीं करने तथा किसी भी प्रकार की घटना के संबंध में तत्काल स्थानीय पुलिस को सूचित करने हेतु निर्देशित किया गया।

# आरटीओ के नेतृत्व में चला प्रवर्तन अभियान, मचा हड़कंप

### एआरटीओ ने किया दो बस व चार यात्री वाहनों को सीज

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** सड़कों पर सड़क सुरक्षा को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गुरुवार को एआरटीओ (प्रवर्तन) रमेश कुमार चौबे ने दिनभर प्रवर्तन अभियान चलाया। प्रवर्तन दल ने सड़क सुरक्षा नियमों की अनदेखी करने वालों पर शिकंजा कसा।

प्रवर्तन अभियान के दौरान एआरटीओ ने एक बस 04 यात्री वाहन यथा मैजिक, ऑटो को कर बकाया एवं बिना फिटनेस मिलने पर सीज किया। वही इन सभी वाहनों में क्षमता से अधिक सवारियां यात्रा करती मिली। यात्रियों को भी सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी देते हुए सुरक्षित सफर करने की सलाह दी। मैलानी में एआरटीओ ने एक बस को कर बकाया होने पर सीज किया। एआरटीओ की इस कार्यवाही से पूरे क्षेत्र में दिनभर अफरातफरी का माहौल रहा।





### चार्टर्ड अकाउंटेंट औरैया ने शिक्षा महकमे को दान किये दस स्मार्ट टीवी

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी चाँदनी सिंह ने जनपद के 10 विद्यालय में स्मार्ट क्लास के संचालन हेतु स्मार्ट टीवी का जिलाधिकारी कार्यालय में वितरण किया। उन्होंने कहा कि स्मार्ट क्लास के संचालन से विद्यालय का शैक्षिक वातावरण भी परिवर्तित होगा और बच्चे को भी पढ़ने में एक अलग आनंद की अनुभूति होगी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सचिन कुमार ने बताया कि संजय पाण्डेय, चार्टर्ड अकाउंटेंट औरैया द्वारा 10 स्मार्ट टीवी बेसिक शिक्षा विभाग को दान स्वरूप प्रदान की गई हैं। जिलाधिकारी ने 10 स्मार्ट टीवी प्राथमिक विद्यालय डगरु का पुरवा, कन्या प्राथमिक विद्यालय पिपरी गहरवार, उच्च प्राथमिक विद्यालय हदरुख कम्पोजिट, उच्च प्राथमिक विद्यालय मदनेपुर कम्पोजिट, उच्च प्राथमिक विद्यालय में मिहोना, प्राथमिक विद्यालय बिजवाहा, उच्च प्राथमिक विद्यालय सिलउवा जागीर, प्राथमिक विद्यालय ककहरा, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय टिहर, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय पिंडारी में स्मार्ट क्लास के संचालन हेतु वितरित की।

# लापरवाही की इंतहा सरकारी दवायें कूड़ेदान में फेंकी गयी

- जिम्मेदारों ने नाकामी छिपाने का किया असफल प्रयास
- सीएमओ बोले मामले की करायेंगे जांच, दोषी के विरुद्ध होगी कार्यवाही

**उरई (जालौन)।**



बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुठौंद का अनोखा कारनामा आया सामने जहां बिना एक्सपायरी सीरफ व गोलियां बड़ी संख्या में कूड़ेदान में फेंकी जा रही हैं। स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही से कीमती दवाओं को कूड़ेदान में फेंका जा रहा है। कस्बा कुठौंद में मुख्य बाजार स्टैंड पर दबाओं को कूड़ेदान में देखकर लोगों के होश उड़ गए। क्योंकि उन्हें भटकते रहने के बावजूद दवाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। लोगों का कहना है कि उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुठौंद में सरकारी सुविधाओं का उस स्जर पर लाभ नहीं मिल पाता है जितना उन्हें मिलना चाहिये। ग्रामीणांचल से हर रोज बड़ी संख्या में बीमार अस्पताल पहुंचते हैं जहां उन्हें दवाओं के नाम पर खानापूर्ति की जाती है।

कूड़ेदान में दवाओं को फेंके जाने से अस्पताल प्रशासन की बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाओं की पोल खुलती नजर आयी। जबकि कूड़ेदान में दवाइयों पर 06.2021 से 05.2023 की एक्सपायरी डेट पड़ी थी। जानकारी होने पर सीएचसी अधीक्षक ने मौके पर जाना उचित नहीं समझा बस सीसीटीवी कैमरे चेक करने की बात कही। आपको बताते चलें अस्पतालों में दवाओं की कोई कमी नहीं डिप्टी सीएम व स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक यूपी की जनता के स्वास्थ्य के लिए सरकारी अस्पतालों में दवाओं की कोई कमी ना हो इसके लिए प्रयास कर रहे हैं। सरकार द्वारा करोड़ों रुपए की दवा सरकारी अस्पतालों व डिस्पेंसरियों में दी जा रही हैं। जहां ज्यादातर गरीब लोग चेकअप के लिए जाते हैं। जहां यह दवाएं उन्हें मुफ्त में जहां मिलनी चाहिए लेकिन गरीब जनता तक दवाएं बहुत कम ही पहुंच पाती हैं। सीएचसी कर्मी द्वारा इन दवाओं को कूड़े के ढेर में फेंक दी गई। वायरल वीडियो के संबंध में जब सीएमओ डा. नरेंद्र देव शर्मा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि वीडियो की जांच करायी जायेगी जिसमें जो भी दोषी पाए जाएंगे उनके विरुद्ध सख्त कार्यवाही अमल में लायी जाएगी साथ ही सत्यता पाए जाने पर दोषी की तनख्वाह से दवाओं के मूल्य की रिकवरी की जाएगी।

# उद्यान विभाग द्वारा किसानों को वितरित किये गये प्लास्टिक कैरेट

- कैरेट से किसानों को फसल मंडी ले जाने में होगी बड़ी सुविधा

**बिसवां (सीतापुर), समृद्धि न्यूज।**

उद्यान विभाग सीतापुर की द्वारा क्षेत्र के सात प्रगतिशील किसानों को प्लास्टिक के कैरेट वितरित किये गये। किसानों को बाजारों तक अपने उत्पाद को ले जाने में आसानी होगी। कैरट पाने वाले किसानों में खुशी का माहौल है। उनका कहना है कि पहली बार सीतापुर के उद्यान विभाग द्वारा किसानों के साथ हित की बात की गयी है जिसमें सब्जी उत्पादन करने वाले किसानों में ज्यादा खुशी का माहोल बना हुआ है। किसानों का कहना है कि इस सरकार में इसके पहले भी किसानों को सब्जी के बीज टमाटर, लौकी, तरोई आदि बीज वितरित किये जा चुके हैं और अब इन कैंपों के माध्यम से किसानों के खेत में तैयार टमाटर की फसल को मण्डी ले जाने में सहायता मिलेगी।

कैरेट का वितरण उद्यान विभाग रेउसा सीतापुर के निरीक्षक देवेन्द्र जी द्वारा ग्राम पंचयात सिकौहा में जाकर किसान बागेश, रमेश, राजीव, अवधेश गौतम आदि सात किसानों को किया गया। उन्होंने बताया कि कि इन सात किसानों को 180 प्लास्टिक के कैरेट इस का वितरण किया गया है। इस मौके पर गांव के अनेक संभ्रांत लोग व किसान मौजूद रहे।

# 29 स्कूलों की मान्यता होगी समाप्त

**बिसवां (सीतापुर), समृद्धि न्यूज।** शैक्षिक सत्र 2022/23 हेतु यू डायस पोर्टल पर डाटा फीडिंग का कार्य पूर्ण न करने वाले विकास खण्ड बिसवां के मान्यता प्राप्त विद्यालय व मदरसों को खण्ड शिक्षा अधिकारी शिव मंगल वर्मा ने दो दिन का अंतिम अवसर देते हुए नोटिस जारी की है । जारी नोटिस में कहा गया है कि मदरसा अमन सोसाइटी जलालपुर, मदरसा दारूल उलूम जोशीटोला, मदरसा हिंदुस्तान पब्लिक स्कूल सेठगंज, मदरसा वारिस मेमोरियल ने यू डायस का न तो कार्य किया है और न ही विभागीय निर्देशों का अनुपालन। इसी प्रकार पोर्टल पर 25 विद्यालयों ने कई बार सूचना देने के बाद भी टीचर डाटा फीडिंग का कार्य पूर्ण नहीं किया है। सभी को अगले दो दिवस में कार्य पूर्ण करने हेतु आदेशित किया गया है अन्यथा की दशा सभी की मान्यता प्रत्याहरण के लिए उच्च अधिकारियों को सूची प्रेषित कर दी जाएगी। इस बात की जानकारी खण्ड शिक्षा अधिकारी बिसवां शिव मंगल वर्मा ने दी है।

# जालौन पुलिस ने 31 ग्राम स्मैक सहित युवक को किया गिरफ्तार

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।**



कोतवाली पुलिस ने 31 ग्राम स्मैक के साथ एक युवक को पकड़ा। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे जेल भेजा गया।

स्मैक एक ऐसा नशा है जिससे घर बर्बाद होते हैं। नगर में स्मैक की बिक्री की सूचना सीओ उमेश पांडेय को मिल रही थी। मादक पदार्थ की बिक्री को रोकने के निर्देश कोतवाली पुलिस को दिए गए थे। बुधवार की रात करीब 8 बजे कोतवाल कुलदीप तिवारी को सूचना मिली कि छत्रसाल मोड़ के पास एक युवक नशीला पदार्थ लेकर जा रहा है। सूचना मिलते ही कोतवाल कुलदीप तिवारी, चौकी प्रभारी अतुल राजपूत समेत पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। संदिग्ध युवक को रोककर जब उसकी तलाशी ली गई। तो पुलिस ने आरोपी युवक के पास से 31 ग्राम स्मैक बरामद की। कोतवाली लाकर पुलिस ने आरोपी के खिलाफरिपोर्ट दर्ज की। उक्त संदर्भ में कोतवाली में सीओ उमेश पांडेय ने बताया कि 31 ग्राम नाजायज स्मैक के साथ कसीम उर्फ आडवानी को पुलिस टीम ने पकड़ा है। जिसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। नशीले पदार्थो के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# पुराने पेडिंग वादों पर होली के बाद होगी सुनवाई

- अधिवक्ताओं की समस्याओं को लेकर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट से मिले अधिवक्ता एसोसियेशन अध्यक्ष

**कालपी (जालौन), समृद्धि न्यूज।**



बुधवार को अधिवक्ता एसोसिएशन कालपी अध्यक्ष जयकिशोर कुलश्रेष्ठ ने ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कालपी अभिषेक कुमार से मुलाकात कर साथियों की समस्याओं से अवगत कराया। उनकी सभी बातों को गंभीरता से सुनते हुये एसडीएम कालपी ने एक समय सीमा के अंदर उन समस्याओ के निस्तारण करने का आश्वसान भी दिया। हालांकि दोनों पक्ष अपनी अपनी बात अपनी अपनी जगह सही कह रहे थे।

अधिवक्ता एसोसिएशन का कहना था कि नये मुकदमे रजिस्टर्ड कर तारीख दी जाय एसडीएम कालपी का पक्ष था अभी पिछले मुकदमें जो हड़ताल के दौरान के पेंडिंग हैं उनको तो क्लियर हो जानें दे दरअसल पूर्व में अधिवक्ताओं और एसडीएम के बीच बात न बनने को लेकर अधिवक्ताओं की लम्बी हड़ताल रही और कार्य प्रभावित रहा इसमे कतई दो राय नहीं कि जबसे कालपी एसडीएम का चार्ज आईएएस अभिषेक कुमार ने संभाला है जनता दरबार हो या ऑफिस का काम जितना जिम्मेदारी से देखते हैं उतना ही जिम्मेदारी से कोर्ट का कार्य भी करते हैं और हर समस्या को प्राथमिकता से निबटाने का प्रयास भी करते हैं। उन्होंने अधिवक्ताओ को भरोसा दिलाया कि होली के बाद पुराने पेंडिंग मामले निबट जाएंगे और आगामी एक माह के अंदर सारे पेंडिंग मामले खत्म करने की पूर्ण कोशिश करूंगा। इस मौके पर बार अध्यक्ष एड. जय किशोर कुलश्रेष्ठ, एड. रवि तिवारी, एड. दीपचंद्र सैनी वरिष्ठ पत्रकार भी मौजूद रहे।

# कन्या पूजन व भण्डारे के साथ हुआ मेले का उद्घाटन

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

### जिलाधिकारी की हुई तारीफ, बजी तलियां



विश्व प्रसिद्ध धार्मिक एवं पौराणिक 84 कोसीय होली परिक्रमा मेला महोत्सव का भव्य उद्घाटन सांसद अशोक रावत, विधायक रामकृष्ण भार्गव, जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, जिलाधिकारी अनुज सिंह, पुलिस अधीक्षक घुले सुशील चन्द्रभान, अपरजिलाधिकारी राम भरत तिवारी, उपजिलाधिकारी मिश्रिख अनिल कुमार सहित उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की उपस्थिति में फीता काटकर एवं विधि विधान से कन्या पूजन व भण्डारे के साथ किया गया।

सांसद अशोक रावत ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज से 84 कोसीय मेला नैमिष की धरती के मिश्रिख में प्रवेश कर चुका है। यह परिक्रमा मिश्रिख से शुरू होते हुए हरदोई क्षेत्र तक जाती है जिस कारण से हम सभी का लगाव इस मेले से लगा हुआ है। इस बार जो विकास हुआ है उसकी चर्चा आर पास के जिले में भी है जो आस पास के जिले से श्रद्धालु आते है वह इस मेले के विकास की चर्चा अपने जिले में भी जाकर करते है कि किस प्रकार डबल इंजन की सरकार और प्रशासन के नेतृत्व में नैमिष का विकास हुआ है और जो सुविधाए और व्यवस्थाएं दी जा रही है वह काफी अच्छी हुयी है। उन्होंने कहा योगी जी ने तो नैमिष तीर्थ विकास परिषद की धोषणा भी कर दी है जिससे कि आगे आने वाले समय में नैमिष का और विकास होगा जो लोगों ने कभी सोचा भी न होगा। जिलाध्यक्ष भाजपा अचिन मेहरोत्रा ने अपने सम्बोधन में कहा कि डबल इंजन की सरकार के नेतृत्व में आज नैमिष की पावन धरती को विश्व स्तर के पटल पर आधुनिक दर्जा प्राप्त हुआ है। उन्होनें कहा कि नैमिष के विकास के लिए जो भी सुझाव दिये जाते है उसका समाधान सरकार और प्रशासन मिल कर करता है। इसके अतिरिक्त समय-समय पर अधीनस्थों का मार्गदर्शन किया गया। सभी सम्बंधित विभाग के स्टाफ/अधिकारियों के सहयोग के फलस्वरूप यह वृहद एवं धार्मिक परिक्रमा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो रही है।

**श्री बैजनाथ शिवकला स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंगलपुर, बाराबंकी**
**(डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, फैजाबाद से सम्बद्ध)**

पत्रांक : बी0एस0एम0 — दिनांक, 27.2.2023

**आवश्यकता है**

**कला संकाय/ विज्ञान संकाय** –यू0जी0सी0 द्वारा न्यूनतम अहर्ताधारी प्रवक्ताओं की- 01 प्रवक्ता – चित्रकला तथा विज्ञान संकाय – 01प्रवक्ता –पर्यावरण विषय, प्रत्येक विषय में एक–एक प्रवक्ता निश्चित वेतनमान रुपए 15000/–से 18000/–में आवश्यकता है।

एम0एस0सी0 (परास्नातक)–06 प्रवक्ता– यू0जी0सी0 द्वारा न्यूनतम अहर्ताधारी प्रवक्ताओं की–जंतु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, एवं गणित–प्रत्येक विषय में 02 प्रवक्ताओं की वेतनमान रुपए 18000 /–से रु./–22000/– में आवश्यकता है।

**नोटः-** आवेदन पत्र, सभी प्रमाण पत्रों की प्रमाणित प्रतियों सहित दो फोटो के साथ महाविद्यालय कार्यालय में 15 दिवस में पहुंच जाना चाहिए।

**प्रबंधक रमेश कुमार वर्मा**
**मो0 नं. - 9005428366**

# शांतिपूर्वक मनाए शबे-ए-बारात व होली का त्यौहार

**दुद्धी/सोनभद्र, समृद्धि न्यूज़**



स्थानीय कोतवाली परिसर में गुरुवार को आगामी पर्व शब्बेबारात रंगों का पर्व होली को लेकर नवागत उपजिलाधिकारी श्याम प्रताप सिंह के अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में सीओ आशीष मिश्रा ने दोनों समुदाय के लोगों से अपने अपने त्यौहारों के मनाए जाने को लेकर जानकारी ली गयी जिस पर नंदलाल अग्रहरी ,कन्हैया लाल अग्रहरी ने होली त्यौहार के आयोजन के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि 6 मार्च रात्रि 12 बजे के बाद होलिका दहन किया जाएगा, 7 मार्च को संकट मोचन मंदिर पर फाग उत्सव का कार्यक्रम होगा वहीं 8 मार्च को रंगों का त्यौहार होली मनाई जाएगी , वहीं मुस्लिम पक्ष से सैफुल्लाह उर्फ लाला बाबु एडवोकेट ने अधिकारियों को बताया कि मुस्लिमो का शब्बे बारात का पर्व 7 मार्च को मनाया जाएगा जिसमें शाम ऐशा के नमाज के बाद मस्जिद प्रांगण में तक़रीर का कार्यक्रम का आयोजन होगा।

फज्र के नमाज के बाद लोग सुबह कब्रिस्तान जाकर फ़ातिहा पढ़ कर अपने घरों को वापस होंगे यह कार्यक्रम सुबह 7 बजे तक सम्पन्न हो जाएगा। इसके अलावा बीडर प्रधान रामसुरेश, टेढ़ा प्रधान प्रतिनिधि सरजू यादव, निमियाडीह के उदय गुप्ता ने भी अपने यहां आयोजन को लेकर जानकारी दी। सुरेंद्र गुप्ता ने होली त्यौहार में साफ सफाई व बिजली व्यवस्था को सुचारू रखने की मांग उठाई। डॉ लवकुश ने कहा होली में रैश ड्राइविंग के कारण दुर्घटनाएं भी हो जाती है ऐसे में हम सब को मानवता दिखाते हुए घायलों को अस्पताल पहुँचाना है। सीओ आशीष मिश्रा ने कहा कि त्यौहार को हर्षोउल्लास से मनाए ,रंगों के त्यौहार में नशे के प्रयोग से बचे और विशेषकर युवा को इसको गंभीरता से ले कही भी कोई ऐसा हुड़दंग ना करे कि लेने के देने पड़ जाए जिससे त्यौहार में कोई खलल ना हो। उपजिलाधिकारी श्याम प्रताप सिंह ने कहा कि दोनों समुदाय के लोग अपने अपने त्यौहारों को सौहार्द से मनाए , होली में विशेषकर नशा के सेवन बचे ,वहीं डीजे की ध्वनि भी मानक से तेज ना रखे जिससे अन्य लोगों को परेशानी हो ,बाकी प्रशासन ने अपने तरफ से तैयारियां कर ली है ,त्यौहार में उपद्रव करने वालों से प्रशासन सख्ती से निपटेगी। उन्होंने नगर इओ भारत सिंह को सुचारू रूप से जलापूर्ति के निर्देश दिए वहीं बिजली विभाग के एसडीओ तीर्थराज को विद्युत व्यवस्था माकूल रखने की ताकीद की। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक सुभाष राय, जितेंद्र श्रीवास्तव , कुलभूषण पांडेय , संदीप गुप्ता , दिलीप पांडेय , राफ़े खान ,इब्राहिम खान के संख्या में तमाम गांव के ग्राम प्रधान मौजूद रहें।

## जसप्रीत बुमराह सर्जरी के लिए जाएंगे न्यूजीलैंड

**मुंबई (एजेंसी)।** पीठ की चोट के कारण टीम इंडिया से बाहर चल रहे तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह सर्जरी कराने के लिए न्यूजीलैंड जाएंगे। बीसीसीआई की मेडिकल टीम और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) जोफ्रा आर्चर की सर्जरी करने वाली डॉक्टर के संपर्क में है। जल्द ही बुमराह सर्जरी कराने के लिए ऑकलैंड जा सकते हैं। वहां पर सर्जन रोवन शाउटन बुमराह की पीठ का ऑपरेशन करेंगे। शाउटन ऑर्थोपेडिक्स के प्रमुख सर्जन ग्राहम इंगलिस के साथ भी काम कर चुके हैं। इंगलिस ने मुंबई इंडियंस के गेंदबाजी कोच शेन बॉन्ड सहित न्यूजीलैंड के कुछ खिलाड़ियों का ऑपरेशन किया था। साथ ही शाउटन ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जेम्स पैटिनसन की सर्जरी में भी इंगलिश का हेल्प कर चुके हैं। वहीं साउटन आर्चर के अलावा जेसन बेहरेनडॉर्फ की भी पीठ की सर्जरी कर चुके हैं। बुमराह पिछले साल सितंबर महीने में चोट के कारण टीम से बाहर हुए थे।

## मिताली ने लगाया ठुमका, वीडियो वायरल लोग बोले- मल्टी टैलेंटेड प्लेयर हैं आप!

**नई दिल्ली।** विमेंस प्रीमियर लीग के पहले संस्करण की तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। 4 मार्च 2023 से इस लीग की शरुआत होने वाली है। टूर्नामेंट का पहला मैच गुजरात जायंट्स और मुंबई इंडियंस के बीच मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेला जायेगा। मैच से पहले गुजरात जायंट्स टीम में मेंटर और सलाहकार की भूमिका निभाने वाली मिताली राज अपनी टीम मेंमबर्स के साथ मौज-मस्ती करते नजर आ रही हैं। वो %मन हारी तन हारी सुकुमारी प्रियतमा% गाने पर डांस कर रही हैं। सोशल मीडिया पर गुजरात जायंट्स की आधिकारिक ट्वीटर हैंडल से एक वीडियो क्लीप शेयर की है। गुजरात जाइंट्स ने अपने ट्विटर हैंडल पर मिताली राज का एक वीडियो शेयर करते हुए लिखा, %जब आपको पता चलता है कि यह ढ्ढक्कक्र का महीना है।% इस वीडियो में सिर्फ मिताली ही नहीं ब्लकि उनके पीछे दो महिला खिलाड़ी भी डांस करती हुई नजर आ रही हैं।

## पहला टेस्ट : साउथ अफ्रीका ने मारी बाजी, वेस्टइंडीज को 87 रन से दी मात

**नई दिल्ली।** साउथ अफ्रीका और वेस्टइंडीज के बीच दो टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मैच सेंचुरियन में खेला गया। पहले टेस्ट मैच में मेजबान टीम ने मेहमान टीम यानी वेस्टइंडीज को 87 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ अफ्रीकी टीम ने दो मैचों के टेस्ट में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। साउथ अफ्रीका ने वेस्टइंडीज के सामने 247 रनों का टारगेट रखा था, जिसका पीछा करते हुए वेस्टइंडीज की टीम 159 रन पर ही सिमट गई। वेस्टइंडीज की बल्लेबाजी की बात करें तो जर्मेन ब्लैकवुड ने 79 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। उनके अलावा वेस्टइंडीज के कोई भी बल्लेबाज अफ्रीकी गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सके। अफ्रीका की ओर से दूसरी पारी में कागिसो रबाडा ने सबसे ज्यादा 6 विकेट हासिल किए। पहली पारी की बात करें तो वेस्टइंडीज ने साउथ अफ्रीका को 342 रन पर ऑल आउट कर दिया। वहीं, वेस्टइंडीज ने पहली पारी में 212 रन बनाए। तेज गेंदबाज एनरिक नोर्खिया ने 36 रन देकर 5 विकेट झटक लिए। इसके अलावा कगिसो रबाडा और गेराल्ड कोएत्जी को भी 2-2 विकेट लिए। पहली पारी में 342 के जवाब में वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही और 58 के स्कोर पर ही दोनों ओपनर्स पवेलियन लौट गए। क्रैग ब्रेथवेट को कगिसो रबाडा ने बोल्ड कर दिया। वहीं, तेजनरायण चद्रपॉल को जिराल्ड कॉट्जी ने आउट किया। इसके बाद रेयमन रेफर के 62 और ब्लैकवुड के 37 रन की बदौलत वेस्टइंडीज ने 100 के आंकड़े को पार किया। इसके बाद वेस्टइंडीज की पारी 212 रन पर सिमट गई। वहीं, दूसरी पारी में मेहमान टीम महज 159 रन पर सिमट गई।

## भारतीय बल्लेबाजों के लचर प्रदर्शन पर चेतेश्वर पुजारा का फूटा गुस्सा

**नई दिल्ली।** इंदौर के होलकर क्रिकेट स्टेडियम में खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन स्पिनर्स का बोलबाला रहा। इस मैच में निथन लियोन ने ने 8 विकेट चटकाए और भारतीय टीम को दूसरी पारी में 163 रन पर ढेर किया। इसके साथ ही कंगारू टीम को तीसरा टेस्ट मैच जीतने के लिए सिर्फ 75 रन का आसान लक्ष्य मिला है। बता दें कि दूसरी पारी में चेतेश्वर पुजारा के अलावा कोई बल्लेबाज ज्यादा देर तक क्रीज पर टिक नहीं सके। होलकर स्टेडियम की मुश्किल पिच पर पुजारा ने सबसे ज्यादा 59 रन बनाए। भारतीय टीम की खराब बल्लेबाजी पर चेतेश्वर पुजारा ने भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि इस पिच पर बैटिंग करना काफी मुश्किल है। एक बल्लेबाज के रूप में आपको अपने डिफेंस पर भरोसा रखना होगा। शॉर्ट गेंदों को आपको बैकफुट पर आकर खेलने की जरूरत है। उन्होंने आगे कहा कि 75 रन का लक्ष्य कुछ ज्यादा बड़ा नहीं है। हालांकि, अभी भी एक मौका है। पुजारा ने पिच को लेकर कहा, एक बल्लेबाज के रूप में आपको अटैक और डिफेंस दोनों गेम खेलने की जरूरत है। आप अगर लगातार डिफेंस करते रहेंगे, तो कोई न कोई बॉल आपके दस्ताने पर लग ही जाएगा। पुजारा ने आगे बताया कि बेटिंग के वक्त मेरी कोशिश थी कि मैं पॉजिटिव रहकर ज्यादा से ज्यादा रन बना सकूं।

# 17-18 को आयोजित होगी विशेष लोक अदालत

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज़**



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के पत्र के अनुपालन में आगामी 25 मार्च को मोटर दावा दुर्घटना अधिकरण तथा 17 व 18 मार्च को बैंक ऋण संबंधी प्रीलिटिगेशन वाद के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।यह आयोजन जनपद न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संजीव फौजदार की अध्यक्षता और अपर जिला न्यायाधीश व सचिव जिला विधिक विधिक सेवा प्राधिकरण की देखरेख में जनपद न्यायालय परिसर में होगा जिसका प्रचार प्रसार किया जा रहा है।विशेष लोक अदालत में अधिक से अधिक वादो को आपसी सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित कराया जा सकता है।इसी क्रम में गुरुवार को अपर जिला न्यायाधीश व सचिव जिला विधिक विधिक सेवा प्राधिकरण श्री यादव के विश्राम कक्ष में बैंक के अधिकारियों के साथ बैठक कर विस्तृत विचार विमर्श किया गया।बैठक में अपर जिला न्यायाधीश व सचिव जिला विधिक विधिक सेवा प्राधिकरण श्री यादव द्वारा निर्देशित किया गया कि आगामी विशेष लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण किया जाय तथा आगामी विशेष लोक अदालत में अधिक से अधिक वाद को चिन्हित कर विशेष लोक अदालत को सफल बनाया जाय।

# रसोई गैस की मूल्य वृद्धि पर भड़के कांग्रेसी, प्रदर्शन

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज़**



केंद्र सरकार द्वारा रसोई गैस के दामों में की गई मूल्य वृद्धि के विरोध में गुरुवार को कांग्रेस पार्टी ने प्रदर्शन किया।जिलाध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में कांग्रेस जनों ने कांग्रेस कार्यालय पर इकट्ठा होकर सरकार विरोधी नारे लगाए जिसके बाद सिटी मजिस्ट्रेट ने वहीं आकर कांग्रेस जनों से ज्ञापन ले लिया।

इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष श्री यादव ने कहा कि पहले से महंगाई की मार झेल रही आम जनता पर त्योहारों के ठीक पहले रसोई गैस की मूल्य वृद्धि करके भाजपा सरकार ने यह साबित कर दिया कि उसे आमजन से कोई सरोकार नहीं है।

पीसीसी सदस्य राजेंद्र प्रताप सिंह तथा उग्रसेन मिश्रा ने कहा कि भाजपा सरकार ने महंगाई बढ़ाकर आम व्यक्ति का घरेलू बजट बिगाड़ दिया है। महानगर अध्यक्ष वेद सिंह कमल ने कहा कि भाजपा सरकार जनता के हितों की अनदेखी कर रही है जहां बेरोजगारी चरम पर है वहीं महंगाई ने आमजन का जीना मुहाल कर दिया है।

जिला कांग्रेस प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम ने कहा कि केंद्र प्रदेश में बैठी भाजपा की सरकार हर मुद्दों पर विफल हो चुकी है पूरे प्रदेश में अपराध बढ़ रहा है।

### विमेंस प्रीमियर लीग में पांचों टीमों की लीडर तय

# मेग लेनिंग बनीं दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया की मेग लेनिंग को दिल्ली कैपिटल्स ने विमेंस प्रीमियर लीग के लिए कप्तान नियुक्त किया है। विमेंस प्रीमियर लीग के हुए ऑक्शन में दिल्ली कैपिटल्स ने उन्हें 1.10 करोड़ रुपए में अपने साथ जोड़ा था।वहीं, जेमिमा रॉड्रिग्स वाइस कैप्टन होंगी। जेमिमा को टीम ने 2.20 करोड़ में खरीदा था। इसके साथ ही डब्ल्यूपीएल की पांचों टीमों ने अपने कप्तान चुन लिए है। आगे स्टोरी में हम विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में पांचों टीमों की कप्तान और उनके कप्तानी अनुभव के बारे में जानेंगे।

**लेनिंग ने 4 बार वर्ल्ड कप जिताया**

मेग लेनिंग ने ऑस्ट्रेलिया को 4 बार टी-20 वर्ल्ड चैंपियन बनाया है। लेनिंग ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 100 टी-20 में कप्तानी की है। 76 में टीम को जीत मिली और 18 में हार। एक मुकाबला टाई रहा और 5 मैच बेनतीजा रहे। वह ऑस्ट्रेलिया की सबसे सफल कप्तान भी हैं।

**लेनिंग को 100 मैचों में टीम की कप्तानी का अनुभव**

मेगा लेनिंग ने ऑस्ट्रेलिया को 4 बार टी-20 वर्ल्ड चैंपियन बनाया है। लेनिंग ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 100 टी-20 में कप्तानी की है। 76 में टीम को जीत मिली और 18 में हार। एक मुकाबला टाई रहा और 5 मैच बेनतीजा रहे। वह ऑस्ट्रेलिया की सबसे सफल कप्तान भी हैं। वहीं जेमिमा रॉड्रिग्स को दिल्ली कैपिटल्स ने 2.20 करोड़ में खरीदा था।

**मुंबई इंडियंस की कमान हरमनप्रीत कौर के पास**

मुंबई इंडियंस ने बुधवार को हरमनप्रीत कौर को अपनी टीम का कप्तान नियुक्त किया। हरमन को इंटरनेशनल टी-20 में 96 मैचों में कप्तानी करने का अनुभव है। इनमें 54 में टीम को जीत मिली और 37 में हार। एक मुकाबला टाई रहा जबकि 4 मुकाबले बेनतीजा रहे। इंटरनेशनल के अलावा हरमन ने विमेंस चैलेंजर्स ट्रॉफी में सुपरनोवाज टीम की भी कमान संभाली है। 10 मैचों में उन्होंने कप्तानी की। 6 में टीम को जीत और 4 में हार मिली।

**भारत की उप कप्तान मंधाना बेंगलुरु की कप्तान**

स्मृति मंधाना को बेंगलुरु टीम की कप्तानी सौपी गई हैं। मंधाना इंडिया विमेंस टीम की उप कप्तान हैं। उन्होंने टी-20 में चैलेंजर्स ट्रॉफी के दौरान ट्रेलब्लेजर्स टीम की कप्तानी की थी। 8 मैचों में उन्होंने कप्तानी की। 4 में जीत और 4 में ही टीम को हार मिली। 2020 में उनकी टीम ने सुपरनोवाज को हराकर ट्रॉफी भी जीती थी। भारत के लिए मंधाना ने 11 बार कप्तानी की। 6 में टीम को जीत और 5 में हार मिली। अब रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने मंधाना को कप्तानी सौंपी है। ऐसे में देखना अहम होगा कि वे यहां कैसा परफॉर्म करेंगी।

**हीली को यूपी की कमान**

ढ्ढक्कक्र में 2 टीमों की कमान ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को मिली है। इनमें विकेटकीपर एलिसा हीली को यूपी वॉरियर्ज टीम की कप्तानी मिली। हीली ने कुछ समय तक ऑस्ट्रेलिया टीम की कप्तानी भी की थी। लेकिन, दबाव के बाद उन्होंने कप्तान छोड़ दी। उन्होंने 4 इंटरनेशनल मैचों में कप्तानी की। 3 में टीम को जीत मिली और एक मुकबला टाई रहा। इंटरनेशनल के अलावा हीली ने बिग बैश लीग में 8 बार सिडनी सिक्सर्स टीम की कप्तानी भी की है। 4 में टीम को जीत और 4 में ही हार मिली।

**मूनी के बिग बैश का अनुभव अब गुजरात के काम आएगा**

गुजरात जायंट्स टीम ने ऑस्ट्रेलिया की ओपनर बेथ मूनी को अपना कप्तान बनाया है। मूनी को इंटरनेशनल और घरेलू लेवल पर कप्तानी का अनुभव कम है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के लिए कप्तानी नहीं की है। लेकिन, बिग बैश में 3 बार उन्होंने सिडनी थंडर्स टीम की कप्तानी की। एक में जीत और 2 में टीम को हार मिली।

# प्रशासनिक अधिकारियों ने फ्लैगमार्च कर होलिका दहन स्थल का लिया जायजा

**दुद्धी/ सोनभद्र, समृद्धि न्यूज़**



गुरुवार की शाम प्रशासनिक अधिकारियों ने क़स्बे में फ्लैगमार्च किया और क़स्बे में शांति व्यवस्था का जायजा। कोतवाली परिसर से निकलकर उपजिलाधिकरी श्याम प्रताप सिंह व सीओ आशीष मिश्रा ने फ्लैगमार्च करते हुए माँ काली मंदिर के समीप स्थित होलिका दहन स्थल पर तैयारियों का जायजा लिया ,उन्होंने उक्त स्थल पर साफ सफाई चाक चौबंद रखने के निर्देश दिए। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक सुभाष राय,क़स्बा इंचार्ज संजय सिंह ,एसआई एनामुल हक के साथ भारी संख्या में पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# इंदौर टेस्ट, दूसरी पारी में 163 पर सिमटा भारत

### कंगारुओं को 76 रन का टारगेट, पुजारा को छोड़ सब फ्लॉप, नाथन लायन को 8 विकेट



**इंदौर (एजेंसी)।** भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच चल रही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट में कंगारुओं को 76 रन का टारगेट मिला है। इंदौर के होलकर स्टेडियम में भारत दूसरी पारी में 163 रन पर सिमट गया। भारतीय टीम के ऑलआउट होते ही अंपायर्स ने बेल्स उठा लिए और स्टंप्स कर दिया। गुरुवार को मैच के दूसरे दिन मेहमान टीम ने 156/4 के स्कोर से अपनी पहली पारी को आगे बढ़ाया और 197 रन पर ऑलआउट हो गई। इस प्रकार कंगारुओं को पहली पारी में 88 रन की बढ़त मिली। भारत के लिए रवींद्र जडेजा के अलावा रविचंद्रन अश्विन और उमेश यादव ने तीन-तीन विकेट लिए। दूसरी पारी में भारत की ओर से मिस्टर भरोसेमंद चेतेश्वर पुजारा (59 रन) ने 35वां अर्धशतक जमाया, जबकि श्रेयस अय्यर 26, कप्तान रोहित शर्मा 12 और विराट कोहली 13 रन बनाकर आउट हुए। आखिर में रविचंद्रन अश्विन ने 16 रन की संघर्षपूर्ण पारी खेली। नाथन लायन ने 8 विकेट चटकाए। पहले दिन भारत पहली पारी में 109 रन पर आउट हुआ था।

**भारतीय गेंदबाजों का जलवा, ऑस्ट्रेलिया 197 पर सिमटी**

दूसरे दिन का पहला सेशन भारतीय गेंदबाजों के नाम रहा है। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 41 रन बनाने में छह विकेट गंवा दिए। उमेश यादव और रविचंद्रन अश्विन ने तीन-तीन विकेट लिए। पीटर हैंड्सकॉम्ब 19 और कैमरून ग्रीन 21 रन के अलावा, निचले क्रम का कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा पार नहीं कर सका।

**पुजारा की टिकाऊ पारी, ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज हावी**

दूसरे सेशन में ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज हावी रहे। हालांकि पुजारा ने टिकाऊ पारी खेलकर टीम को बिखरने से रोका। इस सेशन में टीम इंडिया ने 66 रन पर चार महत्वपूर्ण विकेट गंवा दिए। चाय के समय भारतीय टीम का स्कोर 79/4 रहा। पुजारा 36 रन पर नाबाद रहे। गिल, जडेजा, रोहित और कोहली बड़ा स्कोर करने में नाकाम रहे।

**नाथन लायन का जलवा, भारत ऑलआउट**

दिन के आखिरी सेशन में नाथन लायन का जलवा देखने को मिला। उन्होंने भारत के आखिरी 6 में से 5 विकेट चटकाए। भारतीय बल्लेबाज 84 रन ही जोड़ सके।


## कार्यालय ग्राम पंचायत निबिया वि0ख0 राजेपुर, फर्रु0

पत्रांकः-मीमो/ग्रा0पं0/मनरेगा योजनान्तर्गत/टेण्डर प्रकाशन/वित्तीय वर्ष 2022-23 दिनांक 02/03/2023

**निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

मनरेगा योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 में ग्राम पंचायत निबिया की स्वीकृत कार्य योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु कार्य स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 03/03/2023 से दिनांक 09/03/2023 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा विक्रय की जायेगी एवं दिनांक 09/03/2023 सायं 4 बजे निर्माण समिति द्वारा निविदा खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | अनुमानित लागत (लाख में ) | जमानत धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र मूल्य (रु0) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मनरेगा योजना | सुरेश की चौपाल से गांधी सीमा तक इंटरलाकिंग कार्य | पेवर ब्रिक, ईट,सी0, मौरम आदि | 1,43,434 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2 | मनरेगा योजना | कड़हर मार्ग से ब्रह्मपाल के घर तक इंटरलाकिंग, मिट्टी व नाली कार्य | पेवर ब्रिक, ईट,सी0, मौरम आदि | 1,55,186 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तेः**- निविदादाता का आयकर व जी.एस.टी. में पंजीकृत होना आवश्यक है। धरोहर धनराशि एफ.डी.आर. व एन.एस.सी. व चेक द्वारा ली जायेगी।

(नेमचन्द्र) ग्राम प्रधान-निबिया, राजेपुर
(विवेक कुमार) सचिव-निबिया, राजेपुर

## कार्यालय ग्राम पंचायत हसनापुर वि0ख0 शमशाबाद, फर्रु0

पत्रांकः ग्रा0पं0/मनरेगा योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2022-2023 दिनांक 02/03/2023

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत हसनापुर द्वारा कराये जाने वाले निर्माण सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में दिनांक 03/03/2023 से 09/03/2023 तक अपरान्ह 2 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 09/03/2023 को अपरान्ह 3 बजे प्रधान/सचिव के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र.स | कार्य का नाम | सामग्री लागत प्राकलन के अनुसार (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | होली स्थल से सुरजीत के घर तक मिट्टी व इंटरलाकिंग कार्य | 199542 | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्ते**- निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

(सहदेव सिंह) प्रधान
(अरुण कुमार) सचिव

ग्राम पंचायत हसनापुर विकास खण्ड शमशाबाद, फर्रुखाबाद।

## कार्यालय ग्राम पंचायत खण्डौली वि0ख0 राजेपुर, फर्रुखाबाद

पत्रांकः- ग्रा0पं0/15वां वित्त/राज्य वित्त/टेण्डर प्रकाशन/वित्तीय वर्ष 2022-23 दिनांक 02/03/2023

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि 15वां वित्त/राज्य वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत खण्डौली में निम्न कार्य हेतु सामग्री कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 03/03/2023 से दिनांक 09/09/2023 तक अपरान्ह 02.00 बजे तक सील बंद निविदा आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 09/03/2023 को अपरान्ह 04.00 बजे गठित समिति एवं निविदादाताओं एवं उनके प्रतिनिधि के समक्ष ग्राम पंचायत कार्यालय खण्डौली में खोले जायेगे। निविदा एवं अन्य प्रपत्र दिनांक 03/03/2023 से दिनांक 09/03/2023 अपरान्ह 04 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में 500/- रुपये का भुगतान करके प्राप्त की जा सकती है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | अनुमानित लागत (लाख में) | निविदा मूल्य | धरोहर धनराशि | कार्य पूर्ण की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गौशाला खण्डौली में नाली व नाद निर्माण कार्य | ईट, सीमेन्ट, मौरम बालू आदि | 1,29380 | 500 | 2 प्रतिशत | 15 दिन |

**नियम व शर्तेः**- निविदादाता का आयकर व जी.एस.टी. में पंजीकृत होना आवश्यक है। धरोहर धनराशि एफ.डी.आर. व एन.एस.सी. व चेक द्वारा ली जायेगी।

(हरेन्द्र सिंह) ग्राम प्रधान- खण्डौली, राजेपुर
(विवेक कुमार) सचिव-खण्डौली, राजेपुर

## कार्यालय ग्राम पंचायत महमदगंज वि0ख0 राजेपुर, फर्रु0

पत्रांकः-मीमो/ग्रा0पं0/मनरेगा योजनान्तर्गत/टेण्डर प्रकाशन/वित्तीय वर्ष 2022-23 दिनांक 02/03/2023

**निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

मनरेगा योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 में ग्राम पंचायत महमदगंज की स्वीकृत कार्य योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु कार्य स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 03/03/2023 से दिनांक 09/03/2023 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा विक्रय की जायेगी एवं दिनांक 09/03/2023 सायं 4 बजे निर्माण समिति द्वारा निविदा खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | अनुमानित लागत (लाख में ) | जमानत धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र मूल्य (रु0) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मनरेगा योजना | विशेश्वर के घर से भोले बाबा के मंदिर तक साइड वाल व इंटरलाकिंग कार्य | पेवर ब्रिक आदि | 3,35,928 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2 | मनरेगा योजना | डामर रोड से रामरहीश के घर तक साइड वाल व इंटरलाकिंग कार्य | पेवर ब्रिक आदि | 3,14,530 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 3 | मनरेगा योजना | जवाहर की दुकान के सामने से विजेन्द्र के घर तक साइड वाल व इंटरलाकिंग कार्य | पेवर ब्रिक आदि | 2,00990 | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तेः**- निविदादाता का आयकर व जी.एस.टी. में पंजीकृत होना आवश्यक है। धरोहर धनराशि एफ.डी.आर. व एन.एस.सी. व चेक द्वारा ली जायेगी।

(राजेश्वरी) ग्राम प्रधान-महमदगंज, राजेपुर
(आदित्य कुमार) सचिव-महमदगंज, राजेपुर


# प्लेसमेंट व स्किल डेवलपमेंट के लिए अविवि करेगा करार

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज़**



डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबंध एवं उद्यमिता विभाग अपने साथ सौ से अधिक छात्रों को इंटर्नशाला प्लेटफॉर्म से मिलकर ट्रेनिंग करायेगा।कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के दिशा निर्देशन में व्यवसाय प्रबंध एवं उद्यमिता विभाग द्वारा पुणे इंस्टीट्यूट आफ बिजनेस मैनेजमेंट के मध्य अकादमिक एवं अन्य बिन्दुओ पर करार करेगा।बताते चले कि विश्वविद्यालय कैंपस प्लेसमेंट और स्किल डेवलपमेंट को बढ़ावा देने के लिए इन दोनों संस्थानों के मध्य समझौता होगा।इसी क्रम में बुधवार को विभाग के छात्र छात्राओं के लिए राष्ट्रीय स्तर पर रोजगार कौशल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या मे छात्र छात्राओं ने पंजीकरण कराया।अर्हता परीक्षा उत्तीर्ण करने पर विद्यार्थियों के लिए कई कंपनियों से रोजगार के लिए दरवाजे खुल जायेंगे।पुणे इंस्टीट्यूट आफ बिजनेस मैनेजमेंट के कौशल विकास प्रबंधक प्रतीक राज व मुकेश गुप्ता ने बताया कि दोनों संस्थानों के लिए न केवल रोजगार के अवसरों को बढ़ावा मिलेगा बल्कि विद्यार्थियों के कौशल विकास व शैक्षिक उन्नयन हेतु शिक्षक विकास कार्यक्रम का आयोजन समय= पर किया जाता रहेगा। उन्होंने बताया कि इंटर्नशाला एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म है जो कि ट्रेनिंग के साथ एम्प्लॉयमेंट भी प्रदान करता है।इसका लाभ अध्यनरत छात्र छात्राएं अपनी सुविधानुसार उठा सकेंगे। व्यवसाय प्रबंध विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. हिमांशु शेखर सिंह ने बताया कि एमओयू होने से छात्रों के समग्र विकास के साथ प्लेसमेंट के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा।उन्होंने बताया कि दोनों संस्थानों के मध्य कई प्रोग्राम सम्पन्न कराये जायेंगे। जिसमें फैकेल्टी डेवलपमेंट, स्टूडेंट डेवलपमेंट,स्किल डेवलपमेंट,लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम,स्टूडेंट प्लेसमेंट और जॉइंट रिसर्च एक्टिविटी प्रोग्राम होंगे।प्रो0 शेखर ने बताया कि विगत सत्र में कोकाकोला,कोटक महिंद्रा बैंक,यूनियन बैंक ऑफ स्विस,अजीम प्रेमजी फाउंडेशन, बाइजूस,स्टेटस्ट्रीट,इंडसइंड बैंक जैसी बड़ी कंपनियों में छात्रों का प्लेसमेंट कराया जा चुका है।इस सत्र मे 25 से अधिक कंपनियों को विभाग मे आमंत्रित करने का लक्ष्य रखा गया है।विभाग के प्लेसमेंट समन्वयक डॉ. निमिष मिश्र ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर ही नही बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विद्यार्थियों को रोजगारपरक शिक्षा देने के साथ रोजगार दिलाने के लिए कदम उठाया गया है।भविष्य में इसके दूरगामी परिणाम देखने को मिलेंगे।इंटर्नशाला के तहत दस हजार से अधिक कंपनियां विधार्थियो को प्रशिक्षित करती हैं।रोजगार प्रदान करने के लिए पुणे बिजनेस इंस्टीट्यूट मे छह सौ कंपनियां पंजीकृत हैं।उन्होंने बताया कि हाल ही में अमेरिका स्थित विपणन कंपनी मशीनटेल और बेसिक होम लोन्स की चयन प्रक्रिया चल रही है जिसमें एम.बी.ए.,एम.बी.ए.(फाइनेंस) के छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया है।प्रो. शैलेंद्र वर्मा ने बताया कि व्यवसाय प्रबंध एवं उद्यमिता विभाग द्वारा छात्रों अधिक कॅरियर के अवसर उपलब्ध कराने के लिए विश्वविद्यालय के अतिरिक्त विभागीय समिति का भी गठन किया गया है।इसका लाभ छात्र-छात्राओं को मिल रहा है।इसके अतिरिक्त पुरातन छात्रों को जो राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उच्च पदों पर आसीन हैं।उन्हें डिपार्टमेंटल एल्युमनी एसोशिएशन द्वारा सम्मानित किया जाता है।उन्होंने बताया कि प्लसमेंट समन्वयक डॉ.निमिष मिश्र के अलावा छात्र प्रसून पाण्डेय,यशिमता तिवारी,ओजस्व तिवारी,दुर्गेश नंदिनी और फजलुद्दीन खान प्लेसमेंट के लिए महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

# बुंदेली समाज ने 31वीं बार मोदी को लिखे खून से खत

**गैस के बढ़े दाम वापस लेने की लगाई गुहार**

**महोबा। समृद्धि न्यूज**



बुंदेली समाज के एक दर्जन से अधिक सदस्यों ने आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपने खून से खत लिखकर गैस के बढ़े दाम वापस लेने की गुहार लगाई है एवं महंगाई की मार से जूझ रही जनता पर और बोझ न डालने की मार्मिक अपील की है। बुंदेलों ने आज 31वीं बार प्रधानमंत्री को खून से खत लिखे और आल्हा चौक के अंबेडकर पार्क में ÷विरोध नहीं, अनुरोध है, गैस के बढ़े दाम वापस लीजिए÷ नारे लगाए।

खून से खत लिखो अभियान की अगुवाई कर रहे बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकर ने बताया कि हम लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रबल समर्थक हैं लेकिन हिन्दुओं के महत्वपूर्ण त्यौहार होली के ठीक पहले अचानक गैस के दामों में भारी बढ़ोत्तरी के फैसले से आम जनता में मोदी सरकार के प्रति गलत संदेश गया है। इससे न केवल जनता की दिक्कतें और बढ़ जाएंगी बल्कि भाजपा को आगामी निकाय चुनाव में भी नुकसान उठाना पड़ सकता है। प्रधानमंत्री हमारे संरक्षक भी हैं। अपने मन की पीड़ा हम उनसे बयां नहीं करेंगे तो फिर किससे करेंगे। हम प्रधानमंत्री मोदी से आग्रह करते हैं कि सरकार ऐश-ओ-आराम से जुड़ी वस्तुओं के दाम बढ़ाए लेकिन जनता की मूलभूत जरूरतों से जुड़ी वस्तुओं के दामों को बढ़ाने से परहेज करे।

कार्यक्रम में बुंदेली समाज के महामंत्री डा. अजय बरसैया, देवेन्द्र तिवारी, शरद सेठ, ग्यासी लाल, मुन्ना सोनी, हरीओम निषाद, भूमित्र सोनी, जसवंत सिंह सेंगर, मुन्ना अहिरवार, प्रधान कामता प्रसाद कुशवाहा, गुड्डू ताम्रकार, सुधीर दुबे, प्रेम चौरसिया, भागवत प्रसाद, यशपाल सिंह परिहार, पुरुषोत्तम सेन, रामदीन अनुरागी व हरगोविंद पाल आदि ने खत लिखने के लिए अपना खून दिया और बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकर ने प्रधानमंत्री के नाम 25 खत लिखे जिनको रजिस्टर्ड डाक से प्रधानमंत्री कार्यालय भेजा जाएगा।

## भारत मानक ब्यूरो की जिला प्रशासनिक प्रमुखों के साथ बैठक

**महोबा।** भारतीय मानक ब्यूरो, नोएडा शाखा कार्यालय द्वारा महोबा जिले के प्रशासनिक जिला प्रमुखों के साथ एक दिवसीय संवेदीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मनोज कुमार जिलाधिकारी महोबा व बीआईएस की ओर से प्रसून यादव सहायक निर्देशक ने की और इसमें 33 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों को बीआईएस गतिविधियों यानी मानकीकरण, अनुरूपता मूल्यांकन, प्रयोगशाला, हॉलमार्किंग और प्रशिक्षण गतिविधियों के बारे में जागरूक किया गया। मानकों और लाइसेंसों के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए विभिन्न ऑनलाइन प्लेटफॉर्म (बीआईएस वेबसाइट, बीआईएस केयर ऐप, अपने मानकों को जानें, बीआईएस वार्ता आदि) पर भी चर्चा की गई।प्रतिभागियों द्वारा उठाए गए सभी प्रश्नों का संतोषजनक उत्तर दिया गया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर जितेन्द्र सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी राजीव तिवारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी सविता देवी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# दिल्ली पब्लिक स्कूल के बच्चों ने आईआईटी कानपुर में शैक्षिक भ्रमण किया

**इटावा। समृद्धि न्यूज**



**जीवन** में नई नई चीजें और विज्ञान से जुड़ी नई जानकारियां हमेशा ही बच्चों को जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है इसी को ध्यान में रखते हुए दिल्ली पब्लिक स्कूल के बच्चों का भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान आईआईटी कानपुर में एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण संपन्न कराया गया, शैक्षिक भ्रमण के दौरान सभी बच्चों ने आई आई टी कैम्पस में विज्ञान से जुड़े कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर वहां की विभिन्न फैकल्टी से जानकारी भी प्राप्त की। यह शैक्षिक भ्रमण प्रसिद्ध गणितज्ञ रामानुजम की 135 वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित हुआ था जिसे संस्था विज्ञान भारती कानपुर प्रान्त के सहयोग से आउटरीच ऑडिटोरियम आईआईटी कानपुर में नंबर थ्योरी विषय पर आधारित इंटरनेशनल मीट के अंतर्गत नेशनल साइंस डे पर आयोजित किया गया था। कार्यक्रम का शुभारंभ आई आई टी कानपुर के निदेशक प्रोफेसर अभय करंदीकर,एफ एफ डी सी के निदेशक शक्ति विनय शुक्ल, पद्मश्री प्रोफेसर मनींद्र अग्रवाल, प्रांतीय विभाग महासचिव प्रोफेसर सुनील मिश्र ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। पहले दो सत्रों में रामानुजम के जीवन के बारे में व वैदिक गणित में प्रमुखतः बोधायन प्रमेय के प्रयोग पर आधारित अभ्यास कराया गया एव रामानुजम के जीवन पर कई प्रश्न भी पूछे गए तीसरे, चौथे व पांचवे सत्र में कोडिंग ए आई द्वारा एप बनाना, स्टीम शो के माध्यम से नई तकनीक की जानकारी तथा अंको-स्वास्थ्य का संबंध व योग के पीछे के विज्ञान के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी। यह शैक्षिक भ्रमण डीपीएस के गणित विभाग के प्रमुख मनोज कुमार शर्मा एवम राघवेंद्र कुमार के निर्देशन में संपन्न हुआ। इसमें प्रतिभाग करने वाले छात्र छात्राओं में अनुराग यादव,तेजस मिश्रा,पावनी जैन, प्रियांशु, अरोमा आर्या, रोहित यादव, श्रेष्ठ गुप्ता, श्रुति शाक्य,सोहन लूथरा, प्रियांशु,आयुष यादव, क्रिश राजपूत प्रमुख रहे। विद्यालय की इस उपलब्धि पर डीपीएस के चैयरमैन डॉ विवेक यादव एवम वाइस चेयरमैन डॉ प्रीति यादव सहित प्रिंसिपल भावना सिंह ने सभी बच्चों एवम शिक्षकों को बधाई एवम शुभकामनाएं दी है।

# डीआईजी ने पुलिस के समस्त पुलिस अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों के साथ गोष्ठी कर दिये आवश्यक निर्देश

**महोबा। समृद्धि न्यूज**



पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा विपिन कुमार मिश्र की अध्यक्षता में तथा पुलिस अधीक्षक महोबा अपर्णा गुप्ता की उपस्थिति में होली पर्व, शब-ए-बारात त्यौहारों को जनपद महोबा में शान्तिपूर्ण सकुशल वातावरण में सम्पन्न कराये जाने हेतु गोष्ठी आयोजित की गयी। गोष्ठी में डीआईजी द्वारा गोष्ठी में होली पर्व एवं शब-ए-बारात पर्व को सुरक्षित एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करवाने के सम्बन्ध में चर्चा-परिचर्चा कर त्यौहारों के दौरान शांति व्यवस्था व सामाजिक सौहार्द बनाये रखने सम्बन्धी आवश्यक निर्देश दिये। महोबा के समस्त थानों में आयोजित हुयी पीस कमेटी की बैठकों की समीक्षा की गयी, त्यौहार रजिस्टर का अवलोकन कर पूर्व में हुये विवादों एवं क्षेत्र में प्रत्येक छोटी-बड़ी घटना पर पैनी नजर रखने, भांग की दुकानों का सत्यापन, हिस्ट्रीशीटरों का सत्यापन किये जाने के निर्देश दिये। होलिका दहन समिति के सदस्यों से संवाद बनाये रखें, महत्वपूर्ण स्थलों में पुलिस बल के लगातार भ्रमणशील रहने तथा शहर के पर्यटन स्थलों, मन्दिर व मस्जिद में पर्याप्त पुलिस प्रबन्ध किये जाने, सभी थानों में गठित एण्टीरोमियो टीमें त्यौहार के दौरान भ्रमणशील रहने सम्बन्धी कई बिन्दुओं पर महत्वपूर्ण निर्देश दिये गये । इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक आर.के. गौतम, क्षेत्राधिकारी नगर रामप्रवेश राय, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ हर्षिता गंगवार, क्षेत्राधिकारी चरखारी अजय कुमार अग्रवाल सहित जनपद महोबा के समस्त थाना प्रभारी मौजूद रहे।

## उपनिदेशक समाज कल्याण ने किया वृद्धा आश्रम का निरीक्षण

**इटावा। समृद्धि न्यूज**

उपनिदेशक समाज कल्याण कानपुर मंडल महिमा मिश्रा ने भरथना स्थित वृद्धा आश्रम का निरीक्षण। आश्रम में बुजुर्गों के लिए भोजन का मीनू चसपा नहीं था। भोजन की गुणवत्ता मानक के अनुसार नहीं थी। टूटी हुई व्हेल्चर पाई गई। स्ट्रेचर नहीं था। डेढ़ सौ की क्षमता होने पर भी 34 ही बुजुर्ग आश्रम में पाए गए। निरीक्षण में भोजन में डालने वाले गर्म मसाले सभी एक्सपायरी डेट के पाए गए जो बुजुर्गों के स्वास्थ्य के साथ बहुत बड़ा खिलवाड़ हो रहा है। जबकि बुजुर्गों के भोजन के लिए विभाग द्वारा 114 रुपया प्रति व्यक्ति प्रतिदिन निर्धारित है। लापरवाही के चलते कर्मचारियों को अधिकारियों ने लताड़ा। बुजुर्गों के पास चस्में भी नहीं पाये गये, कर्मचारियों को विवस्था सुधारने के दिये निर्देश।

# एनडीआरएफ टीम ने रेलवे स्टेशन में किया माकड्रिल

**बांदा।** रेल दुर्घटना के बाद यात्रियों को बचाने के लिए रेलवे स्टेशन पर एनडीआरएफ की टीम ने माक ड्रिल किया। ट्रेन दुर्घटना के बाद राहत और बचाव कार्य पर आधारित माक ड्रिल में एनडीआरफ टीम ने बखूबी प्रदर्शन किया और घायल यात्रियों को एंबुलेंस के जरिए अस्पताल तक पहुंचाए जाने का पूर्वाभ्यास किया। इस दौरान एनडीआरफ टीम के लोगों और अधिकारियों के अलावा सभी रेल अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहे।

गुरुवार को जंक्शन यार्ड में एनडीआराफ के कमांडेंट मनोज कुमार शर्मा के निर्देशन में एनडीआरएफ लखनऊ की टीम व रेलवे द्वारा किसी भी प्रकार की रेल दुर्घटना होने पर खोज, राहत व बचाव कार्य के लिए संयुक्त पूर्वाभ्यास किया। हादसे पर आधारित इस माकड्रिल में घायलों को तत्काल निकाला, बोगी को काटना और घायलों को एंबुलेंस के जरिए अस्पताल तक पहुंचाकर उन्हें उपचार उपलब्ध कराए जाने का पूर्वाभ्यास किया गया। घायल यात्रियों के अमूल्य जीवन की रक्षा करने के साथ ही सभी रेस्पांस एजेंसियों का रेस्पांच भी चेक किया गया। इसके साथ ही समन्वय स्थापित करते हुए राहत कार्य चलाया गया। माकड्रिल के पहले बैठक का आयोजन किया गया।

### युवती ने जहरीला पदार्थ खाया

**बांदा।** देहात कोतवाली क्षेत्र के लुकतरा गांव निवासी आरती (28) पत्नी वीर बहादुर ने बुधवार रात घरेलू किसी बात से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर घरवालों को जानकारी हुई। उसे तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## खबरें एक नजर में

### एम एलसी जितेंद्र सिंह सेंगर ने सदन में रखी चरखारी राजकीय डिग्री कालेज के नाम परिवर्तित कर हेडगेवार राजकीय महाविद्यालय करने की रखी मांग

**महोबा।** विधान परिषद में नियम 110 के अंतर्गत सदस्य विधान परिषद जितेन्द्र सिंह सेंगर द्वारा सदन का ध्यान आकृष्ट कराया कि जिला महोबा में चरखारी नगर में डाक्टर हेडगेवार राजकीय महाविद्यालय नाम से डिग्री कॉलेज स्थापित था वर्ष 2003 में तत्कालीन सपा सरकार द्वारा महाविद्यालय का नाम बदलकर राजकीय महाविद्यालय रख दिया गया जिसके संबंध में उसी समय स्थानीय लोगों एवम छात्र छात्राओं द्वारा इस निर्णय के विरोध में धरना प्रदर्शन किया था लेकिन तत्कालीन सपा सरकार ने अपनी कुंठित मानसिकता का परिचय दिया था डॉ हेडगेवार का नाम परिवर्तित से क्षेत्रीय जनता वहा के छात्र छात्राओं में काफी रोष एवम आक्रोश व्याप्त है द्य अतः जनहित/छात्र छात्राओं के हित के महत्वपूर्ण अविलंबनीय विषय पर सदन का ध्यान आकृष्ट करते हुए जनपद महोबा के चरखारी में डॉ हेडगेवार राजकीय महाविद्यालय का परिवर्तित किए गए नाम को पुनः पूर्व में रखें डॉ हेडगेवार के नाम कराए जाने की कार्यवाही हेतु सदन में वक्तव्य एवम चर्चा कराएं जाने की मांग करता हूं। उक्त संबंध में सभापति जी द्वारा शासन को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया।

### छेड़खानी के आरोपी प्रभारी चिकित्साधिकारी का हुआ तबादला

**बांदा।** नर्स के साथ हुई छेड़खानी के मामले में मुख्य चिकित्साधिकारी ने तीन डाक्टरों की टीम जांच के लिए गठित की है। वहीं आरोपी प्रभारी चिकित्साधिकारी को तिंदवारी से हटाकर जौरही पीएचसी स्थानांतरित किया गया है। सीएमओ का कहना है कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तिंदवारी में तैनात प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. लवलेश पटेल पर स्टाफ नर्स के साथ छेड़खानी करने का आरोप है। शोरशराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए थे। किसी तरह मामले को समझा बुझाकर शांत कराया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल की थी। आरोपी चिकित्साधिकारी के खिलाफ छेड़खानी समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# सिटी पब्लिक स्कूल के 20 बच्चों का सैनिक स्कूल में हुआ चयन




**मैनपुरी। समृद्धि न्यूज**

**नगर** के देवी रोड पर स्थित सिटी पब्लिक स्कूल के 20 बच्चों का सैनिक स्कूल की परीक्षा में चयन हुआ है। जिसके बारे में बताते हुए स्कूल के प्रबंधक पीयूष शुक्ला का कहना था कि बच्चों की तैयारी के लिये उनके शिक्षकों ने रात दिन एक कर दिया था। जनपद में अन्य स्कूल भी संचालित हो रहे है। जबकि उनके स्कूल के बच्चों ने अच्छा प्रदर्शन किया है इसके लिये वह अपने शिक्षकों के आभारी है इस परीक्षा में 22 बच्चों ने प्रतिभाग किया था जिसमें 20 बच्चों का चयन हुआ है। चयनित होने वाले बच्चों में अर्पित, आदर्श, प्रिन्स सिंह, शिव गुप्ता, शौर्य प्रताप, कपिल, अरूण, तनवी, मान्या, प्रिन्स यादव, अभय यादव, कृष्णा यादव, वंश पाल, अनन्या यादव, पारूल यादव, आदर्श गौतम, अनन्या पाल, शिवांशू, मंगलम, आदि बच्चे है। छात्रों की सफलता में शेखर यादव, पूनम सिंह,अभय चतुर्वेदी, सहित वीना यादव, प्रतिमा यादव, दीपिका, सतेन्द्र, रिचा, कुशाग्र, नीरज, कुसुम, अपूर्वा, निधी, जितेन्द्र, इन शिक्षकों का विशेष योगदान रहा है विद्यालय प्रबंधक पीयूष ने आगे कहा कि वह बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते है।

# कांग्रेस नेताओं ने गैस सिलेंडर के दामों में बढ़ोत्तरी होने पर किया धरना प्रदर्शन

**इटावा। समृद्धि न्यूज**



**कांग्रेस** पार्टी द्वारा घरेलू गैस सिलेंडर एवं कमर्शियल सिलेंडर के बढ़े दामों को लेकर नगर पालिका चौराहे पर धरना प्रदर्शन कर महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

धरना को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष मलखान सिंह यादव ने कहा होली के त्यौहार से पहले केंद्र की भाजपा सरकार ने घरेलू गैस के दामों में एक बार फिर से 50 रुपये प्रति सिलेंडर तथा कमर्शियल सिलेंडर पर 350 रुपये बढ़ाकर आम आदमी पर बोझ डालने का काम किया पहले से ही महंगाई की मार झेल रहे आम आदमी पर बुरा प्रभाव पड़ना स्वाभाविक है हम कांग्रेसन भाजपा सरकार के द्वारा की गई गैस के दामों में अप्रत्याशित वृद्धि को लेकर विरोध प्रदर्शन कर मांग कर रहे हैं जिस प्रकार राजस्थान की कांग्रेश सरकार ने 500 रुपये का सिलेंडर देने का काम किया है उसी प्रकार उत्तर प्रदेश में भी भाजपा सरकार 500 रुपये का सिलेंडर उपलब्ध कराने का काम करें । एक समय था जब गैस के सिलेंडर पर 5 रुपये की वृद्धि होती थी तो एक केंद्र की भाजपा सरकार में मंत्री तत्कालीन प्रधानमंत्री को चूड़ियां भेजने का काम करती थी आज वही मंत्री चुप बैठीं हैं। इस भाजपा सरकार में रसोईगैस, डीजल, पेट्रोल, आटा वनस्पति घी, खाद्य तेल, दूध ,दही आदि पर अप्रत्याशित वृद्धि की गई है कांग्रेस पार्टी जनहित में सदन से सड़क तक संघर्ष करती है और करती रहेगी। धरना प्रदर्शन का संचालन शहर अध्यक्ष पल्लव दुबे ने किया। धरना प्रदर्शन में प्रमुख रूप से पीसीसी सदस्य मोहम्मद राशिद खान, कोमल सिंह कुशवाहा, आलोक यादव, कुसुमलता उपाध्याय, संजय तिवारी, वाचस्पति दुबे, सुरेंद्र प्रताप सिंह, यासमीन बेगम, मोहनलाल प्रजापति, मोहम्मद अंजुमन, आसिफ जादरान, सोजेव रिजवी, अवनीश वर्मा, सरवर अली ,हरेंद्र दिवाकर ,सचिन संखवार, अंसार अहमद, आदिल खान, अली रजा, आमिर खान आदि लोग उपस्थित रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत स्योढ़ी विकास खण्ड पनवाड़ी (महोबा)

**निर्माण आपूर्ति सामग्री हेतु अल्पकालिक निविदा सूचना**

मनरेगा योजना 2022-23 के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य कराने जाने हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु विभागों के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 03.03.2023 से से 09.03.2023 तक सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की जायेगी व उसी दिन अपरान्ह 3 बजे उपस्थित निविदादाताओं/ प्रतिनिधियों व समिति के समक्ष सीलबंद निविदाएं खोली जायेंगी।

निविदा शुल्क -100 रु.

| क्र. सं. | ग्राम पंचायत | कार्य का विवरण | कार्य की लागत | धरोहर राशि | सामग्री आपूर्ति | लम्बाई | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | स्योढ़ी | गोट शेल्टर निर्माण कार्य महेश पुत्र कालीचरन का | 1.60 | 2% | ईटा, सीमेन्ट, गिट्टी बालू, पाइप, चद्दर गेट आदि | 4×3 | 6 माह |

**नियम व शर्तें:-**

1. ठेकेदारों, आपूर्तिकर्ताओं बिक्रीकर विभागों के साथ-साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीकृत होना चाहिये।
2. निविदा प्रपत्र के साथ 100 रुपये के स्टाम्प पेपर रसीदी टिकट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा।
3. निविदा दाता धरोहर राशि के एवज में एनएससी/एफडीआर संलग्न करना होगा।
4. निविदा स्वीकृत अस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहत होगा शासकीय टैक्स नियमानुसार काटा जायेगा।

**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत स्योढ़ी**
**विकास खण्ड पनवाड़ी**

**ग्राम पंचायत अधिकारी**
**ग्राम पंचायत स्योढ़ी**
**विकास खण्ड पनवाड़ी**


# त्योहारों के दौरान बनाए रखें शांति व्यवस्था: डीएम

**बांदा। समृद्धि न्यूज**

**शांति समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने दिए निर्देश**



**जिलाधिकारी** दीपा रंजन की अध्यक्षता में कलेक्टेऊट सभागार में आगामी त्यौहारों होली एवं शबे बारात को शांतिपूर्वक, भाईचारे तथा कुशलता से सम्पन्न कराये जाने के लिए जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारियों के साथ सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने आगामी त्यौहारों को सकुशल एवं शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने हेतु उपस्थित विभिन्न होलिका दहन समिति के सदस्यों, संभ्रान्त नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि इन त्यौहारों को आपसी सौहार्द के साथ मनाएं। उन्होंने त्यौहारों के अवसर पर समुचित पेयजल, विद्युत आपूर्ति, सफाई आदि की आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कराये जाने तथा सतर्कता बरतने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। उन्होंने बैठक में उपस्थिति सभी लोगों से कहा कि परम्परागत रूप से पूर्व स्थलों में ही होलिका दहन कराया जाए। किसी नये स्थान पर होलिका दहन न किया जाए अन्यथा कड़ी कार्यवाही की जायेगी। यदि किसी कारणवश होलिका दहन का स्थान बदलना आवश्यक हो तो बिना पुलिस, प्रशसान से अनुमति प्राप्त किये स्थान न परिवर्तित किया जाए। उन्होंने कहा कि शबे बारात व होलिका दहन का समय अलग-अलग रखा जाए तथा इन स्थलों के आने-जाने के रास्ते भी अलग-अलग चिन्हित किये जायें, जिससे कि किसी प्रकार की समस्या न होने पाये। किसी भी प्रकार छोटी से छोटी घटना को तत्काल पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारियों को सतर्कता रखते हुए अवश्य सूचित करें। उन्होंने कहा कि होलिका दहन ऐसे स्थलों पर न किया जाये, जहां पर होलिका के ऊपर विद्युत तार व आस-पास ट्रान्सफार्मर लगे हों। उन्होंने इन त्यौहारों के अवसर पर देर रात्रि तक तेज ध्वनि में डीजे आदि न बजाये जायें। उन्होंने त्यौहारों के अवसर पर सतर्कता बरतते हुए शराब की दुकानों का निरीक्षण एक सप्ताह पूर्व स्टाक सहित चेक किये जाने तथा किसी भी प्रकार की अवैध शराब की बिक्री नही होने पाए, के निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होंने शबे बारात के अवसर पर निकलने वाले जुलूस के मार्गो में सड़क मरम्मत एवं जर्जर विद्युत तारों को ठीक कराये जाने तथा त्यौहारों के अवसर पर जलापूर्ति एवं विद्युत आपूर्ति की भी समुचित व्यवस्था रखने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में भी शांति समितियों की बैठकों में प्रधानों सहित ग्र्राम के संभ्रान्त लोंगो को सम्मिलित किया जाए। उन्होंने पुलिस एवं प्र्रशासन के अधिकारियों को त्यौहारों एवं भीड़भाड़ वाले व अन्य स्थलों पर कड़ी सतर्कता रखने के निर्देश दिये। उन्होंने उप जिलाधिकारियों को पेयजल आपूर्ति, विद्युत, सफाई, स्ट्रीट लाइट आदि व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कराने एवं पुलिस अधिकारियों को आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था रखने के निर्देश दिये।

पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने कहा कि सभी स्थानों पर होलिका दहन के लिए कमेटी बनायी गई है, कमेटी की जिम्मेदारी होगी कि किसी भी प्रकार की होली के त्यौहार के अवसर पर समस्या न होने पाये। किसी भी स्थान पर अराजक तत्वों को एकत्र न होने दें। सोशल मीडिया पर कडी निगरानी रखी जायेगी, यदि किसी प्रकार की गलत सूचना भेजी जाती है तो उसके विरूद्ध कडी कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि यदि कोई भी व्यक्ति शराब पीकर वाहन संचालित करते हुए पाया गया तो उसके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। त्यौहारों को शांतिपूर्वक एवं सौहार्द के साथ मनायें, किसी भी स्थान पर लडाई-झगडा न होने पाये, ऐसा करने वालों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी।


## कार्यालय ग्राम पंचायत टिकरिया विकास खण्ड पनवाड़ी (महोबा)

पत्रांकः ग्रा.पं./मनरेगा योजनान्तर्गत वित्तय वर्ष 2022-23

दिनांकः 02.03.2023

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

मनरेगा योजना 2022-23 के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य कराने जाने हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु विभागों के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 03.03.2023 से से 06.03.2023 तक सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की जायेगी व उसी दिन अपरान्ह 3 बजे उपस्थित निविदादाताओं/ प्रतिनिधियों व समिति के समक्ष सीलबंद निविदाएं खोली जायेंगी।

| क्र. सं. | योजना अन्तर्गत | कार्य का विवरण | कार्य की लागत | धरोहर राशि | सामग्री आपूर्ति | लम्बाई | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मनरेगा | इण्टरलॉकिंग कार्य शिवपाल के मकान से देवा यादव के मकान तक | 1375403/- | 2% | इण्टरलॉक, बालू, सीमेन्ट, गिट्टी आदि | - | 6 माह |
| 2 | मनरेगा | रामकिशुन के घर से रामहेंत के घर तक इण्टरलॉकिंग निर्माण | 996108/- | 2% | इण्टरलॉक, बालू सीमेन्ट, गिट्टी आदि | - | 6 माह |
| 3 | मनरेगा | इण्टरलॉकिंग कार्य रामस्वरूप के घर से कामता प्रसाद के घर तक | 900905/- | 2% | इण्टरलॉकिंग, बालू सीमेन्ट, गिट्टी आदि | - | 6 माह |

**नियम व शर्तें:-**

1. ठेकेदारों, आपूर्तिकर्ताओं बिक्रीकर विभागों के साथ-साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीकृत होना चाहिये।
2. निविदा प्रपत्र के साथ 100 रुपये के स्टाम्प पेपर रसीदी टिकट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा।
3. निविदा दाता धरोहर राशि के एवज में एनएससी/एफडीआर संलग्न करना होगा।
4. निविदा स्वीकृत अस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहत होगा शासकीय टैक्स नियमानुसार काटा जायेगा।

**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत टिकरिया**
**विकास खण्ड पनवाड़ी**

**सचिव**
**ग्राम पंचायत टिकरिया**
**विकास खण्ड पनवाड़ी**





# गैस के दामों में हुई वृद्धि को लेकर सपाईयों ने किया प्रदर्शन

- सपाईयों ने गैस सिलेण्डरों को फूलमाला पहनाकर निकाली अर्थी, जुलूस की शक्ल में पहुंचे कलेक्ट्रेट किया प्रदर्शन
- प्रदर्शन के दौरान सपाईयों ने भाजपा सरकार को जमकर कोसा



गैस सिलेण्डरों की अर्थी निकालते व कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते सपाई समृद्धि न्यूज

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

गैस के दामों में हुई वृद्धि को लेकर गुरुवार को समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने खाली गैस सिलेण्डरों को फूल माला पहनाकर कन्धे पर रखकर अर्थी निकाली औरे कलक्ट्रेट पहुंच कर प्रदर्शन किया। और योगी-मोदी के खिलाफ नारेबाजी भी की।

गुरुवार को समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख नवाब सिंह यादव की अगुवाई में सपाइयों ने घरेलू और कामर्शियल गैस सिलेण्डरों को फूलमाला पहनाई और सिलेण्डरों को कन्धों पर रखकर अर्थी निकालते हुए कलक्ट्रेट स्थित डीएम कार्यालय पहुंचे। यहां प्रदर्शन करते हुए सपाईयों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान सपा नेता नवाब सिंह ने कहा कि सरकार उन वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ाने का काम कर रही है, जिसका खेतों से और किसानों से कोई वास्ता नहीं होता। डीजल, पेट्रोल और गैस के दामों में पिछले सालों से तेजी से इजाफा हुआ है। श्री यादव ने केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार पर महंगाई बढ़ाने का ठीकरा फोड़ते हुए कहा कि देश की जनता पहले से ही महंगाई से परेशान है, उस पर आये दिन मनमाने ढंग से गैस सिलेंडर के दामों में बढ़ोत्तरी कर दी गई है। उन्होने कहा कि भाजपा सरकार को गरीबो मजदूरो किसानो से कोई हमदर्दी नही है। केन्द्र व प्रदेश की भाजपा सरकार देश के अमीरों की तिजोरी भरने में लगी है। जब चुनाव आता है तो गरीब जनता को धर्म के नाम पर जाति के नाम पर बरगलाकर कर भोली भाली जनता को ठगने का जो काम किया है उसका अहसास अब जनता को हो गया है। उन्होने कहा कि सत्ता मद में चूर बैठे लोग यह जान ले कि जब तक हम समाजवादी लोगो के शरीर मे खून का एक भी कतरा है, तब तक आम जनता के हक की लड़ाई लड़ते रहेंगे प्रदर्शन के दौरान सपा नेता इंद्रेश यादव, अमित मिश्रा, सत्येन्द्र यादव, गीता यादव, नीलू, विनोद, कुट्टू पांडेय, कमलकांत कटियार, राकेश कठेरिया, मंसूर, इंतजार, फूल सिंह राजपूत, रोहित, सचिन, रंजीत दिवाकर, गौतम कुशवाहा, अतुल मौर्य, संजीव मिश्र, रानू सक्सेना, भूरा

# स्वच्छता अभियान में सहयोग करें नागरिक : मीनू सिंह

- अधिशासी अधिकारी ने अधीनस्थ कर्मियों को दिए निर्देश



पालिका कर्मियों को निर्देश देतीं ईओ मीनू सिंह समृद्धि न्यूज

**गुरसहायगंज, समृद्धि न्यूज।**

स्वच्छता अभियान को सतत बनाए रखने के लिए नागरिक पालिका प्रशासन का सहयोग करें। क्योंकि स्वच्छता अपनाने से ना सिर्फसंक्रामक रोगों से मुक्ति मिलती है। बल्कि स्वच्छ वातावरण बनाने में सहायक होती है। कहा कि नागरिक गीले व सूखे कचरे को अलग-अलग डस्टबिन में डालें। जिससे एमआरएफसेंटर पर कचरे का निस्तारण करवा कर जैविक खाद बनाने सहित प्लास्टिक रिसायकल करवाकर पुनः प्रयोग में लाया जा सके।

यह अपील गुरुवार को स्थानीय नगर पालिका परिषद में अधीनस्थ कर्मियों की बैठक लेने के उपरांत अधिशाषी अधिकारी मीनू सिंह ने नागरिकों से की। बताया कि स्वच्छता अभियान के दौरान गीला व सूखा कचरा अलग अलग ना पाए जाने की स्थिति में 50 से लेकर 2000 रूपये तक का जुर्माना वसूला जाएगा। उन्होंने अवगत कराया कि शासन के निर्देशानुसार 1 फरवरी से 10 फरवरी तक डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन अभियान चलाया गया था। जिसमें पालिका टीम द्वारा विद्यालयों एवं वार्डो में गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग करने के लिए जनमानस को जागरूक किया गया है। बताया कि यह अभियान 31 मार्च तक चलेगा। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वाले लोगों पर कार्यवाही कर जुर्माना वसूल किया जाएगा। इसके उपरांत उन्होंने पालिका कर्मियों की टीम गठित कर बड़े बाबू आरपी सिंह को प्रभार सौंपा है। इस दौरान जिलेदार सिंह, अनिल प्रजापति, जगदीश सिंह, मनोज तिवारी, गौरव मिश्रा, पूजा तिवारी, अशोक शर्मा आदि मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### छेड़छाड़ की शिकायत करने पर युवती के पिता को पीटा

**गुरसहायगंज, समृद्धि न्यूज।** बीती शाम एक युवती के साथ गांव के ही 2 युवकों ने छेड़खानी की। जब युवती के पिता ने उक्त युवकों से शिकायत की। तो दबंगों ने उसके पिता को मारपीट कर घायल कर दिया। पिता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम निवासी पीड़िता द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि बुधवार की शाम वह घर की ओर जा रही थी। तभी गांव के ही अजीत शर्मा व विशाल शर्मा रास्ते में घेरकर उसके साथ अश्लील हरकतें करते हुए छेड़खानी की। जिस पर उसने अपनी आपबीती अपने पिता को बताई। उसके पिता जब युवकों के घर शिकायत करने गए तो उक्त युवकों ने उसके पिता के साथ गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### ट्रैक्टर से कुचलकर युवक की हुई मौत

**गुरसहायगंज,समृद्धि न्यूज।** ट्रैक्टर चालक द्वारा अनियंत्रित गति से ट्रैक्टर चलाने पर उसमें बैठा युवक नीचे गिर गया और उस पर ट्रैक्टर का पहिया चढ़ गया। जिससे उसकी मृत्यु हो गई। मृतक युवक के पिता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पड़ोसी थाना तिर्वा के ग्राम उम्मापुरवा निवासी अरविंद कुमार पुत्र राम सिंह द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि बुधवार की सुबह गांव के सुमित कुमार पुत्र अखिलेश कुमार उसके पुत्र प्रताप को ट्रैक्टर पर बैठा कर अनियंत्रित गति से चला रहा था। जैसे ही ट्रैक्टर ग्राम यादव नगर के निकट पहुंचा। तभी चालक ने उसके पुत्र को ट्रैक्टर से नीचे गिरा दिया। जिससे उसके सर पर ट्रैक्टर का पहिया चढ़ गया। इससे उसके पुत्र की मौके पर ही मृत्यु हो गई। मृतक युवक के पिता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### रंजिश के चलते महिला को पीटा

**गुरसहायगंज, समृद्धि न्यूज।** रंजिश के चलते महिला के साथ गांव के ही एक युवक ने अभद्रता व मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम मोहनपुर रतनपुर निवासी रानी दुबे पत्नी राजन दुबे द्वारा कोतवाली में दिए तहरीर में कहा गया है कि बुधवार की शाम घर के बाहर बैठी थी। तभी गांव के ही संजीव पाठक आए और उसके साथ गाली गलौज करते हुए लाख घूसों से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### बेहतर स्वास्थ्य के लिए दी जानकारी, किया जागरूक

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज़।** उत्तर प्रदेश राज्य आयुष सोसायटी लखनऊ व निदेशक होम्योपैथी उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देश के क्रम में जन सामान्य को बेहतर स्वास्थ्य रखने के उद्देश्य से जनपद के पार्कों में बैठक कर निर्देशित कर जानकारी दी गई। जनपद के नगर विकास विभाग आवास एवं शहरी नियोजन विभाग की सहमति से उनके स्वामित्वाधीन पार्कों में प्रातः काल योग सत्र एवं चिकित्सकीय परामर्श उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं। जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी द्वारा आमजन में बेहतर स्वास्थ्य के लिए जागरूकता अभियान चलाकर जागरूक किया जा रहा है। गुरुवार को शहर के लोहिया पार्क में डॉक्टर अनामिका श्रीवास्तव ने लोगों को चिकित्सकीय परामर्श के साथ-साथ बेहतर स्वास्थ्य को लेकर जानकारी दी। स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने व स्वस्थ रहने के उपाय बताए और उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरुक किया।

### रंजिश के चलते युवकों से मारपीट कर दी धमकी

**गुरसहायगंज, समृद्धि न्यूज।** रंजिश के चलते तीन युवकों के साथ गांव के ही चार लोगों ने अभद्रता व मारपीट करना सिर्फघायल कर दिया। बल्कि धमकी भी दी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम इस्माइलपुर निवासी कैसर अली पुत्र अल्ताफद्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि बुधवार की शाम वह अपने खेत पर कृषि कार्य कर रहा था। तभी गांव के अमर सिंह उसके खेत से ट्रैक्टर निकालने लगे। उसके द्वारा मना करने पर अमर सिंह, गुलाब सिंह, भूरा, रिशु ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी। बचाव में आए रहीसुद्दीन व खुर्शीद को भी मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# गैस सिलेण्डरों के दामों में वृद्धि को लेकर कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

- राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट को सौंपा

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**


गैस सिलेण्डरों के दामों में हुई वृद्धि को लेकर जिले के कांग्रेसियों ने कलेक्टेऽट में धरना प्रदर्शन कर केंद्र और राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा। कांग्रेसियों ने कहा कि केंद्र सरकार ने गैस के दामों में वृद्धि करके आम जनमानस की कमर तोड़ दी है। पहले से ही महंगाई से त्रस्त जनता के ऊपर सरकार ने गैस सिलेंडर के दाम बढ़ाकर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाल दिया है, लगातार बढ़ती महंगाई से आम जनमानस का जीना दूभर हो गया।



प्रदर्शन करते कांग्रेसी समृद्धि न्यूज

गुरुवार को जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष दिनेश पालीवाल के नेतृत्व में दर्जनों कांग्रेसियों नेकलेक्ट्रेट पहुंचकर धरना प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन अतिरिक्त उप जिला मजिस्टेऽट को सौपा। धरना प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस पार्टी के प्रदेश सचिव विजय मिश्रा ने कहा जिस प्रकार सरकार आए दिन घरेलू और कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम बढ़ा रही है, उससे आम जनमानस का जीना दूभर हो गया है। भाजपा सरकार लगातार महंगाई बढ़ाकर जनता को लूटने का काम कर रही है और अपने जुमलो से आम जनता को बेवकूफबना रही है। उन्होंने कहा केंद्र सरकार ने घरेलू गैस सिलेंडर के दामों में 50 रुपए की बढ़ोतरी और कमर्शियल गैस में 350 रुपए की वृद्धि की है, जिसका कांग्रेस पार्टी घोर विरोध करती है। जिलाध्यक्ष दिनेश पालीवाल ने कहा कि होली का त्योहार निकट है, लेकिन सरकार ने मार्च के पहले दिन ही गैस सिलेंडर के दाम बढ़ाकर होली के त्यौहार का रंग फीका कर दिया है। कहा कि सरकार के इस फैसले से निचले व मध्यम वर्ग पर गहर असर पड़ेगा। उन्होने कहा कि गैस के दामों को हर हाल में वापस लिया जाना चाहिए। इससे महंगाई का ग्राफ तेजी से बढ़ेगा। कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन करते हुए कांग्रेसियो ने राष्ट्रपति के नाम संबोधित को ज्ञापन अतिरिक्त जिला मजिस्टेऽट को सौंपा। प्रदर्शन के दौरान महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष रीना सिंह समेत दर्जनों कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जहर खुरानी के शिकार युवक को फेंका



नगर के तिराहे पर पड़ा जहरखुरानी का शिकार युवक समृद्धि न्यूज

**गुरसहायगंज, समृद्धि न्यूज।**

विगत कई दशकों से रोडवेज पर आवागमन करने वाले यात्रियों के लिए दहशत का पर्याय बने जहरखुरानी गिरोह के सदस्यों ने एक बार फिर एक युवक को नशीला पदार्थ खिलाकर सामान व नकदी लूट ली। लेकिन सबसे खराब पहलू यह सामने आया कि अर्ध बेहोशी की हालत में जहरखुरानी गिरोह का निशाना बने युवक को रोडवेज परिचालक ने मानवता की हदें पार कर बस से धक्का देकर स्थानीय तिराहे पर नीचे गिरा दिया और चलता बने। जब युवक काफी समय तक अपनी जगह से हिला डुला नहीं। तो नागरिकों ने डायल 112 सहित कोतवाली पुलिस को सूचना दी। जिस पर मौके पर पहुंची पुलिस ने बेहोशी की हालत में युवक को इलाज के लिए भर्ती कराया है।

# शान्ति पूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ ग्राम प्रधान पद का उपचुनाव



सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मौजूद सदर कोतवाल राजकुमार सिंह व पुलिस बल। समृद्धि न्यूज

**जलालाबाद,समृद्धि न्यूज़।**

ग्राम पंचायतों में रिक्त हो चुके ग्राम प्रधानों के चुनाव हेतु गुरुवार को शान्ति पूर्ण ढंग से उपचुनाव सम्पन्न हो गया। मतदान के दौरान कोई अप्रिय घटना नहीं घटी। कुल 78.51 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान कर चुनाव में भाग लिया। गुरुवार को विकास खंड गुगरापुर में रिक्त चल रहे ग्राम पंचायत गुनहा के प्रधान पद हेतु उपचुनाव की प्रक्रिया सम्पन्न कराई गई। बुधवार शाम पहुंची पोलिंग पार्टी द्वारा सभी व्यवस्थाएं पूर्ण कर गुरुवार को प्रातः मॉक पोल दिखाने के बाद सात बजे मतदान शुरू हुआ। कभी धीमी तो कभी तेज गति से होते हुए मतदान समय पांच बजे सम्पन्न हुआ। मतदान केंद्र के दोनो वूथों पर कुल नौ सौ उन्नीस मतदाताओं में से सात सौ तेईस मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। कुल 78.51 प्रतिशत लोगों ने मतदान कर प्रधान चुना। सम्पूर्ण चुनाव शांति पूर्ण रहा। कोई अप्रिय घटना नहीं घटी। इस दौरान सदर कोतवाल राज कुमार सिंह,गुरसहायगंज कोतवाली निरीक्षक रुद्र प्रताप सिंह, कुसुमखोर चौकी प्रभारी प्रमोद तिवारी, कांस्टेबल आदर्श कुशवाहा, सत्यप्रकाश समेत आदि लोग तैनात रहे।

# पिता-पुत्र से मारपीट कर क्षतिग्रस्त की पिकअप

**गुरसहायगंज, समृद्धि न्यूज।** रंजिश के चलते पिता पुत्र के साथ गांव के एक ही परिवार के 4 सदस्यों ने ना सिर्फ नलकूप में घुसकर मारपीट की। बल्कि उसकी पिकअप को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम तिलपई डिगसरा निवासी गया प्रसाद पुत्र स्वर्गीय प्यारेलाल द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि गुरुवार की सुबह वह अपने पुत्र अन्नू वर्मा के साथ नलकूप पर बैठा था। तभी गांव के एक ही परिवार के चार सदस्य आए और गाली गलौज करते हुए नलकूप में घुसकर मारपीट कर घायल कर दिया। चीख पुकार मचाने पर परिवार के लोगों ने बचाया। इस बात से नाराज होकर उक्त गणों ने उसकी पिकअप का शीशा तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया। पीड़ित ने बताया कि वह पिकअप चकरोड से निकालने का विरोध करते है। उक्त गणों ने अपने खेत में अवैध कब्जा कर लिया लिया है। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

# 'हम में है दम' कार्यक्रम के तहत निकाली गई प्रभात फेरी



प्रभात फेरी निकालतीं महिलाएं समृद्धि न्यूज

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

भारत सरकार के निर्देशन में अन्जर्राष्ट्रीय महिला दिवस के तहत सप्ताह भर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत शहर के काशीराम कॉलोनी में महिला कल्याण विभाग एवं दिव्यता सशक्तिकरण के द्वारा ÷हम में है दम÷ कार्यक्रम का आयोजन कर प्रभात फेरी निकाली गई। कार्यक्रम में महिलाओं ने चढ़ बढ़ कर हिस्सा लिया। जिसमें महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक एवं सांस्कृतिक सशक्तिकरण के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी ईरा आर्या ने कहा कि महिलाएं भी पुरुषों से कम नही है उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ, ज्ञान-,विज्ञान, रक्षा समेत अन्य क्षेत्र में बेहतर भागीदारी निभाई है। महिलाएं जब तक अपना हाथ आगे नहीं बढ़ाएगी तब तक किसी क्षेत्र का विकास संभव नहीं है। भाजपा नेत्री गीता पाठक ने कहा कि अगर आप महिला को सम्मान देना चाहते हैं तो अपने घरों से शुरूआत करें। हम भारतवासियों को सावित्रीबाई फुले,ज्योतिबा फुले और और बाबा साहब डा.भीमराव अंबेडकर को नहीं भूलना चाहिए। महिलाओं को सर्वाधिक सम्मान तब मिला जब संविधान निर्माता डा.अंबेडकर ने संविधान के माध्यम से हर क्षेत्र में बराबरी का अधिकार दिलाया। कार्यक्रम में लगभग एक सैकड़ा महिलाओं ने प्रतिभाग किया।

# सांईमीर कालेज ऑफ फार्मेसी की फ्रेशर पार्टी में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

- मेधावियों को किया गया सम्मानित, आदित्य गुप्ता मिस्टर व कनिका सिंह बनीं मिस फ्रेशर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सांईमीर कालेज ऑफ फार्मेसी छिबरामऊ में आयोजित फ्रेसर पार्टी में मेधावियों को सम्मानित किया गया। वहीं विभिन्न कार्यक्रमों में अहम भूमिका निभाने वाले आदित्य गुप्ता को मिस्टर एवं कनिका सिंह कुशवाहा को मिस फ्रेसर चुना गया।



मिस्टर व मिस फ्रेशर को सम्मानित करते प्रधानाचार्य समृद्धि न्यूज

मुख्य अतिथि व्यापार मण्डल अध्यक्ष कन्नौज उमर फारुख ने जीवन के मूल्यों का पालन करते हुए उन्हे अपनाने की बात कही। विशिष्ठ अतिथि डा0 दिवाकर श्रीवास्तव ने कालेज के चेयरमैन डा0 जितेन्द्र यादव व चेयर पर्सन डा0 अनीता रंजन का आभार जताते हुए कहा कि इतनी छोटी जगह पर फार्मेसी जैसी उच्च शिक्षा संस्थान को स्थापित करके बड़ा काम किया है। प्राचार्य डा0 अर्पित कटियार ने कहा कि विद्यालय बराबद प्रगति कर रहा है और काफी दूर-दूर से बच्चे यहां पर पढ़ने आ रहे है। इस अवसर पर विगत सत्र 2021-22 में डी-फार्मा में प्रथम छात्र सुमैया नाज, द्वितीय अशुतोष चौहान व तीसरे नम्बर पर रहे अचल सिंह को धनराशि चेक व शील्ड देकर पुरुस्कृत किया गया।

डी-फार्मा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली दीपांजलि द्विवेदी व द्वितीय कुनाल गुप्ता व तीसरे स्थान पर रहे अनुपम चतुर्वेदी को पुरस्कृत किया गया। अतिथियों ने बी-फार्मा द्वितीय वर्ष में प्रथम आर्यन जिंदल, द्वितीय कन्हैया लाल व तृतीय पुष्पेन्द्र सिंह सोमवंशी व तृतीय वर्ष में प्रथम अलसिफा सिद्दीकी, द्वितीय सुजाता शाक्य व तृतीय दीपा को पुरुस्कृत किया। इसके साथ ही कालेज में शत-प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कराने वाले नितिन शर्मा, प्रशांत गुप्ता, अमन सिंह को भी पुरुस्कृत किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम सोलोसिंगिंग में अमन पाल प्रथम, सुमन पाल द्वितीय व कार्तिक तृतीय स्थान पर रहे। नृत्य में श्रेष्ठ प्रथम, सपना द्वितीय व प्रबल और अवनीश तीसरे स्थान पर रहे। युगल सिंगिंग में कार्तिक और ओसी ने बाजी मारी। बेस्ट ड्रेस में विजय ने प्रथम, सपना ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं एंकरिंग में कुनाल एवं सुमैया प्रथम स्थान पर रहे। प्रशासनिक अधिकारी शशिभूषण सिंह, डिग्री कालेज के प्राचार्य मनोज दुबे, सुशील बघेल, पॉलीटेक्निक के प्राचार्य सुमित मिश्रा, प्रीती रस्तोगी, रश्मि सिंह, खुशबू वर्मा, नारायण अवस्थी, अरुण कुमार, रोली साहू, काजल त्रिपाठी, शालिनी प्रजापति, रेहान आदि मौजूद रहे।

# आपसी सौहार्द एवं गंगा जमुनी तहजीब से मनाएं त्यौहार : डीएम

- त्यौहारों में अराजकता फैलाने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई
- त्यौहारों को शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाए जाने को लेकर डीएम और एसपी ने विभिन्न धर्मों के धर्म गुरूओं व संभ्रांत नागरिकों के साथ की बैठक



बैठक में निर्देशित करते डीएम व एसपी समृद्धि न्यूज

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

आगामी पर्व होली और शब-ए-बारात को आपसी सौहार्द एवं गंगा जमुनी तहजीब से मनाए जाने को लेकर डीएम और एसपी ने संयुक्त रूप से कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में विभिन्न धर्मों के धर्म गुरूओं व संभ्रांत नागरिकों के साथ बैठक की। बैठक में डीएम ने कहा कि पर्व पर किसी भी प्रकार प्रतिष्ठा का मुद्दा न बनने दे। बच्चों को नदी, तालाब आदि में नहाने के लिये जाने रोकें। कहा कि सभी धर्म के धर्म गुरुओं व वरिष्ठ नागरिकगणों एवं सम्भ्रान्तजनों का दायित्व है कि आगामी पर्व पर शांति व्यवस्था बनाये रखने में सहयोगी बने। वहीं एसपी ने कहा कि पर्व पर अराजकता फैलाने वालो के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने बैठक में मौजूद स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि पर्व में चिकित्सीय सुविधाओं के लिये 24 घण्टें आकस्मिक सेवा उपलब्ध रहे। बैठक को सम्बोधित करते हुए डीएम ने कहा कि जनपद के लोग सभी पर्वों को आपसी सौहार्द एवं गंगा जमुनी तहजीब के साथ मनाते चले आ रहे हैं। जिसके तहत सभी पर्व शांति एंव सौहार्दपूर्ण ढंग से सम्पन्न होते है। डीएम ने सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि पर्व पर शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में अभियान चलाकर सफाई करवायी जाये। कहा कि जिन स्थलों पर होलिका दहन की जाती है, वहां पर साफसफाई की व्यवस्था दुरूस्त करायी जाये। शब-ए-बारात को दृष्टिगत रखते हुये कब्रिस्तान जाने वाले मार्ग की भी साफसफाई की व्यवस्था दुरूस्त करायी जाये। विद्युत विभाग यह सुनिश्चित करे कि झुके हुये पोल एवं लटकते विद्युत तारों को चिन्हित कर सही करायें, जिससे कोई भी अप्रिय घटना न होने पाये। प्रदेश सरकार ने इस बार आगामी पर्व में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 3 दिवस 24 घण्टे विद्युत की निर्बाध आपूर्ति करने के निर्देश दिये है। अक्षरश अनुपालन सुनिश्चित किया जाये। कहा कि संभ्रान्त नागरिकों का यह दायित्व है कि 20 से 25 वर्ष के युवा वर्ग को शराब से दूरी बनाये रखने हेतु प्रेरित करें। कहा कि नशे की हालत में किसी भी व्यक्ति द्वारा वाहन चलाया जाता है तो संबंधित के विरूद्ध विधिक कार्यवाही की जायेगी। छुटपुट मामलों का स्थानीय स्तर पर जिम्मेदारी के साथ समाधान करा कर समाज के संभ्रांत नागरिक होने का परिचय दें। किसी भी रूप में नई परंपरा का प्रचलन प्रारंभ न होने दें। पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने कहा कि त्योहारों में शराब पीकर वाहन चलाने वालों की वजह से दुर्घटनाएं होती है इसके लिए जरूरी है कि संभ्रांत जन जिम्मेदारी दिखाएं और ऐसे लोगों को समझाएं। कहा कि पर्वो पर सुरक्षा व्यवस्था की पर्याप्त व्यवस्था है। अगर कोई भी घटना घटित होती है, तो संबंधित थाने अथवा 112 पर अवगत कराये। कहा कि माहौल खराब करने वाले अराजक तत्वो पर पैनी नजर रखी जायेगी। बैठक में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त एसडीएम, समस्त पुलिस क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी एवं जनपद के विभिन्न तहसीलों से आए हुए संभ्रांतजन मौजूद रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला ने लगायी फांसी, मौत


पोस्टमार्टम हाउस में मौजूद मृतका के परिजन

**फर्रुखाबाद/नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** संदिग्ध परिस्थितियों में महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

जानकारी के अनुसार थाना नवाबगंज क्षेत्र के ग्राम नगला मनी निवासी 21 वर्षीय पूजा देवी पत्नी यशपाल ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पुलिस व मायके वालों को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं मृतका के पिता मौजीलाल ने मौके पर पहुंचकर बेटी द्वारा खुदकुशी किये जाने की बात कही। मृतका का विवाह दो वर्ष पूर्व कमालगंज के ग्राम रसीदपुर से हुआ था।

# अमृतपुर तहसील में भाकियू नेताओं ने ताला डालकर दिया धरना

- किसान नेता बोले हमारी समस्याएं हल न हुईं, तो हम यहीं मनायेंगे होली


तहसील में ताला डालते किसान नेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** किसान यूनियन भानु गुट ने बीते दिनों किसान महापंचायत कर धरना दिया था। जिसमें उन्होंने अपनी विभिन्न मांगों को रखा था। अपर जिलाधिकारी सुभाष चंद्र प्रजापति ने किसान यूनियन के प्रदेश महासचिव संजय सिंह सोमवंशी व जिला अध्यक्ष नरेंद्र सिंह सोमवंशी को आश्वासन देते हुए धरने को समाप्त कराया था जो समय किसान नेताओं को दिया गया था उस समय में उनकी किसी भी समस्या का निदान नहीं किया गया। जिसको लेकर गुरुवार को तहसील मुख्यालय अमृतपुर में प्रदेश महासचिव संजय सिंह सोमवंशी व जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह सोमवंशी के नेतृत्व में सैकड़ों किसान नेताओं ने तहसील मुख्यालय में ताला डाल धरना दिया। किसान नेताओं ने कहा अगर आज हमारी समस्याओं का हल नहीं किया गया तो हम होली तहसील प्रांगण के अंदर ही मनाएंगे। इस मौके पर थानाध्यक्ष अमृतपुर संत प्रकाश पटेल अपनी पूरी टीम के साथ सक्रियता से डटे रहे। किसान नेताओं ने बताया हमारे किसान यूनियन भानु गुट के प्रदेश उपाध्यक्ष अवधेश सिंह पुत्र शिव रतन सिंह निवासी ग्राम उदयपुर कंचनपुर की जमीन पर दबंग नन्हें पुत्र रामस्वरूप, रिंकू पुत्र राकेश, श्रवण पुत्र राकेश, तारा पत्नी रिंकू पूजा पत्नी, श्रवण आदि कब्जा कर रहे हैं। जब मैं अपनी जमीन का निर्माण कराने के लिए जाता हूं तो वह उक्त लोग मेरे ऊपर हरिजन एक्ट का मुकदमा लगवाने की धमकी देते हैं। दूसरा मामला है ग्राम हरिहरपुर वीरपुर का जिसमें प्रधान पति चंदन सिंह ग्रामसभा की गाटा संख्या 317 पर आंगनवाड़ी केंद्र का निर्माण कराना चाह रहे हैं जो किसी अन्य के कब्जे में है उसे कब्जा मुक्त कराकर आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण कराया जाए। जमापुर मोड़ पर स्थित समृद्धि कोल्ड स्टोरेज में 2019 में किसान पप्पू यादव निवासी अल्लाहगंज व करुणा शंकर अग्निहोत्री निवासी जिठोली राजेपुर ने अपना 5000 पैकेट आलू रखा था। जिसको कोल्ड स्टोरेज मालिक ने बेच लिया। किसानों को उनका मुआवजा दिलाया जाए। इस मौके पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी अमृतपुर रविंद्र नाथ राय क्षेत्राधिकारी नगर प्रदीप कुमार तहसील मुख्यालय में उपस्थित उप जिलाधिकारी पदम सिंह ने किसान नेताओं से वार्ता कर सभी समस्याओं का निदान करने के लिए आश्वासन दिया। एक समस्या का मौके पर ही निस्तारण करते हुए जो लोग किसान नेता अवधेश सिंह को धमकी व गाली गलौज देते हैं उनके खिलाफ तुरंत राजेपुर थाने में मुकदमा लिखा गया। हरिहरपुर वीरपुर में एसडीएम अमृतपुर ने आंगनबाड़ी केंद्र बनाने के लिए ग्राम समाज की ऐसी जमीन को चिन्हित करने के लिए कहा जो विवादित ना हो। जिस पर किसान नेताओं ने सहमति दे दी। जो कोल्ड स्टोरेज की समस्या है वह मुकदमा न्यायालय में दर्ज है उसका न्यायालय से ही फैसला किया जाएगा। मौके पर नेत्रपाल सिंह, जिला उपाध्यक्ष निर्मल सिंह, तहसील उपाध्यक्ष चंदन सिंह, सदस्य रक्षपाल सिंह, जिला उपाध्यक्ष सर्वेश सिंह, सक्रिय सदस्य रामसागर सक्रिय सदस्य परशुराम वर्मा मौजूद रहे।

# मा0वि0 में शिक्षकों के स्थानान्तरण की घोषणा से खुशी की लहर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सरकार की बोर्ड परीक्षा के बाद शिक्षकों के तबादले की घोषणा से स्थानांतरण की आस लगाये बैठे जनपद के माध्यमिक शिक्षकों में खुशी की लहर है। जनपद के अशासकीय माध्यमिक विद्यालय के सैकड़ों शिक्षकों ने अपने मूल जनपद में स्थानान्तरण के लिए आन लाइन आवेदन पिछले वर्षों में किया था, परन्तु स्थानान्तरण की प्रक्रिया रुकी हुई थी। विदित है कि शासन ने स्थानान्तरण की जो नीति नियमावली बनायी थी। उसमें कुछ आपत्तियां के स्थान का मामला 2021 में हुई कोर्ट पहुंचा था। जिसमें स्थानान्तरण की प्रक्रिया रुकी थी। कोर्ट ने 17 नवम्बर 2022 को अपने आदेश में आपत्तियों में संशोधन किये जाने के निर्देश दिये थे। शासन ने अब बोर्ड परीक्षा के बाद शिक्षकों के तबादले किये जाने की घोषणा की है। सरकार ट्रांसफर से पूर्व शिक्षकों के ऑनलाइन आवेदनों की फीड सूचनाओं की जांच करा रही है, ताकि शिक्षकों को ट्रांसफर होने के पश्चात कोई दिक्कत नहीं। विदित है कि सरकार ने शिक्षकों को अपने गृह जनपद ट्रांसफर की सुविधा प्रदान की है। जिस हेतु शिक्षक ऑनलाइन आवेदन करते है। परन्तु शर्त यह है कि संबंधित विषय में अशासकीय विद्यालय में यदि पद खाली होगा तो शिक्षक का स्थानान्तरण हो जायेगा। माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री नरेन्द्र पाल सिंह सोलंकी ने शिक्षकों की स्थानान्तरण प्रक्रिया शुरु करने के शासन के कदम की सराहना की है। उन्होंने कहा जो शिक्षक अपने गृह जनपदों में स्थानान्तरण की कोई वर्षों से आस लगाये है और ऑनलाइन आवेदन कर चुके है। उन्हें लाभ होगा।

### बंद मकान का ताला तोड़कर हजारों की चोरी

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** मोहल्ला गंगा टोला निवासी इदरीस अली दो माह पूर्व अपने घर में ताला लगाकर परिवार सहित दिल्ली चला गया। गुरूवार की बीती रात चोर ने घर के दरवाजे का ताला तोड़कर चोरी कर ली। गुरूवार सुबह मोहल्ले वासियों ने घर में चोरी होने की जानकारी पुलिस व गृहस्वामी को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की।

# गर्भपात प्रशिक्षित डाक्टर से ही करायें


प्रशिक्षण के दौरान मौजूद एएनएम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** गर्भपात के बाद होने वाली मातृ मृत्यु को रोकने के लिए सीएचसी कायमगंज, मोहम्दाबाद, कमालगंज, नवाबगंज और बरौन में बुधवार को एएनएम को प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान उत्तर प्रदेश तकनीकी सहयोग इकाई से जिला परिवार नियोजन विशेषज्ञ द्वारा तकनीकी सहयोग दिया गया।

अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 दलवीर सिंह ने बताया कि जब एक प्रसव से दूसरे प्रसव के बीच तीन वर्ष का अंतर, अनचाहा गर्भ या गर्भावस्था के दौरान जटिलता आ जाती है तो उसको गर्भपात कराना होता है। यह उसके जीवन के लिए घातक सिद्ध हो सकता है। एसीएमओ ने बताया कि गर्भपात प्रशिक्षित डॉक्टर से कराना चाहिए न कि किसी दाई से यह बहुत जोखिम भरा हो सकता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में दस हजार गर्भवती महिलाओं की मृत्यु में से लगभग 8 प्रतिशत महिलाओं की मृत्यु असुरक्षित गर्भपात के दौरान हो जाती है। सीएचसी कायमगंज के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ0 सरवर इकबाल ने प्रशिक्षण देते हुए कहा कि एक महिला का प्रसव के बाद दूसरा जन्म होता है और ऐसे में गर्भपात की जटिलता उसको असमय मौत के मुंह में ढकेल सकती है। परिवार नियोजन के साधन अपनाकर आप लगभग 800 गर्भवती महिलाओं की मृत्यु में से 90 प्रतिशत यानि 720 महिलाओं की मृत्यु को रोक सकती हैं। डॉ0 इकबाल ने कहा कि गर्भपात के बाद महिला 6 माह अंदर गर्भवती हो जाती है तो कुछ जटिलताएं हो सकती हैं जैसे समय से पहले ही बच्चेदानी में झिल्ली का फटना, खून की कमी, बच्चा कम वजन और लंबाई का होना, साथ ही प्रसव वेदना भी समय से पहले हो सकती है इसको रोकने लिए परिवार नियोजन के साधन बहुत ही कारगर उपाय हैं।

बीपीएम मोहित गंगवार ने बताया की आप सभी की नैतिक जिम्मेदारी है कि आपके क्षेत्र में होने वाले गर्भपात पर नजर रखी जाए और उस महिला को परिवार नियोजन के साधन अपनाने के लिए प्रेरित किया जाए। जिससे वह कुछ समय के लिए गर्भधारण को टाल सके। 12 दिन के अंदर कॉपर टी, 7 दिन के अंदर महिला नसबंदी, त्रैमासिक गर्भनिरोधक इंजेक्शन अंतरा, माला एन, साप्ताहिक गर्भनिरोधक गोली छाया आदि अपना सकती हैं।

# रैक लोड होते ही आलू के भाव में 50 रुपये कुंटल आया उछाल, आमद 125 मोटर रही

- धूप के कारण आलू हो रहा दागी, किसान पर पड़ रही है डबल मार, कम दाम में बिका आलू


सातनपुर मंडी में लगा आलू का ढेर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आलू की रैक रवाना होते ही सातनपुर मंडी में आलू के भाव में 50 रुपये प्रति कुंटल उछाल आया है। पिछले एक सप्ताह में लगातार आलू के भाव में गिरावट के चलते किसानों के चेहरे पर मायूसी छायी थी। जैसे ही आलू की रैक रवाना हुई भाव में मामूली उछाल आया है। आलू आढ़ती अरविन्द राजपूत ने बताया कि इस बार आलू आढ़ती कर्जे में चला गया है। क्योंकि आलू की उपज ज्यादा होने के कारण मंडी में लागत से भाव कम मिल रहा है। ऐसे मे किसान खेत पर ही आलू औने पौने दामों में बेच रहा है। जैसे-जैसे गर्मी बढ़ेगी आलू में झुलसा लगना बढ़ रहा है। जिसके चलते आलू में काले धब्बे पड़ते जा रहे हैं। अभी तक कोल्ड 85 से 90 प्रतिशत तक स्टाक हो गये हैं। जिसके चलते कोल्ड स्टोरेज मालिक भी अब आलू रखने से इन्कार करने लगे हैं। इस बार आलू की पैदावार ज्यादा होने के कारण भाव में कोई मुनाफा नहीं मिला। जिसके चलते किसान कर्जीला हुआ है और आलू की पैदावार करने से तौबा करने लगा है। गुरुवार को सातनपुर मंडी में 125 मोटर आलू की आमद रही। 50 रुपये कुंटल आलू के भाव में उछाल आया। सामान्य आलू 251 रुपये से 361 रुपये कुंटल बिका। सामान्य छट्टा आलू 381 रुपये से 501 रुपये कुंटल बिका। सुपर छट्टा आलू 511 से 581 रुपये कुंटल की बिक्री हुई। दूसरे दिन भी रैक जाने की सम्भावना होने के कारण आलू की बिकवाली ठीक हुई। जिस कारण आलू के दाम में कुछ उछाल आया है। धूप के कारण आलू दागी हो रहा है। जिसे कुछ लोग छोड़कर चले जाते हैं और मजबूरी में कम दाम में ही आलू बेचना पड़ रहा है।

# दुर्गा वाहिनी ने बालिकाओं को किया जागरुक

- लव जिहाद के प्रति जागरुक करते हुए बालिकाओं को दिलायी शपथ


बालिकाओं को सम्बोधित करती श्वेता दुबे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** दुर्गा वाहिनी विश्व हिंदू परिषद ने बालिकाओं को लव जिहाद से बचने के लिए जागरूक किया।

गुरुवार को सरस्वती बालिका विद्या मंदिर में लव जिहाद पर बालिकाओं को सावधान किया गया और बताया गया कि हम सभी बहन बेटियों को किस प्रकार इससे बचना चाहिए तथा विस्तृत जानकारी दी गई। जिसमें बताया गया कि हम हिंदू बहन बेटियां को कैसे इस षड्यंत्र से बचना चाहिए तथा सभी बालिकाओं को भारतीय संस्कृति के संवर्धन एवं राष्ट्र के विकास में तन मन धन से सहयोग करने के लिए जागरूक किया गया और शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कल्पना वर्मा क्षेत्रीय संयोजिका दुर्गा वाहिनी विश्व हिंदू परिषद ने बालिकाओं को भारतवर्ष के गौरवपूर्ण परंपराओं एवं इतिहास के बारे में जानकारी दी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भाजपा महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष श्वेता दुबे ने कहा कि अपनी सनातन संस्कृति को कैसे बरकरार रखें और अपनी सुरक्षा कैसे करें। इस मौके पर प्रीति वर्मा, ज्योति शर्मा, दिव्या शर्मा, बीना कटियार, हिना दुबे, रागिनी मिश्रा, अर्चना मिश्रा, वीनू श्रीमाली आदि महिलाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लेते हुए छात्राओं को सम्बोधित किया। विद्यालय की प्रधानाचार्य रागिनी मिश्रा ने अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। जिसमें हिंदू जागरण मंच के अमित कुमार शर्मा, अनुपम दीक्षित, पंकज वर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

# निःशुल्क दंत व नेत्र परीक्षण का ग्राम रैगाई में हुआ आयोजन


दंत परीक्षण करते डा0 निखिल प्रसाद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मेमोरियल मिशन अस्पताल के द्वारा निःशुल्क दंत एवं नेत्र परीक्षण का आयोजन ब्लाक कमालगंज के रैंगाई पंचायत भवन में किया गया। दंत रोग चिकित्सक डा0 निखिल प्रसाद ने ग्रामीणों का दंत परीक्षण किया। ज्यादातर ग्रामीणों के दांत पीले व पायरिया ग्रसित पाये गये। डा0 निशांत मैसी व स्त्री रोग चिकित्सक डा0 निधि मिश्रा ने मरीजों का परीक्षण किया। आप्टोमेट्रिस्ट स्टूडर मोहित, विजय, संदीप लाल, अंजली, अंजू आदि लोगों ने सहयोग किया।

# वोटर्स पार्टी का विद्युत विभाग के खिलाफ धरना जारी

- छठवें दिन विद्युत विभाग के खिलाफ वोटर्स पार्टी ने भरी हुंकार
- हम वसुधैव कुटुम्बकम पर विश्वास रखते है


धरने को सम्बोधित करते वोटर्स पार्टी के लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** वोटरशिप व विद्युत विभाग के द्वारा कार्यकर्ताओं के उत्पीड़न को लेकर वोटर्स पार्टी इंटरनेशनल का मुख्यालय पर छठवें दिन गुरुवार को भी धरना जारी रहा।

जानकारी के अनुसार गुरुवार को वोटर्स पार्टी के वैद्य वीरेंद्र कुमार आर्य की अगुवाई में छठवें दिन भी धरना जारी रहा। मांग पत्र में विद्युत विभाग के अधिकारियों पर बिलों में करोड़ों रुपए की हेराफेरी व कार्यकर्ताओं का जानबूझकर उत्पीड़न करना व किसानों की उपजाऊ भूमि पर खम्बों का मकड़जाल परमीशन न कोई अनुदान, घरों व विद्यालयों की छतों से हाईवोल्टेज लाइन निकालना, दुर्घटना के दौरान आर्थिक क्षतिपूर्ति न दिया जाना, देश की गरीब जनता को गुलामी से मुक्त कराने के लिए वोटर शिप कानून, अमीरी रेखा, उत्तराधिकार, सीमांकन कानून तथा एक सरकार एक चुनाव देश में लागू हो, आदि मांगें शामिल हैं। जब तक हमारी मांगें पूरी नहीं होगीं तब तक विद्युत बिल नहीं जमा करेंगे और ना ही हम लोग धरना समाप्त करेंगे। धरना ऐसे ही निरंतर जारी रहेगा। वैद्य वीरेन्द्र आर्य ने कहा कि विद्युत विभाग में जब व्याप्त भ्रष्टाचार है तो उपभोक्ताओं के साथ लूट पर प्रदेश सरकार खामोश क्यों है। हम वसुधैव कुटुम्बकम पर विश्वास रखते है। इस दौरान आरएन मानव, नरेश गांधी, महात्मा नंदलाल आदि समेत दर्जनों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गैस के दाम बढ़ने पर कांग्रेसियों ने किया विरोध प्रदर्शन


महंगाई के विरोध में तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते कांग्रेसी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर रसोई गैस की बढ़ी हुई कीमतों को लेकर तहसील सदर प्रदर्शन करते हुए कांग्रेसियों ने प्रधानमंत्री संबोधित तहसीलदार श्रद्धा पाण्डेय को ज्ञापन सौंपा।

शहर अध्यक्ष पुन्नी शुक्ला ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा घरेलू रसोई गैस के दामों में एक बार फिर से 50 रुपये की वृद्धि कर दी गई है। जिसके कारण पहले से महंगाई की मार झेल रहे आम आदमी पर इसका प्रभाव पड़ना स्वाभाविक है। कांग्रेस पार्टी ने भाजपा द्वारा गैस के दामों में की गई इस अप्रत्यासित वृद्धि का सख्त विरोध करती है। आम आदमी के हितों के लिए हमारा संघर्ष सदर से लेकर सड़क तक जारी है। इसी क्रम में भाजपा सरकार द्वारा गैस के दामों में की गई मूल्य वृद्धि के विरोध प्रदर्शन करते हुए कांग्रेसियों ने तहसीलदार सदर श्रद्धा पाण्डेय को प्रधानमंत्री सम्बोधित ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर मोहन पाठक, वरुण त्रिपाठी, शिवाशीश तिवारी, चन्द्रभूषण मिश्रा, गोलू शुक्ला, अर्चित, नसरीन, पप्पी, रदीसा, रोमा कुमारी, नफीस सिद्दीकी, जानकी शुक्ला, जीशान कुरैशी आदि लोग मौजूद रहे।

# कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच ग्रामीण ने किया मतदान



**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** विकास खंड शमसाबाद की ग्राम पंचायत उगरपुर में गुरुवार को शांतिपूर्ण माहौल में प्रधान पद का उपचुनाव संपन्न हुआ। इस दौरान 1192 कुल मतदाताओं में से 837 मतदाताओं ने राजकुमार, रामनिवास, श्रीनिवास एवं सतपाल प्रधान पद के प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान किया। यहां पर मतदान शाम 5 बजे तक 70.27 प्रतिशत हुआ। मतदान केंद्र पर चप्पे-चप्पे पर पुलिस एवं पीएसी का फोर्स तैनात रहा। मतदान केंद्र के अंदर पुलिसकर्मियों ने मतदान करने आए मतदाताओं की जामा तलाशी ली। मतदाताओं ने लाइन में खड़े होकर मतदान किया। मतदान सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक चला। सुरक्षा व्यवस्था की कमान थानाध्यक्ष स्वयं संभाले हुए थे। मतदान प्रक्रिया पर सेक्टर मजिस्ट्रेट संतोष कुमार कुशवाहा की पैनी नजर रही। वह पल पल के मतदान की रिपोर्ट लेते हुए दिखे। मतदान केंद्र के 100 मीटर की परिधि में किसी भी प्रधान पद के प्रत्याशी का बस्ता नहीं लगने दिया गया। मतदान सुबह 7 बजे से 9 बजे तक 18. 82 प्रतिशत, 9 बजे से 11 बजे तक 41.62 प्रतिशत, 11 से 1 बजे तक 60.27 प्रतिशत, 1 से शाम 3 बजे तक 72,19 प्रतिशत बूथ नंबर 261 पर रहा। इसी प्रकार बूथ नंबर 262 पर सुबह 7 बजे से 9 बजे तक 13. 72 प्रतिशत, 9 बजे से 11 बजे तक 33.49प्रतिशत, 11 से 1 बजे तक 51.79 प्रतिात, 1 से 3 बजे तक 64.26 प्रतिशत रहा। दोनों बूथों का कुल प्रतिशत 68.26 प्रतिशत रहा। शाम 5 बजे तक कुल मतदान 70.27 प्रतिशत रहा। यह जानकारी पीठासीन अधिकारी महेश चंद्र द्विवेदी एवं राजेश कुमार यादव ने दी।

# होली पर लोग बुराईयों का त्याग करें


रोहित कुमार, मिस्टर फर्रुखाबाद


मुस्कान, मिस फर्रुखाबाद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** होली हिन्दुओं का प्रमुख त्यौहार है जिसे हर साल धूमधाम से मनाया जाता है। इस दिन सभी लोग अपने रिश्तेदारों के घर जाकर एक दूसरे पर रंग लगाते हैं।

हर साल होली फाल्गुन (मार्च) के महीने में मनाई जाती है। होली के दिन सभी लोग अपने घरों में अलग-अलग पकवानों को बनाते हैं। हिरण्यकश्यप ने आदेश दिया कि होलिका प्रह्लाद को गोद में लेकर आग में बैठी। आग में बैठने पर होलिका तो जल गई, पर प्रह्लाद बच गया। ईश्वर भक्त प्रह्लाद की याद में इस दिन होली जलाई जाती है। मिस्टर फर्रुखाबाद रोहित कुमार ने बताया कि होली के रंग पहले टेसू या पलाश के फूलों से बनते थे और उन्हें गुलाल कहा जाता था। वो रंग त्वचा के लिए बहुत अच्छे होते थे क्योंकि उनमें कोई रसायन नहीं होता था, लेकिन समय के साथ रंगों की परिभाषा बदलती गई। आज के समय में लोग रंग के नाम पर कठोर रसायन का उपयोग करते हैं। इन खराब रंगों के चलते ही कई लोगों ने होली खेलना छोड़ दिया है। हमें इस पुराने त्यौहार को इसके सच्चे स्वरुप में ही मनाना चाहिए।

मिस फर्रुखाबाद मुस्कान ने होली पर बताया कि रंगों के त्यौहार के तौर पर मशहूर होली का त्योहार फाल्गुन माह में मनाया जाता है। तेज संगीत और ढोल के बीच एक दूसरे पर रंग और पानी फेंका जाता है।

भारत के अन्य त्यौहारों की तरह होली भी बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। होली का त्यौहार लोगों में उमंग लेकर आता है और इस दिन लोग खुशियां बांटते हैं। होली के त्योहार कारण सालों से जिन लोगों बातचीत नहीं होती है। वह भी इस त्यौहार में गले मिलते हैं मतलब यह जो त्योहार है, वहां मिलने मिलाने का है और खुशियां बांटने का है। लोग के बीच में जो भी मनमुटाव हो जाते है वहां इस त्यौहार में लोग भूल जाते है और एक साथ मिलकर नई शुरुआत करते है।

आज लोग रसायनों से बने कठोर रंगों का उपयोग करने लगे हैं। होली खेलने के लिए भी तेज रंगों का उपयोग किया जाता है, जो खराब हैं और यही कारण है कि बहुत से लोग इस त्योहार को मनाने से बचते हैं। हमें इस पुराने त्योहार का आनंद उत्सव की सच्ची भावना के साथ लेना चाहिए।







# ट्रैक्टर के पहिए में पैर फंसने से किसान की कुचलकर मौत

**आलू लादकर फर्रुखाबाद जा रहा था किसान, रास्ते में घटी घटना**


पोस्टमार्टम हाउस में मौजूद परिजन व मृतक का फाइल फोटो



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** ट्रैक्टर पर आलू लादकर जा रहे किसान का पैर पहिये में फंसने की उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार थाना शमशाबाद के ग्राम ललौर जुन्नार डैरेन निवासी 26 वर्षीय मिथुन पुत्र जवाहरलाल ट्रैक्टर पर आलू लादकर फर्रुखाबाद जा रहे थे। रास्ते में उनका पैर पहिए में फंस गया और मिथुन पहिए के नीचे गया। जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना स्थल पर लोगों की भीड़ लग गई। सूचना पुलिस को दी गई। मौत की सूचना पर पत्नी निशा, पुत्र निशांत, बहन रुबी, रोली, सपना, पारुल आदि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## आठ पुलिसकर्मियों को हाजिर कराने के लिए कोर्ट ने डीजीपी को लिखा पत्र



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अधिवक्ता के भाई के साथ मारपीट करने के मामले में क्यूआरटी में प्रभारी निरीक्षक व आठ अन्य पुलिस कर्मियों के खिलाफ धारा 342 के मुकदमे में न्यायालय के आदेश के बावजूद पेश न होने के चलते अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने आठों पुलिस कर्मियों को अदालत में पेश कराने के लिए पुलिस महानिदेशक को नोटिस भेजा है। भेजे गये नोटिस में कहा गया कि अधिवक्ता शहजाद अली के भाई से प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार से विवाद हो गया था। जिसके बाद उसे घर से पकड़वा लिया गया, उसका उत्पीड़न किया व मारपीट की। अधिवक्ता शहजाद से भी दुर्व्यहार किया गया। इस मामले में अधिवक्ता ने मुकदमा पंजीकृत कराया। जो अदालत में विचाराधीन है। कोतवाली फतेहगढ़ की पत्रावली में तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार, कां0 महाराज सिंह, विजेन्द्र सिंह, छविराम सिंह, राजवीर सिंह, नीरज कुमार, धनश्याम व विनोद कुमार आरोपी है। वर्तमान में विनोद कुमार कानपुर में एसओ महाराजगंज है। छविराम सिंह यूपी 112 कन्नौज में तैनात है। राजवीर सिंह जनपद हापुड़ में व अशोक कुमार मेरठ से सेवानिवृत्त हो चुके है। अपर न्यायिक मजिस्ट्रेट ने (डीजीपी) पुलिस महानिदेशक को पत्र भेजकर सभी पुलिस कर्मियों के वारंट तामीला कराकर अदालत में हाजिर कराने के निर्देश दिये।


## मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने प्रभारी निरीक्षक को किया तलब



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्रभारी निरीक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रवीण कुमार त्यागी ने 3 मार्च को केस डायरी सहित न्यायालय में पेश होने के आदेश दिये है। नगर के मोहल्ला हरभगत निवासी संदीप औदिच्य ने जमीन पर कब्जे के बारे में न्यायालय में नरेन्द्र कुमार बाथम, हृदेश कुमार बाथम पुत्रगण स्व0 विपिन बिहारी, रेनू बाथम पत्नी नरेन्द्र, वंदना पत्नी हृदेश, पवन व अमन पुत्रगण नरेन्द्र निवासी घोड़ा नखास व तीन अज्ञात लोगों के विरुद्ध न्यायालय में वाद दायर किया था। उस बारे में संदीप औदिच्य ने शीघ्र निपटारा कराने के लिए मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट को प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर न्यायालय ने विवेचना व अनविक्षण करने हेतु 20 फरवरी को सम्पूर्ण डायरी तलब की थी।

जिस पर उपनिरीक्षक विद्या सागर तिवारी द्वारा आख्या दी गई जांच जारी है, लेकिन डायरी नहीं प्रस्तुत की। इस तरीके से अदालत के आदेश का उल्लंघन किया गया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने प्रभारी निरीक्षक को नोटिस जारी करते हुए कहा कि केस डायरी के साथ 3 मार्च को उनके न्यायालय में उपस्थित हो।

## पत्नी की हत्या में पति को दो वर्ष का कारावास



**फर्रुखाबाद (सं.)।** गैर इरादतन हत्या के मामले संजीव शुक्ला पुत्र रामौतार निवासी शांतिनगर कोतवली सदर को अपर जिला जज ईसी एक्ट न्यायधीश राकेश कुमार सिंह ने 2 वर्ष का करवास व 20 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया। विगत 7 वर्ष पूर्व थाना राजेपुर के ग्राम दुर्गादीन निवासी रामौतार ने दी गयीं तहरीर में दर्शाया था कि पुत्री की शादी 8 वर्ष पूर्व संजीव शुक्ला के साथ की थी। दामाद दिल्ली में प्राइवेट नौकरी करता था। 12 अप्रैल 2016 को सुबह फोन आया कि मेरी पुत्री सुखदेवी उर्फ सुनीता की तबियत खराब है मैने जाकर अपनी पुत्री से पूंछा तो उसने बताया कि मुझे संजीव ने लाठी डंडों से मारपीटा है। थाना राजेपुर में तहरीर दी। पुलिस ने 323, 504 में मामला दर्ज कर लिया था। इलाज के दौरान पुत्री की मौत हो गई। पुलिस ने न्यायालय में धारा 304 में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता हरनाथ सिंह, अखिलेश कुमार राजपूत, श्रवण कुमार की पैरवी के आधार पर अपर जिला जज राकेश कुमार सिंह ने संजीव मिश्रा को 2 वर्ष का कारवास व 20 हजार रुपये के जुर्माने से दण्डित किया है।

## बहन को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में भाई को तीन साल की सजा, 20 हजार जुर्माना

**फर्रुखाबाद (सं.)।** आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में अपर जिला जज विशेष एससी एसटी के न्यायाधीश महेंद्र सिंह ने बहन को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में भाई को दोषी करार देते हुए तीन साल का करवास व बीस हजार रुपये के जुर्माना से दण्डित किया। मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण की पुत्री 25 जुलाई 2014 को शाम पांच बजे गांव में लगे हैंडपंप पर बाल्टी लेकर पानी भरने गई। वह लौटकर घर नहीं आई। पिता खोजते हुए एक ग्रामीण के घर पहुंच गया। वहां पुत्री और किशोर मिला। पुत्री को लेकर घर आया तो वह लड़खड़ाती हुई आई। घर पर भाई ने बहन को उराहना दिया। भाई के उराहना देने पर किशोरी ने जहर खा लिया। परिजन अस्पताल लेकर गए। वहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पिता ने किशोर के खिलाफ छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने विवेचना में किशोरी के भाई विक्रांत को आत्महत्या के लिए बहन को उकसाने का आरोपी बना दिया। किशोर और भाई विक्रांत के खिलाफ कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया। किशोर की पत्रावली किशोर न्याय बोर्ड भेज दी गई। बहन को आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा विशेष अदालत एससीएसटी कोर्ट में चला। सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता अशोक कुमार कटियार, अनुज प्रताप सिंह की कुशल पैरवी के आधार पर अपर जिला जज विशेष एससी/एसटी न्यायाधीश महेंद्र सिंह ने बहन को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में भाई विक्रांत को दोषी करार देते हुए 3 वर्ष का कारवास व 20 हजार रुपये के जुर्माने से दण्डित किया गया है।

## रेलवे की संपत्ति चोरी में तीन युवकों को सजा

**फर्रुखाबाद (सं.)।** अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने रेलवे संपत्ति बरामदगी के मुकदमे में तीन लोगों पर 2500-2500 रुपये के जुर्माने से दंडित किया हैं। कन्नौज रेलवे स्टेशन पर जीआरपी चौकी इंचार्ज ने वर्ष 2017 में कानपुर नगर के थाना शिवराजपुर के गांव मुडेरी निवासी शिवमोहन सिंह उर्फ भोला ठाकुर, बिल्हौर थाना क्षेत्र के गांव उत्तरीपुरवा निवासी अजीत व शांतिनगर उत्तरीपुरवा निवासी शनि को गिरफ्तार किया था। उनके पास से तीन सोलर प्लेट, पेचकस, रिंच व अन्य औजार बरामद किए थे। इनके खिलाफ कोर्ट में मुकदमा चल रहा है। तीनों आरोपियों ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर जुर्म स्वीकार कर लिया। रेलवे मजिस्ट्रेट ने जुर्माने और जेल में पूर्व में बिताई गई अवधि की सजा से दंडित किया है। जुर्माना अदा न करने पर दस दिन की अतिरिक्त सजा भुगतने का आदेश दिया है। वहीं एक अन्य रेलवे स्टेशन पर चोरी का प्रयास करने के मुकदमे में कन्नौज जिला व थाना क्षेत्र के मोहल्ला गदनपुर बड्डु मकरंदनगर निवासी अर्जुन उर्फ राणा को छह माह चार दिन की सजा से दंडित किया है।

## मांगों को लेकर सफाई कर्मचारियों ने दिया ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश मजदूर संघ ने जिलाधिकारी को सम्बोधित मांग पत्र में अपनी मांगे उठाते हुए उनका समाधान किये जाने पर बल दिया। दिये गये ज्ञापन में सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों का भुगतान न किये जाने, नगर पालिका परिषद कायमगंज में आवश्यक 28 सफाई कर्मियों की नियुक्तियां दिये जाने, सफाई कर्मचारियों की पेंशन राशि के भुगतान किये जाने, कर्मचारियों के पिछले दो माह का बकाय वेतन भुगतान तुरन्त कराये जाने, वैकलाक सफाई कर्मियों को मूल पद पर नियुक्त करने, सफाई कर्मचारियों की पदोन्नति आदि मांगे शामिल कीं। कहा गया कि यदि समस्याओं का समाधान न हुआ तो संगठन आंदोलन व हड़ताल करने के लिए बाध्य होगा। ज्ञापन देने वालों में प्रांतीय उपाध्यक्ष नीरज कुमार बाल्मीकि, विमल कुमार सहित सफाई कर्मी नेता शामिल रहे।

## छापेमारी में चार कुंतल सरसों का तेल व 132 किलो सोहन पपड़ी सीज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मिलावटखोरों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने एसडीएम सदर व खाद्य सुरक्षा सहायक आयुक्त सय्यद शाहनवाज हैदर आबिदी के निर्देशन में खाद्य सुरक्षाधिकारी आशुतोष राय ने पुलिस बल के साथ छापेमारी की। इस दौरान लगभग 4 कुंटल सरसों का तेल व 132 किलो सोहन पपड़ी को सीज कर दिया तथा 5 नमूने भरकर जांच के लिए भिजवा दिये। जांच दल ने मोहम्मदाबाद के शास्त्री नगर से अतुल कुमार वर्मा की दुकान से सरसों के तेल के दो नमूने भरे और 398 लीटर सरसों का तेल सीज कर दिया। अवंतीबाई नगर स्थित पवन कुमार गुप्ता की दुकान से सोहन पपड़ी का एक नमूना जांच के लिए संग्रह किया व 132 किलो सोहन पपड़ी को सीज किया। शैलेन्द्र दुबे की पखना स्थित दुकान से एक नमूना भरा गया। वहीं उनपालपुर स्थित आदर्श की दुकान से सरसों का तेल का नमूना भरा। जांच टीम में विजेन्द्र कुमार, अरुण कुमार, आशीष कुमार वर्मा आदि शामिल रहे।

## बेसिक शिक्षाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय नवाबगंज का किया निरीक्षण

**सब कुछ ठीकठाक मिलने पर शिक्षकों के कार्यों की सराहना की**


विद्यालय का निरीक्षण करते बीएसए

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** बेसिक शिक्षा अधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय नवाबगंज का निरीक्षण किया। बच्चों के अंग्रेजी में अभिवादन करने से बेसिक शिक्षा अधिकारी खुश हुए तथा अध्यापकों के कार्यों की सराहना की।

नवाबगंज विकासखंड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय नवाबगंज में गुरुवार को बेसिक शिक्षा अधिकारी लालजी यादव, खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा के साथ अचानक विद्यालय में पहुंच गए। जैसे ही बेसिक शिक्षा अधिकारी विद्यालय में पहुंचे, पहले तो विद्यालय में एकदम गहमागहमी का माहौल देखा गया लेकिन जब बेसिक शिक्षा अधिकारी कक्षा में गए तो वहां बच्चों ने उनका अंग्रेजी में अभिवादन किया। यह देख बेसिक शिक्षा अधिकारी काफी खुश दिखे। वहीं खंड शिक्षा अधिकारी भी अध्यापकों की सराहना करते रहे। कार्यालय में पहुंचकर उपस्थिति रजिस्टर मांगा।

उपस्थित में सभी अध्यापक मौके पर मौजूद मिले और अपने-अपने कक्षा में बच्चों की पढ़ाई कर रहे थे। वहीं बच्चों की संख्या भी काफी अच्छी देखी गई। विद्यालय का रखरखाव विद्यालय के ऑफिस का मेंटेन देखकर दोनों अधिकारी एकदम गदगद हो गए। इस मौके पर बेसिक शिक्षा अधिकारी लालजी यादव, खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा, प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजीव रंजन, सहायक अध्यापक प्रशांत कटियार, सहायक अध्यापक प्रज्ञानंद शाक्य, महिला टीचर वसीम अख्तर, उर्मिला देवी सहित सभी अध्यापक मौके पर मौजूद रहे ।

## उपचुनावः प्रत्याशियों का भाग्य मतपेटियों में कैद


वोट डालने के बाद जानकारी देते मतदाता

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** ग्राम प्रधान की आकस्मिक मृत्यु के बाद खाली हुई सीट पर हुए उप चुनाव में तीन प्रत्याशियों का भाग्य मतपेटियों में कैद हो गया। तीन बूथों पर 1384 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। विकास खंड क्षेत्र कायमगंज की ग्राम पंचायत कादरदादपुर सराय के ग्राम प्रधान कश्मीर सिंह का दो माह पूर्व आकस्मिक हृदयाघात आने से निधन हो गया था। यहां चुनाव प्रक्रिया शुरू होने पर प्रधान पुत्र नीलेश कुमार, पूर्व प्रधान जोगराज सिंह व एक अन्य ध्रुव सिंह ने नामांकन किया था। जिसके तहत गुरुवार को 1997 मतदाताओं की ग्राम पंचायत में तीन बूथों 115, 116 व 117 पर मतदान कराया गया। जिन पर क्रमशः 438, 414 व 532 मत पड़े। इस प्रकार कुल मिलाकर 69.4 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। अब मतगणना 4 मार्च को होगी।

## दस लीटर कच्ची शराब सहित युवक गिरफ्तार

**कमालगंज (सं.)।** थाना क्षेत्र के गांव टड़ौआ निवासी संतोष कुमार पुत्र रामसनेही को दरोगा आनंद शर्मा ने रेलवे क्रॉसिंग पाहला के पास से 10 लीटर अवैध कच्ची शराब सहित गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

## खबरें चलते-चलते

### न्यायालय के आदेश पर दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज

**कमालगंज (सं.)।** सामूहिक दुष्कर्म के मामले में अदालत के आदेश पर पुलिस ने दो लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम भूलनपुर निवासी पीड़िता ने न्यायालय में दायर की याचिका में दर्शाया कि 23 जनवरी को गांव से 1 किमी दूर दक्षिण में बने मकान से जानवरों के लिए भूसा लेने गयी थी, तभी गांव के मोहन पुत्र श्यामाचरण व वीरेंद्र पुत्र रामसेवक ने पीड़िता को अकेला पाकर पकड़ लिया और दोनों ने बारी-बारी से सामूहिक दुष्कर्म किया। पीड़िता ने घटना के संबंध में पुलिस को तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की। तब जाकर पीड़िता ने न्यायालय की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध धारा 323,506, 376डी के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी।

### शांतिभंग में तीन का चालान

**कमालगंज (सं.)।** पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से तीन लोगों को गिरफ्तार कर शांतिभंग में चालान कर दिया। जानकारी के अनुसार कमालगंज पुलिस ने कुलदीप पुत्र रामरतन, जितेन्द्र पुत्र रामरतन निवासी ग्राम रामपुर मांझगांव, राजू पुत्र रामेश्वर निवासी कनकौली को झगड़ा फसाद करने के आरोप में पहुंचकर गिरफ्तार कर शांतिभंग में चालान कर दिया।

### टेंपो की टक्कर से बाइक सवार घायल



**नवाबगंज (सं.)।** टेंपो टक्कर से बाइक सवार गंभीर रुप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आसपास के लोगों की मदद से उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से हालत बिगड़ने पर चिकित्सक ने लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।जानकारी के अनुसार गांव नगला जाटवन निवासी 20 वर्षीय दीपक पुत्र शिशुपाल जो कि रिश्तेदारी में जा रहा था। जैसे ही करणपुर के पास पहुंचने पर सामने से आ रहे टेंपो ने टक्कर मार दी। जिससे दीपक गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने इसकी सूचना डायल 112 पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए सीएचसी नवाबगंज में भर्ती करवाया। हालत गंभीर होने पर डाक्टर ने डॉ0 राम मनोहर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### 15 हजार का गैंगेस्टर इनामी गिरफ्तार



**फर्रुखाबाद (सं.)।** पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर 15 हजार के इनामी गैंगस्टर को निकट जनपदीय कासगंज के थाना पटियाली के गांव सलेमपुर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में चलाये जा रहे इनामी बदमाशों के धरपकड़ अभियान के चलते एसओजी, सर्विलांस टीम, कम्पिल पुलिस को मुखबिर ने सूचना दी। गैंगस्टर गंगा सिंह पुत्र लटूरी सिंह सलेमपुर में मौजूद है। जिस पर पुलिस दल ने घेराबंदी करके सलेमपुर में छापेमारी की और गंगा सिंह को गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ कई मुकदमे पंजीकृत है और उसके ऊपर 15 हजार का इनाम घोषित है। गिरफ्तार करने वालों में एसओजी प्रभारी अशोक कुमार, सर्विलांस टीम प्रभारी जगदीश भाटी व थाना कम्पिल प्रभारी आरके सिंह अपनी टीम के साथ मौजूद रहे।

## होली के त्यौहार को लेकर डीएम ली बैठक, दिये दिशा निर्देश

**युवा नशा करके घर से बाहर न निकलें, सड़क पर तेज बाइक न चलायें**


शांति कमेटी की बैठक लेते जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में होली एवं आगामी त्यौहार के दृष्टिगत शान्ति कमेटी की बैठक संपन्न हुई। विगत वर्ष होली के दिन गंगा में दो बच्चे डूब गए थे। इसलिए गंगा घाट पर पुलिस बल तैनात किया जाए। ऑटो चालक बहुत तेज साउंड चलाते है उस पर अंकुश लगाया जाए। पेयजल, विद्युत, सफाई व्यवस्था अच्छी रखने के निर्देश दिये। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आगामी त्योहारों पर कहीं पर भी किसी तरह का हुड़दंग ना हो। सभी होलिका स्थल का भ्रमण कर कार्यवाही पूर्ण कर ली गई है। अपराधी किस्म के व्यक्तियों को चिन्हित कर कार्यवाही की जा रही है। सभी से अपील की कि किसी को जबरन रंग ना लगाए। प्रेम और सौहार्द पूर्ण होली का त्यौहार मनाए। रात्रि में 10 बजे के बाद डीजे नहीं बजेगा। सीमित ध्वनि पर बजे यह सुनिश्चित किया जाये। त्यौहार पर पर्याप्त मात्रा में फोर्स लगाया गया है। शराब/नशे के कारण घटनाएं ना हो इसलिए 08 तारीख तक लगातार चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। आगामी त्योहारों पर परंपरा से हटकर कोई कार्य ना किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि त्यौहार पर नशे का सेवन कर घर से बाहर ना निकले। शांतिपूर्ण तरीके से होली का त्यौहार मनाएं। शहरों के किनारे गंदगी ना दिखे यह सुनिश्चित किया जाए। टोलियों में तेज गति से युवा सड़कों पर गाड़ी न दौड़ायें।

जिलाधिकारी ने अपील करते हुए कहा कि आगामी त्यौहार को प्रेम पूर्वक आपसी सामंजस्य से मनाकर जनपद की गंगा जमुनी तहजीब को बरकरार रखे। सभी एसडीएम अपने क्षेत्रों मे एक साथ भ्रमण करें। बैठक में एडीएम, अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त एसडीएम व समस्त क्षेत्राधिकारी पुलिस एवं संबंधित अधिकारी सभी संप्रदाय के धर्मगुरु एवं संभ्रांत नागरिक मौजूद रहे।

## दो राज्यों में जीत पर भाजपाइयों ने मनाया जश्न

**भारतीय जनता पार्टी की जीत विकास और सुशासन की जीत है: रुपेश गुप्ता**


लाल दरवाजा पर जीत का जश्न मनाते भाजपाई

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बृहस्पतिवार को पूर्वोत्तर राज्यों त्रिपुरा और नगालैंड में हुए विधानसभा चुनावों में दोनों राज्यों में भाजपा सरकार बनने के उपलक्ष में भाजपा जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता व सत्यपाल सिंह एवं डॉ भूदेव सिंह राजपूत के नेतृत्व में लाल सराय स्थित फौव्वारा पर एकत्रित हुए भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी एवं मिठाई वितरण कर खुशी मनायी गयी। उत्साह कार्यकर्ताओं ने नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, अमित शाह जिंदाबाद के नारे लगाए।

भाजपा जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने बताया पूर्वोत्तर में भाजपा की जीत विकास और सुशासन की जीत है। भाजपा सरकार ने सरकारी योजनाओं के माध्यम से हर गरीब को योजनाओं का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित किया। लगातार भारतीय जनता पार्टी की जीत यह संकेत दे रही है कि एक लंबे समय तक भारतीय जनता पार्टी का शासन रहेगा। पूर्वोत्तर के राज्यों में कम्युनिस्ट और कांग्रेस का सफाया हो गया। अब कार्यकर्ता लोकसभा चुनावों में हैट्रिक लगाने की तैयारी करेंगे।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष अश्नील दिवाकर, संजीव गुप्ता, शिवांग रस्तोगी, प्रबल त्रिपाठी, रामवीर सिंह चौहान, विकास पांडे, शिवम दुबे, चित्रा अग्निहोत्री, अजीत पांडे, सिद्धांत सिंह, रवि वाजपेई, अमित शुक्ला, अंकित तिवारी, धर्मेंद्र राजपूत, अभय प्रताप सिंह, अतुल प्रताप सिंह, पियूष त्रिपाठी, संजीव गुप्ता, शिवम मिश्रा, सत्यम वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

## ट्रैक्टर चालक पर मार्ग दुर्घटना का मुकदमा दर्ज

**कमालगंज (सं.)।** थाना पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध मार्ग दुर्घटना का मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव कुंडपुरा निवासी राम सदन पुत्र कविनाथ ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि 1 मार्च शाम 6:30 बजे के लगभग वह अपने पुत्र सनोज के साथ मधवापुर गया था। जहां से साइकिल द्वारा गांव कुण्डपुरा जा रहा था। जैसे बहवलपुर के गांव की मोड़ पर पहुंचा, तभी कुंडपुरा की तरफ से आ रहे ट्रैक्टर चालक ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे मेरा पुत्र सड़क पर गिर गया और ट्राली का पहिया उसके सिर के ऊपर से निकल गया। जिससे मेरे पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर धारा 279, 304ए आई.पी.सी. के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है।